रजिस्ट्री सं. डीएल—(एन) 04/0007/2003--22 REGISTERED No. DL—(N) 04/0007/2003—22

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-10092022-238711
CG-DL-W-10092022-238711

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 37] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 10—सितम्बर 16, 2022 (भाद्रपद 19, 1944)
No. 37] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 10—SEPTEMBER 16, 2022 (BHADRA 19, 1944)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	771
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	739
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	2833
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	7419
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	325
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	2441
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	771
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	739
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	2833
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	7419
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	325
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	2441
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

———————

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 2022

सं. 226-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	रामेश्वर देशमुख	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	सन्नू हेमला	सहायक सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	निरंजन तिग्गा	सहायक सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

ग्राम चिन्ना बोरकेल, कोमटपल्ली और भट्टीगुडा, जिला-बीजापुर के इलाके में 40-50 सशस्त्र माओवादियों के मौजूद होने की पुख्ता सूचना मिलने पर, एसटीएफ और कोबरा 204 के साथ डीआरजी की 04 टीमों को मिलाकर एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई और इसे बीजापुर जिले के विभिन्न शिविरों से लॉन्च किया गया।

तदनुसार, दिनांक 03.01.2017 को लगभग 04:30 बजे, सैन्य दस्ते ऑपरेशन के लिए बसागुडा और तारेम के रास्ते बेस कैंप से रवाना हो गए और लगभग 16:10 बजे पेड्डागेलुर के जंगल क्षेत्र में पहुंच गए। अचानक, सशस्त्र माओवादियों ने सैनिकों की हत्या करने और उनके हथियार लूटने के इरादे से स्वचालित और अर्ध स्वचालित हथियारों से उन पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी। सैन्य दस्तों के कमांडर ने अपनी सैन्य दस्तों को जंगल में उपलब्ध कवर के साथ पोजीशन लेने का निर्देश दिया। बाद में उन्होंने माओवादी कैडरों, जो अभी भी सैनिकों पर गोलियां चला रहे थे, को अपनी पहचान बताई और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। पुलिस अधिकारी की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए नक्सलियों ने पुलिस कर्मिकों पर हमला करने की अपनी पूर्व निर्धारित योजना को अंजाम देना जारी रखा। सशस्त्र माओवादी कैडरों ने स्वचालित और अर्ध स्वचालित हथियारों से सुरक्षा कर्मिकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। प्रतिबंधित सशस्त्र माओवादी कैडरों का इरादा सुरक्षाकर्मियों को नुकसान पहुंचाना और उनके हथियार लूटना था। एक-दूसरे पर इस गोलीबारी में डीआरजी के एक हेड कांस्टेबल/71 सोमारू हर्निया घायल हो गया। निरीक्षक रामेश्वर देशमुख और उनके साथियों द्वारा समय रहते दिखाई गई बहादुरी और सौहार्द ने घायल जवान को समय पर निकालकर बेस कैंप तक पहुँचाना सुनिश्चित किया, जबकि सैन्य दस्तों ने दृढ़ निश्चय के साथ ऑपरेशन को जारी रखा।

दिनांक 04.01.2017 को जब दल ऑपरेशन के लिए भट्टीगुडा गांव के जंगल क्षेत्र में जा रहे थे, पुलिस पार्टी 04 दलों में बंट गई। लगभग 16:00 बजे, घात लगाकर छिपे हुए लगभग 70-80 सशस्त्र माओवादियों ने दल सं. 02 पर भारी गोलीबारी की और एचई ग्रेनेड फेंके। चूंकि दल सं. 02 में कर्मियों की संख्या कम थी, इसलिए पार्टी कमांडर ने ऑपरेशन कमांडर से सहायता मांगी। तुरंत ही, दल सं. 01 के कमांडर निरीक्षक रामेश्वर देशमुख और अन्य कमांडरों ने दल सं. 02 को मदद देने के लिए माओवादियों पर जवाबी हमला कर दिया। दल सं. 01 के कमांडर निरीक्षक रामेश्वर देशमुख को दाहिनी ओर से कट ऑफ डालने के लिए कहा गया और दल 03 एवं 04 ने बाईं ओर से कट ऑफ डाला। छोटा दल होने के कारण पूरी तरह से नक्सलियों की भारी गोलाबारी में आने के खतरे को भांपते हुए, निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, सहायक सिपाही/1243 सन्नू हेमला, सहायक सिपाही/1417 निरंजन तिग्गा और अन्य जवान साहसपूर्वक आगे बढ़े और उन्होंने नक्सलियों पर भारी गोलीबारी कर दी। निरीक्षक रामेश्वर देशमुख की साहसी और वीरतापूर्ण कार्रवाई से प्रेरित होकर, ऑपरेशन में शामिल सैन्य दस्तों ने भी गोलीबारी शुरू कर दी और वे आगे बढ़ गए। पुलिस दल की भीषण गोलीबारी और साहसिक तरीके से आगे बढ़ने से चकित होकर नक्सली पीछे हटने को मजबूर हो गए

और उन्होंने भागने का प्रयास किया। सैन्य दस्तों ने नक्सलियों का पीछा किया, लेकिन वे जंगल और पहाड़ी इलाकों का कवर लेकर भागने में सफल रहे। जब एक-दूसरे पर गोलीबारी बंद हो गई, तो घटना स्थल की अच्छी तरह से तलाशी ली गई, जिसमें एक नक्सली का शव तथा उसके साथ एक इंसास एलएमजी और मैगज़ीन, 16 लाइव राउंड, 02 हैंड ग्रेनेड, रकसैक, डेटोनेटर, गन पाउडर, कैमरा फ्लैश, इलेक्ट्रिक वायर, सोलर प्लेट, दवाएं, साहित्य आदि बरामद किए गए।

डीईएफ बीजापुर के निरीक्षक रामेश्वर देशमुख ने अत्यंत साहस और बहादुरी का परिचय दिया तथा उन्होंने न केवल नक्सलियों की ओर से हो रही गोलियों की बौछार का जवाब दिया, बल्कि अपने जवानों को अपनी जान की परवाह किए बिना, भीषण तरीके से जवाबी कार्रवाई करने और नक्सलियों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप वे सशस्त्र खूंखार नक्सलियों द्वारा लगाई गई घात का सफलतापूर्वक मुकाबला करने में सक्षम रहे। निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, सहायक सिपाही/1243 सन्नू हेमला, सहायक सिपाही/1417 निरंजन तिग्गा द्वारा प्रदर्शित की गई वीरता असाधारण है और यह उनकी अत्यंत सूझ-बूझ, शानदार ऑपरेशनल समझ, असाधारण साहस, पराक्रम और अदम्य वीरता की भावना को दर्शाता है। इस ऑपरेशन में निरीक्षक देशमुख ने सामने से सैनिकों का नेतृत्व किया, ऑपरेशन के दौरान उन्हें प्रेरित किया और अपने साथियों की जान भी बचाई। अपनी उत्कृष्ट ऑपरेशनल योग्यता के चलते, उन्होंने नक्सलियों के अम्बुश के खिलाफ कार्रवाई में सफलता हासिल करने, जो कि ऐसी परिस्थितियों और दुर्गम इलाके के मद्देनजर अत्यंत मुश्किल थी, में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इस प्रकार उन्होंने नक्सली हमले को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ पुलिस के सर्व/श्री रामेश्वर देशमुख, निरीक्षक, सन्नू हेमला, सहायक सिपाही और निरंजन तिग्गा, सहायक सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04/01/2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/15/2020-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 227-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	कमलोचन कश्यप, आईपीएस	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	सुरेश लकड़ा	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	जितेंद्र कुमार साहू	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	अजय कुमार सिन्हा	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
5	शील आदित्य सिंह	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
6	संजय पोटाम	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
7	जयविरेश यादव	प्लाटून कमांडर	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बीजापुर जिले के बैलाडिला के डिपॉजिट संख्या 10 और ग्राम तिमेनार के बीच जंगलों में गणेश उइके (सचिव, दक्षिण उपक्षेत्र बस्तर) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में माओवादियों के मौजूद होने के बारे में एक पुख्ता खुफिया जानकारी मिली थी। यह भाकपा (माओवादी) की दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति की पश्चिम बस्तर डिवीजन का एक कोर क्षेत्र था। दुर्गम भू-भाग, शत्रुतापूर्ण आबादी और माओवादियों की अधिक संख्या में मौजूदगी के कारण इस क्षेत्र में बहुत कम नक्सली ऑपरेशन हुए हैं। तुरंत एक ऑपरेशन की योजना तैयार की गई तथा पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा, श्री कमलोचन कश्यप और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गोरखनाथ बघेल द्वारा विशेष बलों [जिला रिजर्व ग्रुप (डीआरजी) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ)] को विस्तृत जानकारी दी गई।

निरीक्षक संग्राम सिंह की कमान में कुल 39 सैनिकों की टीम सं. 01, निरीक्षक जितेंद्र साहू की कमान में कुल 44 सैनिकों की टीम सं. 02, निरीक्षक गोविंद यादव की कमान में कुल 48 सैनिकों की टीम सं. 03, निरीक्षक शील आदित्य सिंह की कमान में कुल 35 सैनिकों की

टीम सं. 04, निरीक्षक विन्टन साहू और निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कुल 35 सैनिकों की टीम सं. 05, प्लाटून कमांडर जयविरेश यादव की कमान में कुल 30 सैनिकों की एसटीएफ ब्रावो 09 पलनार टीम, प्लाटून कमांडर दिनेश बाहेकर की कमान में कुल 45 सैनिकों की एसटीएफ ब्रावो 22 बारसूर टीम अर्थात कुल मिलाकर 277 सैनिकों को दोपहर 3:00 बजे रिजर्व लाइन दंतेवाड़ा से रवाना किया गया।

बस से डिपाजिट सं. 10, बचेली पहुंचने के बाद, सैनिक दो फ्लैंक में बंट गए, बायां फ्लैंक जिसमें डीआरजी सं. 01, 03 और एसटीएफ 22 थे, बाईं ओर से आगे बढ़े, जबकि दाहिनी फ्लैंक में डीआरजी-02, 04, 05 और एसटीएफ-09 शामिल थे। सैनिकों ने रात में तिमनार के पास एक रणनीतिक स्थान पर एलयूपी लिया। अगली सुबह प्रात: लगभग 5:00 बजे, उप निरीक्षक संजय पोटाम ने डीआरजी-2 के साथ लगभग 300 मीटर की एडवांस रेकी की और टेंटों में शिविर लगाए हुए माओवादियों की उपस्थिति का पता लगा लिया। रेकी टीम वापस आई और उसने अपनी पुलिस टीमों (डीआरजी 02, 04, 05 और एसटीएफ 09) और बाईं फ्लैंक की टीमों (डीआरजी 1, 03, और एसटीएफ 22) को भी माओवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचित किया। दाहिनी फ्लैंक के पुलिस दलों ने खुद को दो समूहों में बांट लिया और माओवादियों के शिविरों को घेरना शुरू कर दिया। माओवादियों ने पुलिस दलों को आते देख लिया और उन्होंने पुलिस दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दलों ने भी पोजीशन ले ली और आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। माओवादियों को घेरने में उप निरीक्षक संजय पोटाम, डीआरजी-2, निरीक्षक जितेंद्र साहू (डीआरजी-2), निरीक्षक शील आदित्य सिंह डीआरजी-4, निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा (डीआरजी-5) और प्लाटून कमांडर जयविरेश यादव एसटीएफ-9 की अहम भूमिका थी। उन्होंने बहादुरी से सैनिकों की अगुवाई की और सामने से सैनिकों का नेतृत्व किया। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर लड़ाई लड़ी। युद्ध के मैदान में उनके नेतृत्व के चलते ही नक्सलियों को घने जंगलों, पहाड़ियों और जलधारा का कवर लेकर घटनास्थल से भागना पड़ा। भागते हुए माओवादी दाहिनी तरफ (डीआरजी-01, 03 और एसटीएफ-22) पुलिस दलों की ओर भागे और पुलिस दलों को देखते ही माओवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। दाईं फ्लैंक के पुलिस दलों ने भी जवाबी गोलीबारी की। 01 घंटे की भारी गोलीबारी के बाद इलाकों की तलाशी ली गई। बायें पुलिस फ्लैंक के साथ गोलीबारी वाले स्थल पर पुलिस दलों ने 06 महिला नक्सलियों और 02 पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किए, जिनका ब्यौरा इस प्रकार है:— (1) चंद्रू, सेक्शन कमांडर, प्लाटून सं. 13, निवासी-ग्राम कोटर, पुलिस स्टेशन- गंगालुर, जिला- बीजापुर, (2) सुगना, सेक्शन कमांडर, प्लाटून सं. 13 और पीपीसी सदस्य, निवासी- ग्राम सगमेटा, पुलिस स्टेशन- फरसेगढ़, जिला- बीजापुर, (3) मंगली, भैरमगढ़ क्षेत्र समिति का आपूर्ति कमांडर और प्लाटून सं. 13 का क्षेत्र समिति सदस्य, निवासी ग्राम- कोरमा, पुलिस स्टेशन- गंगालूर, जिला- बीजापुर, (4) भीमे, प्लाटून सं. 13 का सदस्य, निवासी- मर्दूम, पुलिस स्टेशन- मिर्तूर, बीजापुर, (5) कुमारी पुत्री आयतु हर्निया, प्लाटून सं. 13, निवासी ग्राम- फुलादी, पुलिस स्टेशन- मिर्तूर, जिला- बीजापुर, (6) जानकू, निवासी- गद्दी हपका, मतवारा जनमिलिशिया कमांडर, निवासी- फुलगट्टा, पुलिस स्टेशन- मिर्तूर, जिला- बीजापुर, (7) हडमे, सदस्य भैरमगढ़ सीएनएम, निवासी- मनकेली गोर्ना, पुलिस स्टेशन- जे गंगालूर, बीजापुर और (8) जैनी पुत्री लाखो, भैरमगढ़ क्षेत्र समिति की सदस्या और अध्यक्ष केएएमएस, निवासी- केशकुतुल, पुलिस स्टेशन- भैरमगढ़, बीजापुर। इन आठ खूंखार माओवादियों को मार गिराने और हथियार बरामद करने में उप निरीक्षक संजय पोटाम उर्फ बदरू (डीआरजी ग्रुप-2), निरीक्षक जितेंद्र साहू (डीआरजी ग्रुप-2), निरीक्षक शील आदित्य सिंह (डीआरजी ग्रुप-4), निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा (डीआरजी ग्रुप-5) और प्लाटून कमांडर जयविरेश यादव (एसटीएफ ब्रावो-09) की प्रमुख भूमिका थी।

ऑपरेशन की आयोजना, समन्वय और उसके क्रियान्वयन में पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा की भूमिका अद्वितीय थी। उन्होंने पुलिस बलों की गंगालूर पुलिस स्टेशन और आगे दंतेवाड़ा में वापसी कराने की व्यक्तिगत रूप से योजना बनाई। उन्होंने सैनिकों के साथ टेलीफोन और सैटेलाइट के माध्यम से संपर्क बनाए रखा तथा रियल टाईम आधार पर खुफिया जानकारी को साझा किया। चूंकि सैनिकों के लिए डी-इंडक्शन और रिट्रीट करना सबसे जोखिम भरा होता है, इसलिए वे अतिरिक्त बल के साथ गंगालूर पुलिस स्टेशन पहुंच गए। पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) श्री सुरेश लकड़ा ने डीआरजी सैनिकों और एसटीएफ का नेतृत्व किया। युद्ध क्षेत्र में उनके नेतृत्व के कारण ही अद्वितीय सफलता संभव हुई। उन्होंने अपने सैनिकों को शानदार ढंग से व्यवस्थित किया और जिले के साथ समन्वय बनाए रखा।

गंगालूर - मिर्तूर - किरंदुल पुलिस स्टेशन क्षेत्र में नक्सलियों की यह हताहत होने की अब तक की एक सबसे बड़ी घटना थी। नक्सलियों को उनके महत्वपूर्ण कैडरों का बड़ा नुकसान हुआ और उनके गुणवत्ता वाले हथियार (दो इंसास राइफल और दो 303 राइफल हथियार) बरामद किए गए थे। इस ऑपरेशन से पुलिस को नक्सल कोर क्षेत्र में घुसने और वहां पुलिस प्रभुत्व स्थापित करने में मदद मिली है।

इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ पुलिस के सर्व/श्री कमलोचन कश्यप, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, सुरेश लकड़ा, पुलिस उपाधीक्षक, जितेंद्र कुमार साहू, निरीक्षक, अजय कुमार सिन्हा, निरीक्षक, शील आदित्य सिंह, निरीक्षक, संजय पोटाम, उप निरीक्षक और जयविरेश यादव, प्लाटून कमांडर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19/07/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/42/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 228-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, दिल्ली के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का नौवां बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	संजीव कुमार यादव, आईपीएस	पुलिस उपायुक्त	वीरता के लिए पुलिस पदक का नौवां बार
2	जसबीर सिंह	सहायक पुलिस आयुक्त	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	रवि तुषीर	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री संजीव कुमार यादव, पुलिस उपायुक्त/विशेष सेल की देख-रेख और श्री जसबीर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त/एनआर के नेतृत्व में एक विशेष सेल टीम एक आतंकवादी संगठन बीकेआई (बब्बर खालसा इंटरनेशनल) के नापाक मॉड्यूल का भांडाफोड करने के लिए अथक प्रयास कर रही थी। श्री संजीव कुमार यादव द्वारा इस प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के सदस्यों और उनकी गतिविधियों के बारे में भारी इनपुट एवं जानकारी एकत्र की गई थी तथा साथ ही उनकी आवाजाही को रेखांकित किया गया। दिनांक 05.09.2020 को श्री संजीव कुमार यादव, पुलिस उपायुक्त/विशेष सेल के माध्यम से बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकवादी संगठन के दो सदस्यों नामत: भूपिंदर उर्फ दिलावर सिंह और कुलवंत सिंह की गतिविधियों के संबंध में एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, कि वे उत्तर भारत में एक आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं और साजिश को अंजाम देने के लिए भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद प्राप्त करने के लिए दिल्ली आए हुए हैं। इस इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, दिल्ली के बुराड़ी से मजलिस पार्क रोड पर अंडरपास के पास एक जाल बिछाया गया और एक-दूसरे पर भीषण गोलीबारी के बाद टीम के सदस्यों द्वारा इन आरोपियों पर काबू पा लिया गया, जिसके दौरान एक गोली सहायक पुलिस आयुक्त जसबीर सिंह द्वारा पहनी गई बुलेट प्रूफ जैकेट में जा लगी। जवाबी कार्रवाई और आत्मरक्षा में, श्री संजीव कुमार यादव, पुलिस उपायुक्त/विशेष सेल और उप निरीक्षक रवि तुषीर द्वारा एक-एक गोली चलाई गई, जबकि दो गोलियां सहायक पुलिस आयुक्त जसबीर सिंह द्वारा चलाई गईं। इस मुठभेड़ के दौरान, श्री संजीव कुमार यादव, श्री जसबीर सिंह और उप निरीक्षक रवि तुषीर ने अपने व्यक्तिगत जीवन के समक्ष सीधे खतरे का सामना किया।

पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने अपनी पहचान का खुलासा - (1) भूपिंदर सिंह उर्फ दिलावर सिंह, पुत्र सौदागर सिंह, निवासी ग्राम- ताजपुर, तहसील- रायकोट, लुधियाना, पंजाब और (2) कुलवंत सिंह, पुत्र करम सिंह, निवासी- ग्राम बिंजाल, पुलिस स्टेशन- रायकोट, जिला- लुधियाना, पंजाब के रूप में किया। उनके कब्जे से दो अत्याधुनिक लोडेड पिस्तौल बरामद की गईं, जबकि आरोपी भूपिंदर के बैग से पांच अत्याधुनिक पिस्तौल और 40 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। खालिस्तानी आंदोलन और उनके प्रचारकों से संबंधित कई आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरों के साथ दो एंड्रॉइड फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस स्टेशन स्पेशल सेल, दिल्ली में आईपीसी की धारा 186/353/307/34 और आयुध अधिनियम की धारा 25/27 के तहत दिनांक 06.09.2020 की एफआईआर संख्या 224/20 के तहत मामला दर्ज किया गया था और बाद में, इस मामले में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 18/20 जोड़ी गई।

दोनों आतंकवादियों के बीकेआई के नेताओं के साथ घनिष्ठ संपर्क हैं और वे आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। बीकेआई के हैंडलर द्वारा उन्हें पंजाब के राज नेताओं को खत्म करने का काम सौंपा गया था। भूपिंदर सिंह पहले से ही हरबिंदर सिंह, अमृतपाल कौर, रणदीप सिंह और जरनैल सिंह, जिन्हें पंजाब पुलिस ने वर्ष 2017 में प्रतिबंधित आतंकी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल का सदस्य होने के कारण गिरफ्तार किया था, के संपर्क में था और इसे कथित तौर पर पाकिस्तान, सऊदी अरब और युनाईटेड किंगडम के खालिस्तान समर्थकों द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा था। भूपिंदर सिंह, दिलावर सिंह बब्बर से प्रेरित हुआ था, जिसने श्री बेअंत सिंह (पंजाब के पूर्व सीएम) की हत्या की थी और इसलिए उसने अपना उपनाम दिलावर सिंह रख लिया था। उसे एसवाईएल (सतलुज यमुना लिंक) नहर पर कड़ी आपत्ति थी और इसलिए वह इस परियोजना पर काम कर रहे इंजीनियरों को भी मारने की साजिश रच रहा था।

इस ऑपरेशन में, दिल्ली पुलिस के सर्व/श्री संजीव कुमार यादव, आईपीएस, पुलिस उपायुक्त, जसबीर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त, रवि तुषीर, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05/09/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/139/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 229-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	ऐजाज अहमद मलिक	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	शबीर अहमद	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3	शबीर अहमद डार	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	फिदा हुस्सैन	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 22.10.2019 को, एक पुख्ता जानकारी मिलने पर, अवंतीपोरा पुलिस ने 42 आरआर और 130वीं बटॉलियन सीआरपीएफ की सहायता से ग्राम- राजपोरा अवंतीपोरा की एक बाग भूमि में एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। तदनुसार, छिपे हुए आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए एक संयुक्त सर्च पार्टी का गठन किया गया, जिसमें श्री ताहिर सलीम खान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा के साथ श्री राशिद अकबर-एसडीपीओ अवंतीपोरा, श्री ऐजाज अहमद, पुलिस उपाधीक्षक पीसी त्राल, डॉ. ऐजाज अहमद मलिक जेकेपीएस116060, पुलिस उपाधीक्षक डीएआर अवंतीपोरा, श्री राकेश अकरम, पुलिस उपाधीक्षक (पीसी) अवंतीपोरा, निरीक्षक मदासर नसीर, एसएचओ पुलिस स्टेशन-अवंतीपोरा, निरीक्षक गुलाम मोहम्मद राथेर सं. 7150/एनजीओ, हेड कांस्टेबल शबीर अहमद सं. 204/आईआरपी 11वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. शाहनवाज सं. 436/एडब्ल्यूटी, एस.जी.सीटी. शबीर अहमद डार सं. 591/आईआरपी 11वीं बटालियन, सिपाही फिदा हुस्सैन शाह सं. 2600/एस, सिपाही बिलाल अहमद सं. 416/एडब्ल्यूटी, एसपीओ अर्शीद कयूम सं. 58/एसपीओ, एसपीओ फैज अहमद सं. 60/एसपीओ, एसपीओ मुजामिल मकबूल सं. 81/एसपीओ, एसपीओ सुरजीत सिंह सं. 30/एसपीओ, शबीर अली सं. 52/एसपीओ और मुश्ताक अहमद सं. 118/एसपीओ, नसीर अहमद सं. 33/एसपीओ और एसपीओ सुरजीत सिंह सं. 1752/एसपीओ-जम्मू शामिल किए गए।

छिपे हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया था, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। संयुक्त सर्च पार्टी बड़ी सावधानी से छिपे हुए आतंकवादियों की ओर बढ़ी, लेकिन सर्च पार्टी की गतिविधि को देखते हुए आतंकवादियों ने उनकी ओर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। अपने जीवन की परवाह किए बिना संयुक्त सर्च पार्टी आगे बढ़ी और पार्टी ने प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप सभी तीनों आतंकवादी घायल हो गए। इस बीच, आतंकवादियों ने संयुक्त सर्च पार्टी की ओर दो ग्रेनेड फेंके, लेकिन सौभाग्य से ये ग्रेनेड संयुक्त सर्च पार्टी को कोई नुकसान पहुंचाए बिना फट गए। आतंकवादियों ने वहां से बच निकलकर भागने के लिए फिर से संयुक्त सर्च पार्टी की ओर पुन: बंदूक से भारी मात्रा में गोलीबारी की। संयुक्त सर्च पार्टी ने आतंकवादियों की गतिविधि को देख लिया था और अपनी शीघ्र/सटीक गोलीबारी से उन सभी आतंकवादियों का सफाया कर दिया, जिनकी पहचान बाद में अब्दुल हामिद लोन उर्फ हामिद लेलहारी (श्रेणी-क), पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद इस्माइल, निवासी- लेल्हार काकापोरा, जुनैद राशिद भट्ट, पुत्र अब्दुल राशिद भट्ट, निवासी- नौडल त्राल और नवीद अहमद टाक, पुत्र गुलाम नबी टाक, निवासी- नैना बाटापोरा (दोनों श्रेणी-सी) के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला बारूद बरामद किया गया। इस घटना के संबंध में, पुलिस स्टेशन अवंतीपोरा में आरपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18, 20 और 38 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 132/2019 दर्ज है और जांच शुरू हो गई है।

इस ऑपरेशन के दौरान, पुलिस उपाधीक्षक ऐजाज अहमद मलिक सं. जेकेपीएस-116060 ने सराहनीय भूमिका निभाई, क्योंकि उक्त अधिकारी अपने जीवन की परवाह किए बिना लक्षित क्षेत्र की ओर सावधानी से आगे बढ़े, लेकिन क्षेत्र के परिसर में प्रवेश करते समय वे भारी मात्रा में आग की चपेट में आ गए। छिपे हुए आतंकवादियों का खात्मा करने में उक्त अधिकारी ने हेड कांस्टेबल शबीर अहमद सं. 204/आईआरपी 11वीं, सिपाही फिदा हुस्सैन सं. 2600/एस और एस.जी.सीटी. शबीर अहमद सं. 591/एडब्ल्यूटी के साथ मिलकर सराहनीय भूमिका निभाई।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री ऐजाज अहमद मलिक, पुलिस उपाधीक्षक, शबीर अहमद, हेड कांस्टेबल, शबीर अहमद डार, एस.जी.सीटी. और फिदा हुस्सैन, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22/10/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/128/2020-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 230-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	मोहम्मद यास्सर पर्रे	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	इम्तियाज़ अहमद वानी	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	शबीर अहमद पर्रे	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26.10.2018 को लगभग 04:05 बजे पुलिस स्टेशन डांगीवाचा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पाजलपोरा मालगोनीपोरा में आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में एक पुख्ता खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सोपोर पुलिस द्वारा जिला कुपवाड़ा के पुलिस दल, सेना की 22-आरआर और 92वीं बटॉलियन सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया। तलाशी के दौरान, इलाके में एक रिहायशी मकान में छिपे आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित हो गया।

चूंकि, आतंकवादी एक रिहायशी इलाके में छिपे हुए थे, इसलिए ऑपरेशनल दलों ने किसी भी हमले को शुरू करने से पहले नागरिकों को निकालने का फैसला किया, ताकि किसी भी नागरिक के हताहत होने/अपनी ओर किसी क्षति से बचा जा सके।

ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए सेना, सीआरपीएफ और पुलिस के दो संयुक्त दलों का गठन किया गया। पहली टीम (एडवांस पार्टी के रूप में) का नेतृत्व मोहम्मद यास्सर पर्रे, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) कुपवाड़ा कर रहे थे तथा इसमें उप निरीक्षक इम्तियाज अहमद वानी एआरपी 115601, एस.जी.सीटी. शबीर अहमद पर्रे 768/एसपीआर, एस.जी.सीटी. फयाज अहमद 224/आईआर 3री, एस.जी.सीटी. बिलाल अहमद 600/केपी, सिपाही निसार अहमद 610/एसपीआर और सिपाही इम्तियाज अहमद 653/एसपीआर, एसपीओ अब्दुल खालिक 551/एसपीओ-केपी, एसपीओ मुश्ताक अहमद 368/एसपीओ-केपी, एसपीओ नाजिर अहमद 601/एसपीओ-केपी, एसपीओ मोहम्मद अकबर 339/एसपीओ-एसपीआर, एसपीओ वसीम अहमद 237/एसपीओ-एसपीआर और एसपीओ शौकत अहमद 415/एसपीओ-एसपीआर शामिल थे।

दूसरी टीम (बैकअप दल के रूप में) में उप निरीक्षक परवीन कुमार एआरपी 085601, एस.जी.सीटी. हनीफ मोहम्मद भट्ट 760/एसपीआर, एस.जी.सीटी. जहीर अब्बास अवान 688/केपी, एस.जी.सीटी. मोहम्मद शफी 691/केपी, एस.जी.सीटी. निसार अहमद 405/केपी, एस.जी.सीटी. अब्दुल जब्बार 464/एडब्ल्यूपी, एस.जी.सीटी. सज्जाद अहमद 560/एसपीआर, सिपाही जहूर अहमद 1315/बी, एसपीओ इमरान धोबी 834/एसपीओ-केपी, एसपीओ नसीर अहमद 850/एसपीओ-केपी, एसपीओ मंजूर अहमद 168/एसपीओ-केपी, एसपीओ मोहम्मद मुजफ्फर 1502/एसपीओ-बीएलए, एसपीओ आशिक हुसैन 269/एसपीओ- एसपीआर शामिल थे तथा इसका नेतृत्व श्री जावेद इकबाल-जेकेपीएस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर कर रहे थे और इस टीम को फंसे नागरिकों को बाहर निकालने का कार्य सौंपा गया था।

संयुक्त दल बड़ी समझदारी से आवासीय घरों की ओर बढ़े और उन्होंने क्षेत्र से सभी नागरिकों की निकासी सुनिश्चित की। छिपे हुए आतंकवादियों ने नागरिकों को बाहर निकालने के कार्य में बाधा डालने के लिए रुक-रुक कर गोलीबारी की, तथापि संयुक्त दलों ने सभी फंसे हुए नागरिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया।

छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया गया था, लेकिन उन्होंने तुरंत ही प्रस्ताव को ठुकरा दिया और भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर जवाबी कार्रवाई करने से एक भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। चूंकि आतंकवादी संकरी गलियों और उप-गलियों वाले एक रिहायशी इलाके में छिपे हुए थे, जिससे बख्तरबंद/बुलेट प्रूफ वाहनों को घटनास्थल की ओर ले जाना असंभव हो गया था। सुरक्षा बलों/पुलिस ने आगे बढ़ने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन उन्हें कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। अंतत: मोहम्मद यास्सर पर्रे-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय कुपवाड़ा के नेतृत्व में संयुक्त दल ने अंतिम हमले के लिए लक्षित घर की ओर बढ़ने का फैसला किया। पुलिस/सुरक्षा बलों की कवर गोलीबारी की आड़ में दल ने लक्षित घर की ओर रेंगकर बढ़ना शुरू कर दिया।

जैसे ही दल लक्षित घर के पास पहुंचा, छिपे हुए आतंकवादी दोनों दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए घर से बाहर कूद पड़े। तथापि, मोहम्मद यास्सर पर्रे-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय कुपवाड़ा के नेतृत्व वाले दल ने असाधारण सूझबूझ का परिचय देते हुए प्रभावी ढंग से जवाबी गोलीबारी की और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया। एक-दूसरे पर गोलीबारी के दौरान, सेना के 22-आरआर के एक जवान ब्रजेश कुमार को गोली की चोटें आईं, जिसने बाद में चोटों के कारण उसने दम तोड़ दिया।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में जाहिद, निवासी- पाकिस्तान और उसामा, निवासी- पाकिस्तान के रूप में हुई। मारे गए दोनों आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के ए-श्रेणी के सदस्य थे। मारे गए आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में युद्धक सामग्री

बरामद की गई। इस घटना के संबंध में, पुलिस स्टेशन- डांगीवाचा में आरपीसी की धारा 307, 302 और आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 147/2018 दर्ज है और जांच शुरू हो गई है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मोहम्मद यास्सर पर्रे, पुलिस उपाधीक्षक, इम्तियाज़ अहमद वानी, उप निरीक्षक और शबीर अहमद पर्रे, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26/10/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/133/2020-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 231-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	आदिल रशीद	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	असिफ इक़्बाल क़ुरेशि	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.03.2018 को, ग्राम- डायलगाम में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक पुख्ता सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद अनंतनाग पुलिस ने 19 आरआर और सीआरपीएफ की 40वीं बटालियन की सहायता से उक्त गांव की संयुक्त घेराबंदी की। सर्च ऑपरेशन के दौरान, इमरान अहमद खान, पुत्र- असादुल्ला खान, निवासी- पेठ डायलगाम के घर में छिपे हुए आतंकवादियों ने घेराबंदी से भागने की कोशिश की। आत्मसमर्पण करने का अवसर दिए जाने पर, एक आतंकवादी नामत: इमरान राशिद भट्ट, पुत्र- अब्दुल राशिद भट्ट, निवासी- सिरहामा बिजबेहरा घर से बाहर आया और उसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि दूसरे आतंकवादी, जिसकी पुष्टि रौफ बशीर खांडे, पुत्र- बशीर अहमद खांडे, निवासी- आरा-देहरुना अनंतनाग के रूप में हुई, ने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया। तदनुसार, उसके माता-पिता को लाया गया, ताकि वे अपने बेटे को आत्मसमर्पण करने के लिए मना लें, लेकिन उसने फिर से ऐसा करने से इनकार कर दिया और इसके बजाय उसने सर्च पार्टी, जिसमें श्री अल्ताफ अहमद खान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनंतनाग, श्री मोहम्मद यूसुफ, पुलिस उपाधीक्षक, एस.जी.सीटी. शौकत अली 513/एपी 7वीं, एस.जी.सीटी. (अब हेड कांस्टेबल) आसिफ इकबाल सं. 1344/ए, एस.जी.सीटी. मंजूर अहमद 1068/ए, एस.जी.सीटी. परवेज अहमद 753/ए, सिपाही एजाज अहमद 1996/ए, सुदर्शन सिंह सं. 249/एसपीओ, रईस अहमद 546/एसपीओ, तारिक अहमद 476/एसपीओ, अब्दुल राशिद पद्दार 300/एसपीओ, एसपीओ मंजूर अहमद 1429/एसपीओ और शौकत अहमद मीर 307/एसपीओ शामिल थे, पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। सर्च पार्टी ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और एक दूसरे पर गोलीबारी में हिजबुल मुजाहिदीन संगठन के उक्त कट्टर आतंकवादी रौफ बशीर खांडे, पुत्र- बशीर अहमद खांडे, निवासी- आरा-देहरुना अनंतनाग (श्रेणी "ग") मारा गया और उसके कब्जे से हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन अनंतनाग में आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 55/2018 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री आदिल रशीद, निरीक्षक और असिफ इक़्बाल क़ुरेशि, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31/03/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/134/2020-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 232-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	मुब्बशर हुस्सैन	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	मोहम्मद अंज़र खान	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	शाम लाल	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	गुलाम रसूल मीर	अनुचर	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.04.2019 को, विश्वसनीय स्रोतों से शौकत अहमद, पुत्र- नाजिर अहमद, निवासी- बगिंदर मोहल्ला, बिजबेहरा के आवासीय घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में पुख्ता सूचना प्राप्त हुई। सूचना को तीसरी आरआर/सीआरपीएफ की 90वीं बटालियन के साथ साझा किया गया। छिपे हुए आतंकवादियों को घेरने और उन्हें घेराबंदी तोड़ने का कोई मौका नहीं देने के लिए एक उपयुक्त रणनीति बनाकर इस इलाके की घेराबंदी करने का निर्णय लिया गया। श्री मुब्बशर हुस्सैन पुलिस अधीक्षक (पीसी) अनंतनाग द्वारा चुनौतीपूर्ण कार्य को बहुत ही चतुराई से किया गया और अंतत: लगभग 02:40 बजे सुनियोजित तरीके से घेराबंदी की गई।

सर्च ऑपरेशन के दौरान बगिंदर मोहल्ला बिजबेहरा में खूंखार आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई। ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए निकासी की सभी जगहों पर उपयुक्त नाके लगाए गए, पूरे इलाके को सील कर दिया गया और उचित रोशनी की व्यवस्था की गई। ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनंतनाग के पर्यवेक्षण और पुलिस अधीक्षक (पीसी) अनंतनाग की कमान के तहत पुलिस/सीआरपीएफ/सेना को शामिल करते हुए 02 टीमों का गठन किया गया, जिसमें पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद रफी जेकेपीएस155771, पुलिस उपाधीक्षक परवेज अहमद, पुलिस उपाधीक्षक शरद जेकेपीएस155774, निरीक्षक मोहम्मद अंज़र खान 7545/एनजीओ, एस.जी.सीटी. मोहम्मद सुहैल 749/ए, एस.जी.सीटी. रेयाज अहमद 482/एपी 9वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. शाम लाल 527/आईआर 12वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. शाबिर अहमद 577/ए, एस.जी.सीटी. सैयद जहांगीर 1206/केपी, एस.जी.सीटी. मुर्तजा नाजिर 1353/ए, एस.जी.सीटी. जाकिर हुसैन 648/आईआर 12वीं बटालियन, सिपाही बिलाल अहमद 1875/ए, अनुचर मोहम्मद मकबूल 29/एफ, अनुचर गुलाम रसूल मीर 28/एफ/एपी-9वीं, एसपीओ मोहम्मद शफी 47/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद यासीन 781/एसपीओ, एसपीओ निसार अहमद 824/एसपीओ, एसपीओ अब्दुल राशिद 456/एसपीओ, एसपीओ इशफाक अमीन 37/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद इकबाल 09/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद यूसुफ 922/एसपीओ, एसपीओ गुल मोहम्मद वानी 734/एसपीओ, एसपीओ यूसुफ सजाद 853/एसपीओ और एसपीओ मोहम्मद रमजान 370/एसपीओ-एसजीआर सहायता कर रहे थे, ताकि उस घर में प्रवेश किया जा सके, जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे।

कड़ी घेराबंदी करने के बाद, आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने की पेशकश की गई थी, लेकिन उनकी ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली और उन्होंने पुलिस अधीक्षक (पीसी) अनंतनाग एवं एसडीपीओ बिजबेहरा के नेतृत्व वाले दल पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। वे बाल-बाल बचे, लेकिन दल ने बहुत प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादी पीछे हट गए। अच्छी तरह से प्रशिक्षित आतंकवादियों ने दूसरी तरफ से घेराबंदी को तोड़ने की कोशिश की और उक्त एडवांस पुलिस पार्टी पर कई ग्रेनेड फेंके तथा अन्य तैनात बलों पर भी अंधाधुंध गोलीबारी की। लेकिन अधिकारियों और उनके दल ने अपनी जान की परवाह किए बिना बहुत प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप दो खूंखार आतंकवादी मारे गए, जिनकी पहचान बाद में सफदर अमीन भट्ट, पुत्र- मोहम्मद अमीन भट्ट (श्रेणी-क), निवासी- जैरपोरा बिजबेहरा और बुरहान अहमद गनी, पुत्र- अब्दुल सादिक गनी (श्रेणी-ग), निवासी- एसके कॉलोनी, अनंतनाग के रूप में हुई। ये दोनों ही हिजबुल मुजाहिदीन संगठन से संबंधित थे। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किए गए। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन बिजबेहरा में आरपीसी की धारा 307 तथा भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 53/2019 दर्ज है। यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि मारे गए आतंकवादी सक्रिय थे और वे दक्षिण कश्मीर विशेष रूप से जिला-अनंतनाग के मुख्य शहरों के लिए एक बड़ा खतरा थे तथा सुरक्षा बलों पर आतंकवादी हमले करने की योजना बना रहे थे। वे दक्षिण कश्मीर में हथियार छीनने की कई घटनाओं में भी शामिल थे।

इस ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मुब्बशर हुस्सैन, पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद अंज़र खान, निरीक्षक, शाम लाल, एस.जी.सीटी. और गुलाम रसूल मीर, अनुचर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25/04/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/155/2020-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 233-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	ताहिर अशर्फ	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
2	जावेद अहमद ज़गू	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	मोहम्मद जुनेद अख्तर	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29.08.2018 को विश्वसनीय स्रोतों से अनंतनाग के मुनिवार्ड क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता सूचना प्राप्त हुई थी। तदनुसार, पहली आरआर और सीआरपीएफ की 40वीं बटॉलियन के सैन्य दस्तों सहित एसओजी अनंतनाग/पुलिस घटक श्रीनगर की एक संयुक्त टीम ने तड़के गांव-मुनिवार्ड की घेराबंदी कर ली। सर्च ऑपरेशन के दौरान, मोहम्मद अल्ताफ डार, पुत्र- मोहम्मद अफजल, निवासी- खाहपोरा मुनिवार्ड के घर में आतंकवादी छिपे पाए गए और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया और इसके बजाय उन्होंने वहां तैनात बलों पर गोलीबारी कर दी। तदनुसार, हमले को अंजाम देने के लिए पुलिस, पहली आरआर और सीआरपीएफ की 40वीं बटॉलियन की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस दल में श्री अमृितपाल सिंह-आईपीएस पुलिस अधीक्षक, श्री ताहिर अशर्फ केपीएस-045839 पुलिस अधीक्षक पीसी श्रीनगर, श्री सचित शर्मा केपीएस-135821 पुलिस उपाधीक्षक, हेड कांस्टेबल निसार अहमद 2258/ए, हेड कांस्टेबल जावेद अहमद 2218/पीडब्ल्यू, हेड कांस्टेबल शाहवानज अहमद 347/3 एसईसी, एस.जी.सीटी. संजीत सिंह 2112/ए, एस.जी.सीटी. मोहम्मद अब्दुल्ला 300/ए, एस.जी.सीटी. मंजूर अहमद 540/आईआरपी 12वीं, एस.जी.सीटी. तनवीर अहमद 578/आईआरपी 12वीं, एस.जी.सीटी. आसिफ इकबाल 1344/ए, एस.जी.सीटी. अल्ताफ हुसैन 1114/ए, सिपाही मोहम्मद जुनैद 722/एपी 7वीं, सिपाही रेयाज अहमद 776/ए, रेयाज अहमद 89/एसपीओ, मुदासिर अहमद 1112/एसपीओ, बशीर अहमद 1151/एसपीओ, मोहम्मद सादिक 1122/एसपीओ, शाबिर अहमद 440/एसपीओ-बीडी, बशीर अहमद 211/एसपीओ, मुजफ्फर हुसैन 220/एसपीओ, मंजूर अहमद 178/एसपीओ, मुदासिर अहमद 244/एसपीओ और हिलाल अहमद 292/एसपीओ शामिल थे, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना बहादुरी से लड़ाई लड़ी और वे छिपे हुए दोनों आतंकवादियों नामत: मोहम्मद अल्ताफ डार उर्फ अल्ताफ काचरू (हिजबुल मुजाहिदीन संगठन का क++ श्रेणी) पुत्र- गुलाम मोहम्मद डार, निवासी- हवूरा मिशपोरा (जिला कमांडर) और उमर रशीद वानी (हिजबुल मुजाहिदीन संगठन का ग-श्रेणी), पुत्र- अब्दुल रशीद वानी, निवासी- खुदवानी, कुलगाम का सफाया करने में सफल रहे, जो कि लंबे समय से जिला अनंतनाग/कुलगाम में सक्रिय थे और दोनों जिलों के मुख्य शहरों विशेष रूप से एनएचडब्ल्यू और रेलवे ट्रैक के लिए बहुत बड़ा खतरा थे। वे दक्षिण कश्मीर में हथियार छीनने की कई घटनाओं में भी शामिल थे। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से हथियार/गोला-बारूद भी बरामद किया गया, जिसके संबंध में जांच के लिए पुलिस स्टेशन अनंतनाग में आरपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/25 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 18,19,20,38 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 158/2018 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री ताहिर अशर्फ, पुलिस अधीक्षक, जावेद अहमद ज़गू, हेड कांस्टेबल और मोहम्मद जुनेद अख्तर, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29/08/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/164/2020-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 234-2022/प्रेज—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	मत्लूब हुस्सैन शाह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	अस्रार अहमद मीर	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बडगाम पुलिस को दिनांक 30.06.2019 को, विश्वसनीय सूत्रों से जिला-बडगाम के ग्राम- बुगाम, तहसील-चाडूरा में सशस्त्र आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर, 53 आरआर के साथ बडगाम पुलिस के जवानों की संयुक्त ऑपरेशन टीम का गठन किया गया। संयुक्त ऑपरेशन टीम को अंधेरे की आड़ लेकर देर रात पैदल ऑपरेशन शुरू करने का जिम्मेदारी सौंपी गई। बिना समय गंवाए, बिलाल अहमद गनी, पुत्र- मोहम्मद अकरम गनी, निवासी- बुगाम चाडूरा, जिला- बडगाम नामक एक व्यक्ति के लक्षित घर को घेरने के लिए चार घेराबंदी टीमों का गठन किया गया।

श्री आकाश कोहली-जेकेपीएस155781, पुलिस उपाधीक्षक (पीसी) चाडूरा के नेतृत्व वाली पहली टीम, जिसमें 53 आरआर के मेजर पीयूष मित्तल एसएस-45107एफ, सिपाही अस्रार अहमद मीर 729/बीडी, सिपाही तनवीर अहमद 1465/बीडी, सिपाही मुश्ताक अहमद 1399/बीडी, एसपीओ अब्दुल राशिद लोन 291/एसपीओ और एसपीओ नजीर अहमद 240/एसपीओ शामिल थे, को लक्षित घर के उत्तरी हिस्से को कवर करने की जिम्मेदारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक बडगाम श्री आमोद अशोक नागपुरे आईपीएस 136011 के नेतृत्व में दूसरी टीम, जिसमें 53 आरआर के कैप्टन सूर्य प्रकाश आईसी-79612डब्ल्यू, हेड कांस्टेबल फिरदौस अहमद 522/बीडी, सिपाही मल्लूब हुस्सैन शाह 475/आईआर 6ठीं, सिपाही मेहराज अहमद 1164/बीडी, एसपीओ मुख्तार अहमद डार 126/एसपीओ और एसपीओ बिलाल अहमद लोन 437/एसपीओ शमिल थे, को लक्षित घर के दक्षिणी हिस्से को कवर करने की जिम्मेदारी दी गई।

निरीक्षक श्री महबूब हुसैन 7176/एनजीओ, एसएचओ पुलिस स्टेशन-चाडूरा के नेतृत्व में तीसरी टीम, जिसमें उनके साथ 53 आरआर के कैप्टन रोहित शर्मा आईसी-79318डब्ल्यू, सिपाही मंजूर अहमद 837/बीडी और एसपीओ अली मोहम्मद मीर 398/एसपीओ शामिल थे, को लक्षित घर के पूर्वी हिस्से को कवर करने की जिम्मेदारी दी गई।

सहायक उप निरीक्षक खुर्शीद अहमद 212/बीडी सहित 53 आरआर के कैप्टन वरुण तोमर आईसी 79153-एच के नेतृत्व में चौथी टीम, जिसमें उनके साथ हेड कांस्टेबल अब्दुल मजीद 124/बीडी, एस.जी.सीटी. जहांगीर अहमद 783/जेकेएपी 13वीं बटालियन, सिपाही उमर फारूक 1395/बीडी, एसपीओ अल्ताफ अहमद 1197/एसपीओ और एसपीओ शाहनवाज अहमद 09/एसपीओ शामिल थे, को लक्षित घर के पश्चिमी हिस्से को कवर करने की जिम्मेदारी दी गई।

ग्राम-बुगाम, तहसील-चाडूरा, जिला-बडगाम में ऑपरेशन का समन्वय और पर्यवेक्षण पुलिस अधीक्षक बडगाम श्री आमोद अशोक नागपुरे आईपीएस136011, सीओ 53वीं बटॉलियन आरआर कर्नल एम. के. राणा आईसी-63430वाई और श्री मुनीर अहमद सहायक पुलिस अधीक्षक बडगाम द्वारा किया गया था। चारों टीमों ने घेराबंदी की तथा चारों टीमों के बीच सम्प्रेषण और समन्वय स्थापित करने के बाद, यह सुनिश्चित किया गया कि आस-पास के घरों में रहने वाले नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया जाए और घरों को किसी भी तरह की क्षति से बचा जाए। अंदर छिपे हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिस पर उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया।

जैसे ही दल लक्षित घर की ओर बढ़े, अंदर छिपे आतंकवादियों ने भागने और घेराबंदी तोड़ने के प्रयास में गोलियों की बौछार कर दी और ग्रेनेड फेंका। एक-दूसरे पर शुरूआती गोलीबारी के दौरान, 02 पुलिस कार्मिक नामत: हेड कांस्टेबल अब्दुल मजीद 124/बीडी, एसपीओ अल्ताफ अहमद 1197/एसपीओ और 53 आरआर के सेना के 02 जवान घायल हो गए, जिन्हें तुरंत 92 बेस कैंप आर्मी अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया। संयुक्त ऑपरेशन दल आतंकवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध गोलाबारी से खुद को बिना किसी ठोस कवर के बचाने में कामयाब रहे और उन्होंने धैर्य खोए बिना, चतुराई से जवाबी गोलीबारी की, जिसने आतंकवादियों को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। इसके बाद, आतंकवादियों ने खुद को फिर से घर में एक प्रभुत्व वाली जगह पर पोजीशन कर लिया और वहां से घेराबंदी में तैनात सुरक्षा बल कार्मिकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया, जिन्हें उनके गोलीबारी करने वाले हथियारों के फ्लैशों से आसानी से पहचाना जा सकता था। किसी भी प्रकार के हताहत होने से बचने के लिए, ऑपरेशनल दलों को निर्देश दिया गया कि वे गोलीबारी रोक दें और उजाला होने की प्रतीक्षा करें, ताकि प्रभावी जवाबी कार्रवाई के लिए लक्षित स्थान के जितना संभव हो उतना करीब जाया जा सके।

तड़के, एक सर्च पार्टी गठित की गई, जिसमें श्री मगपुरे आमोद अशोक एसपीएस-136011 पुलिस अधीक्षक बडगाम, श्री मुनीर अहमद ईएक्सजे-832519 सहायक पुलिस अधीक्षक बडगाम, कर्नल एम. के. राणा आईसी-63430वाई, मेजर पीयूष मित्तल एसएस-45107एफ, कैप्टन सूर्य प्रकाश आईसी-79612डब्ल्यू, कैप्टन रोहित शर्मा आईसी-79318डब्ल्यू, कैप्टन वरुण तोमर आईसी-79153एच, श्री आकाश कोहली-जेकेपीएस155781 पुलिस उपाधीक्षक पीसी चाडूरा, श्री सैयद फयाज अहमद 3041/एनजीओ एसडीपीओ चरार-ए-शरीफ, निरीक्षक महबूब हुसैन 7176/एनजीओ एसएचओ पुलिस स्टेशन-चाडूरा, सहायक उप निरीक्षक खुर्शीद अहमद 212/बीडी, हेड कांस्टेबल फिरदौस अहमद 522/बीडी, सिपाही अस्रार अहमद 729/बीडी, सिपाही मल्लूब हुस्सैन 475/आईआर 6ठीं, सिपाही सरताज अहमद 26/बीडी, सिपाही मुश्ताक अहमद 1399/बीडी, सिपाही मेहराज-उ-दीन 1164/बीडी, सिपाही मंजूर अहमद 837/बीडी, सिपाही उमर फारूक अहमद 1395/बीडी शामिल थे। उपर्युक्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने लक्षित घर के निकट जाकर और सामरिक पोजीशन लेने के बाद अंतिम हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी मारा गया।

एक छोटी सी सर्च पार्टी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना और कर्तव्य के पथ पर असाधारण बहादुरी और वीरता का प्रदर्शन करके सौंपे गए कार्य को सावधानीपूर्वक पूरा किया, जिसके परिणामस्वरूप 01 खूंखार आतंकवादी का सफाया हो गया। उस समय तक बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए थे और वे ऑपरेशनल पार्टी पर पथराव करने लगे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अतिरिक्त बल ने आंसू गैस के गोले दागे, जिससे सुरक्षा बल मारे गए आतंकवादी के शव के साथ घटनास्थल से निकलने में सफल रहे। बंदूक की उक्त लड़ाई के दौरान, एस.जी.सीटी. मल्लूब हुस्सैन शाह एआरपी112244 और एस.जी.सीटी. अस्रार अहमद मीर ईएक्सके-27253 ने सर्वोच्च स्तर की वीरता का प्रदर्शन किया और इसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी का सफाया हो गया, जिसकी पहचान बाद में हिजबुल मुजाहिदीन के हिलाल अहमद भट्ट, पुत्र- हबीबुल्लाह भट्ट, निवासी- अरमुल्लाह पुलवामा के रूप में हुई, जो एक "ओ" श्रेणी का आतंकवादी था। मारे गए आतंकवादी के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला बारूद बरामद किया गया। घटना के संबंध में, पुलिस स्टेशन-चाडूरा में आरपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 18, 19, 20 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 115/2019 दर्ज है।

उपर्युक्त आतंकवादी का खात्मा हिजबुल मुजाहिदीन संगठन के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि उक्त संगठन स्थानीय युवाओं को आतंकवाद की ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहा था। अनुशंसितों द्वारा प्रदर्शित त्वरित और वीरतापूर्ण कार्रवाई ने एक बड़ी/विनाशकारी त्रासदी को टाल दिया है, जो उक्त आतंकवादी द्वारा पैदा की जा सकती थी। यह ऑपरेशन पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, क्योंकि अंधेरे की आड़ से छिपे हुए आतंकवादी को एक अतिरिक्त फायदा मिला हुआ था।

इस ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मल्लूब हुस्सैन शाह, सिपाही और अस्रार अहमद मीर, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30/06/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/25/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 235-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	राज कुमार	अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	अब्दुल क़यूम	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.05.2020 को, एक पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए, डोडा पुलिस, 10 आरआर, सीआरपीएफ की 33वीं बटालियन और एसएसबी की 7वीं बटालियन द्वारा पुलिस स्टेशन- डोडा, तहसील गुंडना और जिला डोडा के क्षेत्राधिकार में आने वाले ग्राम- तशनाल (खुत्रा) में रात के समय एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया।

आतंकवादी के किसी भी तरफ से भागने की संभावना को कम करने के लिए सर्च पार्टियों ने संदिग्ध क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। सर्च ऑपरेशन के दौरान, नाजिर अहमद मीर, पुत्र- गुलाम अली मीर, निवासी- खुत्रा के घर में छिपे हुए आतंकवादी ने सर्च पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सर्च पार्टी द्वारा गोलीबारी का जवाब दिया गया और मुठभेड़ शुरू हो गई, जो कि कई घंटों तक जारी रही। श्री राज कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन डोडा और और हेड कांस्टेबल अब्दुल क़यूम सं. 112/डी ईएक्सजे-977030 की असॉल्ट टीम लक्षित घर की ओर बढ़ी और वे नजदीक से हुई बंदूक की लड़ाई में आतंकवादी का खात्मा करने में सफल हो गए, जिसकी पहचान बाद में ताहिर अहमद भट्ट उर्फ अंजार-उल-इस्लाम उर्फ उकाब, पुत्र- मोहम्मद शबन भट्ट, निवासी- मलंगपोरा, जिला- पुलवामा के रूप में हुई। मारा गया आतंकवादी पिछले डेढ़ वर्ष से डोडा-किश्तवाड़ में सक्रिय था और हिजबुल मुजाहिदीन संगठन से जुड़ा था। उसके आकाओं द्वारा उसे चिनाब घाटी में उस क्षेत्र के युवाओं को आतंकवादी कैडर में भर्ती करके वहां आतंकवाद को पुनर्जीवित करने का कार्य सौंपा गया था। इस मुठभेड़ में 10 आरआर के सेना के एक जवान लांस नायक राज सिंह को भी मौके पर शहादत प्राप्त हुई। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन डोडा में आईपीसी की धारा 302, 307,120-बी, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 तथा विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 87/2020 दर्ज है और मामले की जांच शुरू हो गई है।

इस ऑपरेशन के दौरान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार और हेड कांस्टेबल अब्दुल क़यूम, ईएक्सजे 977080 ने विशिष्ट भूमिका निभाई और अपने सामान्य कर्तव्यों से आगे बढ़कर वीरता का प्रदर्शन किया।

इस ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री राज कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अब्दुल क़यूम, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/05/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/34/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 236-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	मुकेश सिंह, आईपीएस	पुलिस महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	विवेक गुप्ता, आईपीएस	पुलिस उप महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	श्रीधर पाटिल, आईपीएस	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
4	नरेश सिंह	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
5	दिवाकर सिंह	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
6	परुप्कार सिंह	अनुमंडल पुलिस अधिकारी	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
7	बल्बीर सिंह	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
8	विनोद कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
9	जावेद इक़्बाल	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
10	राकेश सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जैश-ए-मोहम्मद के विशेष आत्मघाती दस्ते के भारी मात्रा में हथियारों से लैस आतंकवादियों के जम्मू-सांबा राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर घाटी की ओर जाने के संबंध में विशेष इनपुट के आधार पर दिनांक 18.11.2020 को शाम के समय, एसओजी जम्मू ने एसएचओ पुलिस स्टेशन नगरोटा के नेतृत्व में जिला पुलिस के साथ मिलकर नुड, सांबा, कुंजवानी जम्मू और बान टोल प्लाजा नगरोटा, जम्मू सहित राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर विशेष नाके लगाए। इनपुट से यह भी पता चला कि जैश-ए-मोहम्मद का यह विशेष दस्ता पुलवामा हमला, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे, से भी बड़े हमले को अंजाम देने की योजना बना रहा था। सभी स्थानों पर तैनात पुलिस टीमों को कश्मीर आधारित सभी वाहनों की अच्छी तरह से जांच करने का निदेश दिया गया था। पुलिस महानिरीक्षक जम्मू श्री मुकेश सिंह, आईपीएस, पुलिस उप महानिरीक्षक जेएसके रेंज श्री. विवेक गुप्ता, आईपीएस और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू श्रीधर पाटिल-आईपीएस, ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से घाटी की ओर जाने वाले रास्ते में पड़ने वाले सभी नाकों का व्यक्तिगत रूप से दौरा किया और ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को सतर्क रहने और वाहनों की जांच के लिए अभ्यास (ड्रिल) का पालन करने के लिए ब्रीफ किया। अगले दिन दिनांक 19.11.2020 को सुबह लगभग 04:50 बजे, जब पुलिस सर्च टीम बान टोल प्लाजा नगरोटा में वाहनों की जाँच कर रहा थी, तभी तलाशी ले रहे पुलिस दल ने रजिस्ट्रेशन संख्या जेके 01 एएल 1055 वाले एक ट्रक को रोका। पुलिस दल को देखकर ट्रक का चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इससे संदेह हुआ और पुलिस टीम ने तुरंत पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू, श्री नरेश सिंह- केपीएस और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू श्री श्रीधर पाटिल- आईपीएस, पुलिस उप महानिरीक्षक जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज, श्री विवेक गुप्ता- आईपीएस और पुलिस महानिरीक्षक जम्मू जोन श्री मुकेश सिंह- आईपीएस सहित सभी वरिष्ठ फॉर्मेशनों को इसकी सूचना दी। इस दौरान पुलिस दल ने वाहन की अच्छी तरह से तलाशी शुरू कर दी। जब पुलिस ने ट्रक के बाईं ओर की छोटी खिड़की को खोलने की कोशिश की, तो ट्रक के अंदर छिपे आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई।

तुरंत ही, इनपुट के मद्देनजर पहले से ही राजमार्ग पर निकली हुई एक टीम, जिसका नेतृत्व पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू कर रहे थे तथा जिसमें उनकी सहायता उप पुलिस अधीक्षक जम्मू, एसओजी जम्मू और सीआरपीएफ की 160वीं बटॉलियन की एक सीटीटी के जवान कर रहे थे, मौके पर पहुंची और उसने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर ली तथा यह सुनिश्चित किया कि कोई भी छिपा हुआ आतंकवादी घेरा तोड़कर मुठभेड़ स्थल से भाग न सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू के नेतृत्व में दूसरी टीम और एसडीपीओ नगरोटा भी अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सामरिक तरीके से पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू और पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू ने तुरंत मौके पर ऑपरेशन की योजना बनाई और ऑपरेशन टीमों को दो हमला (स्ट्राइक) टीमों में बांट दिया। एसओजी जम्मू के सहयोग से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू की कमान में एक दल ने उक्त वाहन की बाईं ओर की घेराबंदी कर उसे कवर किया और एसडीपीओ नगरोटा के सहयोग से पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू की कमान में एक अन्य दल को तत्काल उक्त वाहन के बिलकुल पीछे तैनात किया गया और अन्य जवानों को भी सामरिक और रणनीतिक स्थानों पर तैनात कर दिया गया। दोनों टीमें ट्रक के बहुत करीब स्थित थीं और आतंकवादियों की गोलीबारी की रेंज में थीं, लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों/कार्मिकों ने अपनी-अपनी पोजीशन को बनाए रखने में अत्यधिक साहस और बहादुरी का परिचय दिया और आतंकवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया।

दोनों हमला टीमों, जिनमें से एक का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू श्री नरेश सिंह-जेकेपीएस कर रहे थे और दूसरी टीम का नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू श्री श्रीधर पाटिल-आईपीएस कर रहे थे, पर छिपे हुए आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों, यूबीजीएल ग्रेनेड्स से बहुत भारी गोलीबारी की, क्योंकि वे हताश थे और मुठभेड़ स्थल से भागने के लिए घेराबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन दोनों हमला दलों ने पेशेवर तरीके से जवाबी कार्रवाई की तथा उन्होंने बहुत बहादुरी एवं चतुराई से इस लड़ाई को लड़ा। इस दौरान, पुलिस उप महानिरीक्षक जम्मू श्री विवेक गुप्ता-आईपीएस और पुलिस महानिरीक्षक जम्मू जोन श्री मुकेश सिंह- आईपीएस भी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की सहायता वाली रिइन्फोर्समेंट/अतिरिक्त बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने चारों ओर से घेराबंदी कर दी, ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में गोलीबारी करने वाले आतंकवादी भाग न सकें। मौके की ऑपरेशनल कमान अब पुलिस महानिरीक्षक जम्मू जोन अपने हाथ में ले चुके थे, जिनकी सहायता पुलिस उप महानिरीक्षक जेएसके रेंज कर रहे थे। प्रत्येक दल की गतिविधि पर नजर रखने और छिपे हुए आतंकवादियों की गतिविधि और कार्रवाई पर नजर रखने के लिए पीटीई कैमरों के साथ एक कमांड वाहन को मुठभेड़ स्थल के पास तैनात किया गया था।

आतंकवादी वाहन के अंदर से पुलिस दल पर बार-बार गोलीबारी करते रहे, लेकिन पुलिस दल ने उन्हें भागने नहीं दिया और उन्हें वाहन के अंदर ही रोककर उलझाए रखा। आतंकियों ने तुरंत यूबीजीएल से गोलीबारी शुरू कर दी और पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू श्री नरेश सिंह के वाहन पर ग्रेनेड भी फेंके। अधिकारी बाल-बाल बच गए और एपी (कवच-भेदी) के कुछ राउंड बीपी बंकर से भी गुजरे, जो पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू के वाहन के ठीक पीछे था, लेकिन दोनों हमला दलों, जिसमें से एक पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू के नेतृत्व में और दूसरा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू के नेतृत्व में थे, ने पूरी ताकत से जवाबी कार्रवाई की। पुलिस के हमला दलों के साथ एक-दूसरे पर शुरुआती गोलीबारी में दो आतंकवादियों का सफाया हो गया। अन्य दो आतंकवादी ट्रक के अंदर छिपे रहे और वे सुरक्षा बलों पर गालीबारी करते रहे, क्योंकि उन्होंने ट्रक के अंदर मौजूद चावल के बोरों से उचित बंकर बनाया हुआ था।

दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर भारी गोलीबारी के दौरान, एसओजी जम्मू के दो पुलिस जवानों नामश: सिपाही कुलदीप कुमार संख्या 752/के और एस.जी.सीटी. मोहम्मद इशाक संख्या 949/आर घायल हो गए। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, पुलिस उप महानिरीक्षक जम्मू श्री विवेक गुप्ता ने हेड कांस्टेबल विनोद कुमार संख्या 132/जे ईएक्सजे-955737 की सहायता से अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना गोलियों का सामना किया और घायल सिपाही कुलदीप कुमार संख्या 752/के के स्थान पर पहुंच गए और उसे सुरक्षित निकाल लिया। दूसरा घायल जवान एस.जी.सीटी. मोहम्मद इशाक संख्या 949/आर, जो मुठभेड़ स्थल पर खून से लथपथ पड़ा था, को श्री मुकेश सिंह पुलिस महानिरीक्षक जम्मू जोन ने अपने क्यूआरटी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक बलवीर सिंह संख्या 1511/पीडब्ल्यू पीआईडी टीईएल-977482 की सहायता से बहुत ही कठिन प्रयासों के बाद बाहर निकाल लिया। बचाव दल ने वीरतापूर्वक गोलियों का समाना करके घायल जवानों को बचाने में बड़ी हिम्मत और बहादुरी दिखाई। बचाव अधिकारियों द्वारा समय पर की गई वीरतापूर्ण कार्रवाई ने, घायल जवानों के अनमोल जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पुलिस महानिरीक्षक जम्मू जोन श्री मुकेश सिंह-आईपीएस, पुलिस उप महानिरीक्षक जेएसके रेंज श्री विवेक गुप्ता- आईपीएस मुठभेड़ स्थल पर ऑपरेशन की निगरानी कर रहे थे और आगे बढ़कर सैनिकों का समन्वय/नेतृत्व कर रहे थे। इसका लक्ष्य किसी अतिरिक्त क्षति के बिना आतंकवादियों का खात्मा करना था। पुलिस महानिरीक्षक जम्मू जोन श्री मुकेश सिंह, आईपीएस ने कमांड वाहन का माइक हाथ में लिया और खुद आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा और वाहन से बाहर आने के लिए बार-बार घोषणा की, लेकिन फिदायीन, कट्टर और उच्च प्रशिक्षित आतंकवादी ऑपरेशनल पार्टी पर फायरिंग करते रहे।

इसके बाद, जैसे-जैसे मुठभेड़ आगे बढ़ी, 09 पैरा के सैनिक भी बाद के चरण में मुठभेड़ में शामिल हो गए। उन्होंने निदेश के लिए पुलिस महानिरीक्षक को रिपोर्ट किया और उन्हें अब तक की स्थिति और 2/3 आतंकवादियों का खात्मा हो जाने के बारे में बताया गया। ऑपरेशनल टीमों की तुरंत और रणनीतिक कार्रवाई ने तीन घंटे से ज्यादा चली बंदूक की इस भारी लड़ाई में सभी चारों आतंकवादियों को मार गिराने में मदद की। मुठभेड़ स्थल की प्रभावी हवाई निगरानी सुनिश्चित करने और आतंकवादियों का सफाया सुनिश्चित करने के लिए, पुलिस महानिरीक्षक जम्मू जोन के निदेशों के अनुसार 09 पैरा के ड्रोन को भी लक्षित क्षेत्र के ऊपर उड़ाया गया। इसके तुरंत बाद, मुठभेड़ स्थल से सभी

चार आतंकवादियों (सभी विदेशी आतंकवादी और अज्ञात एवं जैश-ए-मोहम्मद संगठन से संबद्ध) के शव भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री के साथ बरामद किए गए। तद्नुसार इस संबंध में, पुलिस स्टेशन- नगरोटा में आईपीसी की धारा 307,120-बी, 121,122,123, आयुध अधिनियम की धारा 7/25/26/27, और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16/18 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 426/2020 दर्ज है। सभी विदेशी आतंकवादी इस तथ्य के आधार पर आत्मघाती हमलावर थे कि पिछले सभी आत्मघाती हमलों के समान इस हमले में शामिल आतंकवादियों का पूरा शरीर मुंडा हुआ पाया गया था।

घुसपैठ के समय प्रत्येक विदेशी आतंकवादी के पास एक-एक पिस्तौल और कम से कम 10 से 12 ग्रेनेड के अलावा दो से तीन हथियार थे। उनके पास एसओएस इंजेक्शन भी थे। इन खेपों को हमेशा फिदायीन हमलावरों द्वारा ले जाया जाता है। आईईडी, जीपीएस डिवाइस और सैटेलाइट फोन की बरामदगी से आतंकवादियों के बीच एक उच्च स्तरीय कमांडर की मौजूदगी का संकेत मिलता है।

उपरोक्त निष्कर्ष इंगित करता है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस की समय पर कार्रवाई से एक बड़े आतंकी हमले को नाकाम कर दिया गया। विदेशी आतंकवादियों को लेने गए स्थानीय आतंकवादियों की गिरफ्तारी ने सीमा पार से घुसपैठ के ऐसे कई और प्रयासों को भी रोक दिया है, क्योंकि आतंकवादियों को समर्थन बनाने में समय लगता है।

पूरे ऑपरेशन को किसी भी अतिरिक्त क्षति के बिना ही संचालित किया गया था, क्योंकि ऑपरेशनल टीमों द्वारा उत्कृष्ट कमान और नियंत्रण का इस्तेमाल किया गया था, तथा साथ ही उन्होने अतिविशिष्ट वीरता और कर्तव्य के प्रति अत्यधिक समर्पण का प्रदर्शन भी किया था। ऑपरेशनल टीम के सदस्य, विशेष रूप से श्री मुकेश सिंह-आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक जम्मू जोन, श्री विवेक गुप्ता-आईपीएस पुलिस उप महानिरीक्षक जम्मू, श्री श्रीधर पाटिल-आईपीएस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू, श्री नरेश सिंह-केपीएस पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू, श्री दिवाकर सिंह पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू, श्री परूप्कार सिंह-केपीएस अनुमंडल पुलिस अधिकारी नगरोटा, सहायक उप निरीक्षक बलबीर सिंह संख्या 1511/पीडब्ल्यू पीआईडी संख्या टीईएल-977482, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार संख्या 132/जे ईएक्सजे-955737, एस.जी.सीटी. जावेद इक़्बाल संख्या 905/जे पीआईडी संख्या ईएक्सजे987037 और सिपाही राकेश सिंह संख्या 1876/जे पीआईडी संख्या ईएक्सजे-118482 ने जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र को आतंकवादी हमले के भारी खतरे से बचा लिया, क्योंकि मारे गए आतंकवादी अत्यधिक प्रेरित, प्रशिक्षित थे और अपने साथ युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाला सामान लिए हुए थे और उनका लक्ष्या जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में डीडीसी चुनाव प्रक्रिया को अस्थिर करना था और वे लंबी अवधि के लिए बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध थे।

इस ऑपरेशन में, श्री मुकेश सिंह पुलिस महानिरीक्षक जम्मू जोन, श्री विवेक गुप्ता पुलिस उप महानिरीक्षक जम्मू, श्री श्रीधर पाटिल-आईपीएस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू, श्री नरेश सिंह-केपीएस पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जम्मू और श्री जावेद इकबाल एस.जी.सीटी. पीआईडी संख्या 987037 के नेतृत्व में ऑपरेशनल टीम ने विशिष्ट वीरता, साहस, बहादुरी और सर्वोच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

इस ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मुकेश सिंह, आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक, विवेक गुप्ता, आईपीएस, पुलिस उप महानिरीक्षक, श्रीधर पाटिल, आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नरेश सिंह, पुलिस अधीक्षक, दिवाकर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, परुप्कार सिंह, अनुमंडल पुलिस अधिकारी, बल्बीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक, विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल, जावेद इक़्बाल, एस.जी.सीटी. और राकेश सिंह, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19/11/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/118/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 237-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	ऐजाज़ अहमद डार	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	नज़ीर अहमद लोन	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	जाहंगिर हुस्सैन माग्रे	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.07.2020 को गुलशनाबाद रेबान में आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर सोपोर पुलिस, आर्मी 22 आरआर और सीआरपीएफ की 179/177/92वीं बटालियन द्वारा उस क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन चलाया गया। चूंकि पहले ही ऐसी विश्वस्त सूचना थी कि एक रिहाइशी आवास में अत्याधुनिक हथियारों से लैस आतंकवादी छिपे हुए है, इसके अतिरिक्त बहुत सबेरे का समय था और सभी नागरिक अपने-अपने घरों में गहरी नींद में सोए हुए थे, इसलिए यदि उस समय गहन जांच ऑपरेशन चलाया जाता, तो ऐसी विषम परिस्थिति में आम नागरिकों के जानमाल की हानि की बहुत अधिक संभावना थी। अत: यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह ऑपरेशन सुरक्षित रूप से चलाया जाए, सेना के समकक्षों के साथ परामर्श से नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने को प्रथम और सर्वाधिक वरीयता दी गई।

इसलिए फंसे हुए नागरिकों को बाहर निकालने के लिए श्री जावेद इकबाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर के नेतृत्व में उप निरीक्षक सजाद अहमद सं. 109303-एआरपी, सी.जी.सीटी. अल्ताफ हुस्सैन सं. 698/एसपीआर, सी.जी.सीटी. शाबिर हुसैन सं. 714/एसपीआर, सी.जी.सीटी. मोहम्मद हनीफ सं. 760/एसपीआर, सी.जी.सीटी. रियाज अहमद सं. 776/एसपीआर, सी.जी.सीटी. नज़ीर अहमद लोन सं. 593/एसपीआर, सी.जी.सीटी. ऐजाज़ अहमद डार सं. 870/एसपीआर, सिपाही जाहंगिर अहमद माग्रे सं. 856/एसपीआर, विपिन कुमार सं. 35/एसपीओ, निसार अहमद सं. 760/एसपीओ, तुफैल अहमद सं. 778/एसपीओ, मुजामिल अहमद सं. 769/एसपीओ, उमीद खान सं. 793/एसपीओ, गुरदीप सिंह सं. 799/एसपीओ, समीर अहमद सं. 782/एसपीओ, कादिर अहमद सं. 722/एसपीओ को शामिल करके पुलिस/सेना/सीआरपीएफ का एक संयुक्त दल गठित किया गया तथा कवर फायरिंग प्रदान करने के लिए बैकअप पार्टी के रूप में श्री मोहम्मद अमीन पुलिस उपाधीक्षक (ओपीएस), पुलिस घटक सोपोर के नेतृत्व में श्री राजा माजिद, एसडीपीओ सोपोर, सी.जी.सीटी. मोहम्मद यूसुफ सं.778/एसपीआर, सिपाही फयाज अहमद सं. 841/एसपीआर, सिपाही सैयद अमीर सं. 842/एसपीआर, सिपाही अब्दुल कयूम सं. 829/एसपीआर, सिपाही ऐजाज़ अहमद सं. 863/एसपीआर, सिपाही बिलाल अहमद सं. 800/एसपीआर, हाफिज अहमद सं. 775/एसपीओ, मजिद अमीन सं. 774/एसपीओ, जहांगीर अहमद सं. 557/एसपीओ, मोहम्मद इकबाल सं. 585 एसपीओ, मंजूर अहमद सं. 715/एसपीओ, शमशेर सिंह सं. 682/एसपीओ, इरफान अहमद सं. 439/एसपीओ को शामिल करके पुलिस/सीआरपीएफ का दूसरा दल गठित किया गया।

श्री जावेद इकबाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर के नेतृत्व वाले पहले संयुक्त दल ने अपनी जान को गहरे जोखिम में डाल कर फंसे हुए सभी नागरिकों को बाहर निकाल लिया। यहां तक कि नागरिकों को बाहर निकालने की कार्रवाई के दौरान आतंकवादियों ने इस बचाव कार्य में बाधा डालने और नागरिकों को बंधक बनाने के इरादे से संयुक्त दल पर रूक-रूक कर गोलीबारी की। यहां तक कि कुछ गोलियां अधिकारियों के नजदीक से होकर निकली, किंतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर के नेतृत्व वाले इस दल के सदस्यों ने अपना मनोबल गिरने नहीं दिया और फंसे हुए सभी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जब नागरिकों को बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी हो गई, तो प्रवेश और निकास के सभी रास्तों को बंद करके घेराबंदी को और अधिक सुदृढ़ कर लिया तथा तलाशी ऑपरेशन को तेज कर दिया गया। इसी दौरान, घिरे हुए आतंकवादियों ने एडवांस सर्च पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी, जिसका बराबर जवाब दिया गया और मुठभेड शुरू हो गई।

आतंकवादी कंकरीट के दो मंजिला मकान में छिपे हुए थे, जो बड़ी चतुराई से उस मकान में अपनी पोजीशन बदल रहे थे और उन्होंने सुरक्षा बलों को लंबे समय तक उलझाकर रखा। इसके अलावा, वह लक्षित मकान बहुत भीड़भाड वाले इलाके में स्थित था और सुरक्षा बल अपनी ओर क्षति की आशंका के मद्देनजर लम्बे समय तक लक्षित मकान में आसानी से प्रवेश नहीं कर सके। अन्ततः, श्री जावेद इकबाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर की अगुवाई वाला प्रथम संयुक्त दल अंतिम हमला हेतु लक्षित मकान तक पहुंचने के लिए स्वेच्छा से आगे आया और श्री मो. अमीन पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) पीसी सोपोर के नेतृत्व वाला सीआरपीएफ और पुलिस से गठित दूसरे दल को कवर फायरिंग प्रदान करने और पहले दल के लक्षित घर पहुंचने तक आतंकवादियों को उलझाए रखने हेतु पहले दल को बैकअप प्रदान करने के लिए रखा गया।

तदनुसार, श्री जावेद इकबाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर के नेतृत्व में प्रथम एडवांस दल ने दूसरे दल की बैकअप फायरिंग की मदद से लक्षित घर की ओर रेंगना शुरू किया, परन्तु जैसे ही यह एडवांस दल लक्षित मकान तक पहुंचने के करीब था, आतंकवादियों ने यह भांपकर कि सुरक्षा बल लक्षित मकान तक पहुंच गए हैं, वे गोलियों का बौछार करते हुए मकान के मुख्य दरवाजे से बाहर कूद गए और उन्होंने संकरी गलियों का फायदा उठाते हुए उस स्थान से भागने का प्रयास किया, लेकिन एडवांस दल, विशेष रूप से श्री जावेद इकबाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर, सी.जी.सीटी. नज़ीर अहमद लोन सं. 593/एसपीआर, सी.जी.सीटी. ऐजाज़ अहमद डार सं. 870/एसपीआर और सिपाही जाहंगिर हुस्सैन माग्रे सं. 856/एसपीआर वहां पर पहले से ही डटे हुए थे और उन्होंने दूसरे संयुक्त दल की मदद से गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। इस प्रकार आमने-सामने की गोलीबारी की इस लड़ाई में प्रतिबंधित में लश्कर-ए-तैयबा आतंकी गुट के तीन खतरनाक आतंकवादी मारे गए, जिनकी पहचान बाद में अबु राफिया उर्फ उस्मान, निवासी-पाकिस्तान (लश्कर-ए-तैयबा गुट का "ए" श्रेणी आतंकवादी), कलिमुल्ला उर्फ सैफउल्ला, निवासी- पाकिस्तान (लश्कर-ए-तैयबा गुट का "ए" श्रेणी आतंकवादी) और शाहिद अहमद भट, पुत्र- वशीर अहमद भट, निवासी-हाफू नागीनपोरा त्राल, जिला-पुलवामा (जैश-ए-मोहम्मद/लश्कर-ए-तैयबा गुट) के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, आगे जांच-पड़ताल के लिए पुलिस स्टेशन सोपोर में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और यूएलए(पी) की धारा 16 के तहत मामलागत एफआईआर सं. 185/2020 दर्ज की गई।

ऑपरेशन का क्षेत्र घनी आबादी वाला था और यह चारों ओर से बगीचों से घिरा हुआ है, जो कि आतंकवादियों की गतिविधि/मौजूदगी के लिए सदैव पसंदीदा स्थान बना रहा है। इस प्रकार की खतरनाक परिस्थिति में ऐसे समस्याग्रस्त क्षेत्र में बिना किसी सम्पार्श्विक क्षति के

आतंकवादियों का सफाया करने के लिए एक सफल एवं सुरक्षित ऑपरेशन चलाना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी चुनौती थी, लेकिन श्री जावेद इकबाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर, सी.जी.सीटी. नज़ीर अहमद लोन सं. 593/एसपीआर, सी.जी.सीटी. ऐजाज़ अहमद डार सं. 870/एसपीआर और सिपाही जाहंगिर हुस्सैन माग्रे सं. 856/एसपीआर की अदम्य वीरता, नेतृत्वगुणों, पेशेवरता और बेजोड़ धैर्य के परिणामस्वरूप यह ऑपरेशन अपनी ओर बिना किसी क्षति के लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी गुट के तीन खतरनाक आतंकवादियों के खात्मे के साथ पूरा हो गया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री ऐजाज़ अहमद डार, सी.जी.सीटी., नज़ीर अहमद लोन, सी.जी.सीटी. और जाहंगिर हुस्सैन माग्रे, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12/07/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/119/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 238-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पद का तृतीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	ऐजाज़ अहमद मलिक	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
2	संजीव देव सिंह	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3	मंज़ूर अहमद	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	जावेद अहमद शैख	एस.सीटी.जी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29.01.2021 को, बशीर अहमद भट, पुत्र अब्दुल समद भट, निवासी- मंड्रा त्राल के रिहायशी घर में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) के 03 स्थानीय आतंकवादियों की मौजूदगी/छिपे होने के बारे में प्राप्त एक विशिष्ट सूचना के आधार पर, गांव मंड्रा त्राल में सेना की 42 आरआर और सीआरपीएफ की 180वीं बटालियन की सहायता से अवंतीपोरा पुलिस द्वारा अपराह्न लगभग 2 बजे एक संयुक्त घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। चूंकि आतंकवादी भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में अर्थात गांव मंड्रा त्राल के बीच में स्थित उक्त घर में छिपे हुए थे, इसलिए घेराबंदी करने वाली पार्टी के लिए लक्षित क्षेत्र/घर में पहुंचना और उच्च कोटि की सतर्कता बरतते हुए घेराबंदी करना तथा छिपे हुए आतंकवादियों को अचंभित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस चुनौतीपूर्ण कार्य के बावजूद, संयुक्त ऑपरेशनल पार्टी ने खतरनाक रास्ते को पार करते हुए लक्षित घर की घेराबंदी की।

जब घेराबंदी की जा रही थी, तभी वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र का फायदा उठाते हुए ऑपरेशनल पार्टियों पर ग्रेनेड फेंके और उनके ऊपर गोलीबारी भी की तथा घेराबंदी को तोड़ने का असफल प्रयास किया। तथापि, लक्षित क्षेत्र, जहां से आतंकवादी भागना चाहते थे, को पुलिस उपाधीक्षक ऐजाज़ अहमद मलिक, जेकेपीएस-एसडीपीओ त्राल के नेतृत्व में उप निरीक्षक संजीव देव सिंह, प्रभारी एसओजी त्राल, हेड कांस्टेबल मंजूर अहमद सं. 140/एडब्ल्यूटी ईएक्सके-085811 और एस.जी.सीटी. जावेद अहमद सं. 815/एडब्ल्यूटी, ईएक्सके-112056 की टीम ने पहले ही घेर लिया था और उन्होंने उच्च कोटि की पेशेवरता और बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादियों को गोलीबारी में उलझा दिया, जिसके परिणामस्वरूप वे घेराबंदी को तोड़ने में असफल रहे। उस लक्षित घर, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, के चारों ओर घेराबंदी को और अधिक सख्त कर दिया गया। लक्षित क्षेत्र के आस-पास के घरों से आम नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना अत्यंत खतरनाक कार्य था। उपर्युक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के नेतृत्व वाली ऑपरेशनल टीम ने स्वेच्छा से आगे बढ़ते हुए स्वयं को इस आसन्न खतरे में डालकर तथा आम नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का निर्णय लिया। उक्त टीम ने सर्वप्रथम लक्षित क्षेत्र के आस-पास स्थित घरों से सभी आम नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के कार्य को प्राथमिकता दी। अत्यधिक सावधानीपूर्ण सुरक्षा ड्रिल करने के बाद, घेराबंदी/हमलावर पार्टी आगे बढ़ी और लक्षित क्षेत्र/घर के निकट पहुंच गई तथा जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, उसमें फंसे हुए लोगों और लक्षित घर के आस-पास वाले घरों में फंसे हुए लोगों से भी अपने घर से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए टीम ने घोषणाएं भी कीं। तत्पश्चात उक्त टीम ने घरों में फंसे हुए सभी लोगों को सकुशल बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया। तथापि, आतंकवादियों को भी अपने हथियार डालने/गोला-बारूद वहीं पर छोड़ने और आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया, परंतु उन्होंने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया और इसके बजाय उन्होंने नागरिकों को बाहर निकालने वाली/हमलावर

पार्टी पर ग्रेनेड फेंकने के साथ-साथ उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी भी की। नागरिकों को बाहर निकालने वाली/हमलावर पार्टी ने भी प्रभावकारी ढंग से इस हमले का जवाब दिया और एक आतंकवादी को घटना स्थल पर ही मार गिराया।

नागरिकों को बाहर निकालने वाली/हमलावर पार्टी ने, शेष 02 आतंकवादियों द्वारा अपने हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने के लिए एक बार फिर से उद्घोषणा की, लेकिन जब उद्घोषणा की जा रही थी, तभी शेष 02 आतंकवादी घेराबंदी को तोड़ने और वहां से भाग निकलने के लिए, नागरिकों को बाहर निकालने वाली-नमलावर पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए लक्षित घर से बाहर की ओर भागे। नागरिकों को बाहर निकालने वाली/नमलावर पार्टी, जिसमें पुलिस उपाधीक्षक ऐजाज अहमद मलिक, एसडीपीओ त्राल, उप निरीक्षक संजीव देव सिंह प्रभारी एसओजी त्राल, हेड कशंस्टेबल मंजूर अहमद सं. 140/एडब्ल्यूटी 11 एवं एस.जी.सीटी. जावेद अहमद सं. 815/एडब्ल्यूटी शामिल थे, खुद को खतरे में डालते हुए एवं अत्यंत सतर्कता के साथ सुरक्षा ड्रिल करते हुए आगे बढ़ी और प्रभावी ढंग से हमले का जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप शेष 02 आतंकवादियों को घटना स्थल पर ही मार गिराया गया और यह ऑपरेशन अपनी ओर किसी क्षति के बिना समाप्त हो गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में (1) वारिस हस्सन भट, पुत्र गुलाम हस्सन भट, निवासी- नईबुग त्राल, (2) सैयद एहतिशाम-उल-हक, पुत्र सैयद इशाक अहमद शाह, निवासी- नूरपोरा अवंतीपोरा और (3) आरिफ बशीर शैख, पुत्र बशीर अहमद शैख, निवासी- मोंघामा त्राल के रूप में की गई, जो प्रतिबंधित संगठन हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) से जुड़े हुए थे। मारे गए आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया।

इस संबंध में, पुलिस स्टेशन त्राल में, आईपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 18, 20, 38 एवं 39 के तहत एक आपराधिक मामलागत एफआईआर सं. 07/2021 दर्ज है और जांच शुरू हो गई है।

मारे गए आतंकवादी क्रमशः अगस्त, 2020 एवं जनवरी, 2021 से सक्रिय थे और वे अत्यधिक प्रेरत थे तथा स्थानीय युवाओं को आतंकवाद से जुड़ने के लिए प्रलोभन भी दे रहे थे। प्रारंभिक अवस्था में ही उनका मारा जाना, पुलिस/सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपब्धि थी।

इर ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री ऐजाज़ अहमद मलिक, पुलिस उपाधीक्षक, संजीव देव सिंह, उप निरीक्षक, मंज़ूर अहमद, हेड कांस्टेबल और जावेद अहमद शैख, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29/01/2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/120/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 239-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	ग़ोहर अली ग़नैई	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	फर्हत हुस्सैन	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	नासर अहमद	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10.10.2020 को, कुलगाम पुलिस को गांव चेनिगाम, कुलगाम में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी के बारे में श्रीनगर पीसी से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। कुलगाम पुलिस/01 आरआर और 18वीं बटालियन सीआरपीएफ ने उक्त गांव की घेराबंदी कर दी और घर-घर तलाशी शुरू कर दी। एस.जी.सीटी. तारिक अहमद श्रीनगर पीसी की निगरानी टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कुलगाम की जिला पुलिस के साथ इस सूचना को ठीक समय पर साझा किया। श्री गुरिन्दर पाल सिंह, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, कुलगाम के समग्र पर्यवेक्षण के तहत श्री गुलाम मुहम्मद भट, जेकेपीएस, निरीक्षक ग़ोहर अली ग़नैई, एसएचओ यारीपोरा, उप निरीक्षक संदीप शर्मा, प्रभारी पीसी अमनू, उप निरीक्षक फर्हत हुस्सैन, प्रभारी पीसी फ्रिसल और सहायक उप निरीक्षक नासर अहमद, प्रभारी पीसी हातीपोरा के नेतृत्व में कई टीमों का गठन किया गया। निरीक्षक ग़ोहर अली ग़नैई सं. 20/पीएयू (एआरपी-046104), उप निरीक्षक फर्हत हुस्सैन सं. 77/पीएयू (एआरपी – 109372) और सहायक उप निरीक्षक नासर अहमद (एआरपी-973608) तथा 09 आरआर एवं 18वीं बटालियन सीआरपीएफ के समकक्ष कार्मिकों के नेतृत्व वाली शुरूआती पार्टियों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और बचकर भागने के सभी रास्तों को बंद कर दिया गया। शुरूआती घेराबंदी कर लेने तथा इस बात की पुष्टि हो जाने पर कि आतंकवादी लक्षित घर में छिपे हुए हैं, उक्त गांव में घेराबंदी को और सख्त कर दिया गया और तदनुसार सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। लक्षित घर का पता लगाया गया और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया। सर्च के दौरान, वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने अपने अवैध हथियारों से ऑपरेशनल पार्टी को जान से मार डालने के इरादे से

उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। आगे बढ़ रही सर्च पार्टियों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया, जिसके फलस्वरूप एक मुठभेड़ हो गई। वहां पर भीषण गोलीबारी शुरू हो गई, जो काफी देर तक चली। पुलिस पार्टी ने धैर्य एवं सहनशीलता का परिचय दिया और वे मौके पर डटे रहे। टीमों के बीच सामंजस्य और पूर्व रणनीतिक योजना प्रभावकारी साबित हुई, तथापि रूक-रूक कर गोलीबारी होती रही। परन्तु, पुलिस अधीक्षक कुलगाम की कमान में उपर्युक्त अधिकारी उस स्थान पर डटे रहे और उन्होंने हिम्मत एवं बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए अलग-अलग दिशाओं से लक्षित क्षेत्र में प्रवेश किया और 02 खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया, जिनमें से एक विदेशी आतंकवादी था।

पुलिस घटक, विशेषकर श्री गुरिन्दर पाल सिंह- आईपीएस 136012, श्री गुलाम मोहम्मद भट-जेकेपीएस 116044, निरीक्षक ग़ोहर अली ग़नैई सं. 20/पीएयू (एआरपी-046104), उप निरीक्षक संदीप कुमार शर्मा एआरपी-109246, उप निरीक्षक फर्हत हुस्सैन सं. 77/पीएयू (एआरपी-109372), सहायक उप निरीक्षक नासर अहमद (एआरपी – 973608), हेड कांस्टेबल मिर्जा अफाक अहमद बेग सं. 3509/एस ईएक्सके-972368, हेड कांस्टेबल राम लई सं. 21/आईआरपी 11वीं बटालियन एआरपी-901313, एस.जी.सीटी. तारिक अहमद सं. 319/आईआरपी 6ठीं बटालियन- 077216, सिपाही बिलाल अहमद सं. 673/केजीएम ईएक्सके-993892, सिपाही दाऊद अहमद सं. 1088/केजीएम ईएक्सके- 175926, एसपीओ जाकिर हुसैन तांत्रे सं. 674/के, एसपीओ आसिफ अहमद राथर सं. 912/के, एसपीओ समीर अहमद लोन सं. 921/के, एसपीओ इम्तियाज अहमद सं. 828/के, एसपीओ मोहम्मद अमीन सं. 152/के, एसपीओ फयाज अहमद सं. 313/के, एसपीओ मोहम्मद याकूब सं. 392/के, सज्जाद अहमद सं. 294/के और एसपीओ हिलाल अहमद सं. 839/के ने भी अपनी जान की सुरक्षा की परवाह किए बिना 02 खूंखार आतंकवादियों के सफाए में अनुकरणीय भूमिका निभाई। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में समीर भाई उर्फ उसमान उर्फ महमूद भाई, निवासी पाकिस्तान और तारिक अहमद मीर, पुत्र अब्दुल रहमान मीर, निवासी जंगुलपोरा, कुलगाम के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, यारीपोरा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13, 18, 19, 20 एवं 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 134/2020 आगे की जांच के लिए दर्ज है।

लगातार सफल ऑपरेशनों ने आतंकवादियों को अपनी जान बचाने के लिए बैकफुट पर ला दिया। उपर्युक्त अधिकारियों समेत कुलगाम जिले के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किए गए कठिन प्रयास की वजह से उक्त ऑपरेशन को 02 खूंखार आतंकवादियों के खात्मे के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री ग़ोहर अली ग़नैई, निरीक्षक, फर्हत हुस्सैन, उप निरीक्षक और नासर अहमद, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10/10/2020 से दिया जाएगा।

(संख्या 11020/124/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 240-प्रेज/2022-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	नज़ीर अहमद तांत्रे	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	सफीर हुस्सैन	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	राजेश कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	मोहम्मद अशर्फ प्लौट	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.06.2020 को, गांव बंदपावा के बगीचों में हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम)/लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली एक विशिष्ट सूचना के आधार पर, श्री अम्रितपाल सिंह-आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के समग्र पर्यवेक्षण में शोपियां पुलिस द्वारा 44 आरआर/सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के साथ उक्त गांव में एक संयुक्त घेराबंदी/सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस टीमों का नेतृत्व श्री माजद अली, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर और उप निरीक्षक नजीर अहमद तांत्रे (एआरपी-109228) द्वारा किया गया। ऑपरेशनल पार्टियों ने लक्षित क्षेत्र तक पहुंचने के लिए अपनी रणनीतिक सूझबूझ का इस्तेमाल किया। शुरूआत में संदिग्ध क्षेत्र की घेराबंदी करने के लिए सेना/पुलिस एवं सीआरपीएफ के दो संयुक्त दस्तों का गठन किया गया। श्री माजद अली, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर की कमान में पहली ऑपरेशनल टीम ने पूर्वी दिशा को कवर करते हुए लक्षित क्षेत्र के उत्तर से दक्षिण तक की घेराबंदी की, जबकि उप निरीक्षक नज़ीर अहमद तांत्रे (एआरपी-109228) के नेतृत्व वाली दूसरी ऑपरेशनल पार्टी को संदिग्ध क्षेत्र की पश्चिमी दिशा को कवर करते हुए उत्तर से दक्षिण तक की घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। घेराबंदी के दौरान, आरआर, सीआरपीएफ और पुलिस की संयुक्त

टीमों ने गहन समन्वय स्थापित किया और अत्यंत सामंजस्यपूर्ण/पेशेवर तरीके से कार्रवाई की, जबकि 178वीं बटालियन सीआरपीएफ/पुलिस पार्टी की एक अन्य टीम को कानून और व्यवस्था की दृष्टि से बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। जब घेराबंदी की जा रही थी, तभी आस-पास के इलाके में छिपे हुए आतंकवादियों ने ऑपरेशनल पार्टियों के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और इस प्रकार ऑपरेशनल पार्टियों के लिए, घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे हुए आम नागरिकों को बाहर निकालना एक विशिष्ट कार्य था। इसलिए, इस प्रयोजन के लिए दो टीमों का गठन किया गया। एक टीम का गठन उप निरीक्षक नजीर अहमद तांत्रे (एआरपी-109228) की कमान में और दूसरी टीम का गठन श्री माजद अली, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर की कमान के तहत किया गया। इन पार्टियों के लिए आम नागरिकों को बाहर निकालना एक दुष्कर कार्य था, जिसके लिए श्री माजद अली, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर, उप निरीक्षक नज़ीर अहमद तांत्रे सं. एआरपी-109228, सिपाही सफीर हुस्सैन सं. 832/एपी 8वीं बटालियन (एआरपी-107878), सिपाही राजेश कुमार सं. 864/आईआरपी 10वीं (एआरपी-096482), सिपाही मोहम्मद अशर्फ प्लौट सं. 878/एसपीएन (ईएक्सके-166645), सिपाही मुजफ्फर अहमद सं. 880/एसपीएन, सिपाही रईस अहमद सं. 861/एसपीएन और सिपाही अतुल धीमान सं. 498/आईआरपी 6ठीं बटालियन वाली पार्टियां लक्षित क्षेत्र, जहां से छिपे हुए आतंकवादी लगातार गोलीबारी कर रहे थे, के बिलकुल निकट पहुंच गईं और उन्होंने घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे हुए आम नागरिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। आम नागरिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकालने के बाद, आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परंतु उन्होंने इनकार कर दिया तथा लगातार गोलीबारी करने लगे और हेंड ग्रेनेड फेंकने लगे। ऑपरेशनल पार्टी ने प्रभावी रूप से इसका जवाब दिया, तथापि वहां छिपे हुए आतंकवादी घने बगीचों और संकरी गलियों का फायदा उठाते हुए लगातार अपनी पोजीशन बदल रहे थे। अब तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण वहां छिपे हुए आतंकवादियों का सफाया करना था।

श्री माजद अली, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर, उप निरीक्षक नजीर अहमद तांत्रे सं. एआरपी -109228, सिपाही सफीर हुस्सैन शाह सं. 832/एपी 8वीं बटालियन, सिपाही राजेश कुमार सं. 864/आईआरपी 10वीं बटालियन, सिपाही मोहम्मद अशर्फ सं. 878/एसपीएन, सिपाही मुजफ्फर अहमद सं. 880/एसपीएन, सिपाही रईस अहमद सं. 861/एसपीएन, सिपाही अतुल धीमान सं. 498/आईआरपी 6ठीं बटालियन, आरआर और सीआरपीएफ कार्मिकों वाले हमलावर समूहों ने युक्तिपूर्वक लक्ष्य की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। यद्यपि, आतंकवादियों की सटीक लोकेशन की पहचान करना कठिन कार्य था, तथापि, हमलावर पार्टियां अपनी जान की परवाह किए बिना लक्षित क्षेत्र के बिलकुल नजदीक पहुंच गईं और आतंकवादियों की गतिविधियों को लक्षित क्षेत्र के भीतर एक ही स्थान पर सीमित करने में सफल हो गईं। संयुक्त एडवांस पार्टियों ने असाधारण बहादुरी का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों की गतिविधि को रोकने के लिए लक्ष्य की ओर रेंगते हुए आगे बढ़ीं। आतंकवादियों ने ऑपरेशनल पार्टियों की गतिविधि को देखकर, उनकी ओर एक हैंड ग्रेनेड फेंका, परंतु हमलावर पार्टियों ने बिलकुल नजदीक की बंदूक की लड़ाई में यथोचित रूप से हमले का जवाब देते हुए आतंकवादियों को गोलीबारी करने अथवा हैंड ग्रेनेड फेंकने का कोई मौका नहीं दिया, जिसके परिणामस्वरूप पांच खूंखार आतंकवादियों का सफाया हो गया, जिनकी पहचान बाद में जहांगीर अहमद, पुत्र अली मोहम्मद मलिक, निवासी अचन पुलवामा (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन), नदीम-उ-ज़मां मलिक, पुत्र अब्दुल हामिद मलिक, निवासी- हैफ-खुरी जैनापोरा शोपियां (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन), मनासिर अहमद शाह उर्फ शाकिर, पुत्र मोहम्मद शफी शाह, निवासी-नाजनीनपोरा शोपियां (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन), आदिल हुसैन, पुत्र गुलाम मोहम्मद पाल, निवासी मालडीरा शोपियां (लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के श्रेणी "ए") और मोहसिन अहमद वानी, पुत्र मोहम्मद यूसुफ वानी, निवासी- अविंद शोपियां (लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन) के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन जैनापोरा में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 तथा विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 20, 23 और 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 68/2020 दर्ज है और जांच शुरू हो गई है।

श्री माजद अली, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर, उप निरीक्षक नज़ीर अहमद तांत्रे सं. एआरपी -109228, सिपाही मुजफ्फर अहमद सं. 880/एसपीएन, सिपाही रईस अहमद सं. 861/एसपीएन, सिपाही अतुल धीमान सं. 498/आईआरपी 6ठीं बटालियन, सिपाही सफीर हुस्सैन सं. 832/एपी 8वीं बटालियन, सिपाही राजेश कुमार सं. 864/आईआरपी 10वीं बटालियन और सिपाही मोहम्मद अशर्फ प्लौट सं. 878/एसपीएन, अपनी जान की परवाह किए बिना, आतंकवादियों के साथ प्रभावकारी तरीके से और बुद्धिमानी से लड़े और इनके द्वारा प्रदर्शित असाधारण साहस और पेशेवरता उल्लेखनीय है। इन अधिकारियों/कर्मचारियों ने घर में फंसे लोगों को बाहर निकालने का साहस दिखाया। यद्यपि, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके हुए सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की भरसक कोशिश की, परंतु ये सभी अधिकारी/कर्मचारी बाल-बाल बच गए। तथापि, इन अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपनी एकाग्रता खोए बिना अपने दिमाग का इस्तेमाल करते हुए बहादुरी से युद्ध किया और इस प्रकार से उनके नापाक मंसूबों को विफल कर दिया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री नज़ीर अहमद तांत्रे, उप निरीक्षक, सफीर हुस्सैन, सिपाही, राजेश कुमार, सिपाही और मोहम्मद अशर्फ प्लौट, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18/06/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/125/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 241-प्रेज/2022, राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	विक़ार यौनस	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	अस्सिफ मेहमूद	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 07.07.2020 को, पुलिस अधीक्षक पुलवामा को गुसू गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में बडगाम पुलिस से एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई, जो उस क्षेत्र में विध्वंसकारी कार्रवाई को अजांम देने के लिए अपनाई जाने वाली रणनीति पर चर्चा करने के उद्देश्य से आए हुए थे। इस सूचना की अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन काकापोरा, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन बडगाम और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पुलवामा के साथ पुष्टि की गई। लक्षित क्षेत्र के भू-भाग और अन्य पहलुओं के बारे में गहन चर्चा करने के बाद, इस सूचना की आगे 53 आरआर/183 बटालियन सीआरपीएफ के साथ भी पुष्टि की गई और गांव गुसू पुलवामा के लक्षित क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन बडगाम और पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन काकापोरा की सहायता से पुलिस अधीक्षक पुलवामा की कमान में पुलवामा/बडगाम पुलिस, 53 आरआर एवं 183 बटालियन सीआरपीएफ की संयुक्त टीमें गुसू गांव की ओर रवाना हो गईं और पार्टियों द्वारा लक्षित स्थान पर एक संयुक्त घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया तथा गलियों/उप-गलियों सहित सभी प्रवेश/निकास स्थलों एवं रास्तों को अच्छी तरह से बंद कर दिया गया। घेराबंदी को मजबूत करने के बाद, 53 आरआर और 183 बटालियन सीआरपीएफ के घटकों समेत हेड कांस्टेबल जहूर अहमद सं. 114/जेकेएपी 8वीं बटालियन, सिपाही अस्सिफ मेहमूद सं. 387/एपी 5वीं बटालियन (एआरपी-091278), एस.जी.सीटी. अर्शद अहमद बाबा सं. 153/आईआर चौथी बटालियन तथा एसपीओ अब्दुल मजीद सं. 722/एसपीओ की सहायता से पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) बडगाम श्री विक़ार यौनस सं. केपीएस-155783 के नेतृत्व में पीसी पुलवामा/बडगाम की एक टीम को लक्षित स्थान की तलाशी हेतु वहां जाने के लिए कहा गया। उपर्युक्त सर्च पार्टी को सहयोग और कवर प्रदान करने के लिए एस.जी.सीटी. मुख्तार अहमद खांडे सं. 1929/एस, एस.जी.सीटी. गुलाम कादिर लोन सं. 1620/पीएल (ईएक्सके-126921), एसपीओ शबनम तबस्सुम सं. 524/एसपीओ तथा एसपीओ राकेश कुमार सं. 632/एसपीओ की सहायता से निरीक्षक रविन्दर सिंह सं. 142 पीएयू (ईएक्सके 109158) के नेतृत्व में एक अन्य टीम गठन किया गया। जैसे ही सर्च पार्टी किसी मोहम्मद मकबूल अहंगर, पुत्र गुलाम अहमद अहंगर, निवासी गुसू के संदिग्ध घर के पास पहुंची, तभी उक्त घर में छिपे हुए आतंकवादियों ने सर्च पार्टी की ओर अंधाधुंध गोलियों की बौछार शुरू कर दी, जिसके फलस्वरूप 53 आरआर के 03 सैन्य कार्मिकों नामत: नायक राजविंदर सिंह सं. 2503271 एक्स, लांस नायक किशोर कुमार सं. 2505168 एल, सिपाही अमनदीप सिंह सं. 15509757 वाई और सिपाही अस्सिफ मेहमूद सं. 387/एपी 5वीं बटालियन (एआरपी 091278) गोलियां लगने से घायल हो गए। इस पर, पुलिस/सुरक्षा बल पार्टी के साथ पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) बडगाम श्री विक़ार यौनस सं. केपीएस-155783 अपनी एकाग्रता को खोए बिना तत्काल हरकत में आए और समर्पण के साथ हमले का जवाब दिया तथा आतंकवादियों को रक्षात्मक रवैया अपनाने पर मजबूर कर दिया। शीघ्र ही पुलिस/सुरक्षा बल पार्टी के साथ निरीक्षक रविन्दर सिंह सं. 142/पीएयू (ईएक्सके 109158) के नेतृत्व में अतिरिक्त सैन्य पार्टी, अपनी जान की परवाह किए बिना, छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा की जा रही गोलियों की बौछार के बीच घायल जवानों को बाहर निकालने के लिए घर के भीतर घुस गई। तथापि, अतिरिक्त सैन्य पार्टी ने साहस के साथ हमले का जवाब दिया तथा आतंकवादियों को घेराबंदी वाले क्षेत्र से बचकर भागने का कोई रास्ता नहीं मिल सका और अतिरिक्त सैन्य पार्टी घायल जवानों को लेकर घर से बाहर निकल आई और उपचार के लिए उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया। तथापि, उनमें से सेना के एक जवान नामत: राजविंदर सिंह सं. 2503271 एक्स ने घायल होने की वजह से दम तोड़ दिया।

चूंकि ऑपरेशन एक घनी आवादी वाले क्षेत्र में चल रहा था और आम नागरिकों के हताहत होने की आशंका थी, इसलिए पुलिस अधीक्षक पुलवामा ने संयुक्त पुलिस/सुरक्षा बल पार्टियों के प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने का निदेश दिया कि घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन वाले क्षेत्र में फंसे हुए आम नागरिकों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला जाए। आम नागरिकों को बाहर निकालने की प्रक्रिया के दौरान पार्टियां आतंकवादियों की गोलीबारी की चपेट में आ गईं और बाल-बाल बच गईं। तथापि, अपनी ओर किसी क्षति के बिना आम नागरिकों को सफलतापूर्वक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया। लक्षित क्षेत्र से आम नागरिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकालने के बाद, घेराबंदी को और ज्यादा सख्त कर दिया गया तथा बचकर भागने के सभी संभव रास्तों को कंसर्टिना तारों से बंद कर दिया गया और लक्षित क्षेत्र में रोशनी करने के लिए सर्च/स्ट्रीट लाइटें लगा दी गईं। आगे बढ़ने से पहले, छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परन्तु वे वहां पर तैनात सुरक्षा बलों पर लगातार अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे और उन्होंने घेराबंदी वाले क्षेत्र से बचकर भागने के लिए कई बार कोशिश की, परन्तु सफल नहीं हो सके।

पुलिस अधीक्षक पुलवामा के निर्देश पर, आतंकवादियों से प्रभावी तरीके से लड़ने के लिए चार (04) टीमें बनाई गईं। हेड सिपाही रेयाज अहमद सं. 607/एडब्ल्यूपी, एस.जी.सीटी. मुख्तार अहमद खांडे सं. 1929/एस, एस.जी.सीटी. गुलजार अहमद सं. 916/बीडी, सिपाही सरताज अहमद सं. 26/बीडी तथा एसपीओ राकेश कुमार सं. 632/एसपीओ की सहायता से तथा सेना और सीआरपीएफ के समकक्ष कार्मिकों की पार्टी के साथ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) बडगाम श्री विक़ार यौनस सं. केपीएस-155783 के नेतृत्व वाली पहली पार्टी को पूर्वी दिशा से

गोलीबारी का जवाब देने, सेना और सीआरपीएफ के समकक्ष कार्मिकों वाली पार्टी के साथ हेड कांस्टेबल चन्दर सिंह सं. 822/आईआर 11वीं बटालियन, हेड कांस्टेबल मनप्रीत सिंह सं. 283/एपी 5वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. मुख्तार अहमद सं. 1190/पीएल तथा एस.जी.सीटी. मोहम्मद रफीक सं. 1280/पीएल की सहायता से पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन काकापोरा श्री नवाज अहमद सं. जेकेपीएस-116211 के नेतृत्व वाली दूसरी पार्टी को दक्षिणी दिशा से गोलीबारी का जवाब देने; सेना तथा सीआरपीएफ के समकक्ष कार्मिकों वाली पार्टी के साथ हेड कांस्टेबल जहूर अहमद सं. 114/एपी 8वीं बटालियन, हेड कांस्टेबल हेमू कुमार सं. 818/आईआर 11वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. अर्शद अहमद बाबा सं. 153/आईआर चौथी बटालियन तथा सिपाही तारिक अहमद सं. 459/एपी 9वीं बटालियन की सहायता से निरीक्षक रविन्दर सिंह सं.142/पीएयू (ईएक्सके 109158) के नेतृत्व वाली तीसरी पार्टी को उत्तरी दिशा से गोलीबारी का जवाब देने और सेना तथा सीआरपीएफ के समकक्ष कार्मिकों वाली पार्टी के साथ सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद अमीन सं. 230/आईआर 11वीं बटालियन, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार सं. 299/आईआर तीसरी बटालियन, एस.जी.सीटी. गुलाम कादिर लोन सं. 1620/पीएल (ईएक्सके 126921), एसपीओ अब्दुल मजीद सं. 722/एसपीओ और शबनम तबस्सुम सं. 524/एसपीओ की सहायता से उप-निरीक्षक मोहम्मद इश्तियाक सं.166/आईआर 11वीं बटालियन के नेतृत्व वाली चौथी पार्टी को दक्षिण दिशा में पोजीशन लेने के लिए कहा गया।

छिपे हुए आतंकवादियों का सफाया करने के लिए, पुलिस अधीक्षक पुलवामा ने संयुक्त पार्टियों को यथोचित रूप से पोजीशन लेने और आतंकवादियों की गोलीबारी का दृढ़ता से जवाब देने का निदेश दिया। दिए गए निदेश के अनुसार, गठित की गई चारों टीमों ने लक्षित घर के चारों तरफ उपयुक्त स्थानों पर तत्काल पोजीशन ले ली। छिपे हुए आतंकवादियों को सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण करने की पुन: पेशकश की गई, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया और सैन्य दस्तों पर लगातार गोलीबारी करते रहे। संयुक्त पार्टियों ने अपने अनमोल जीवन की परवाह किए बिना बहादुरी के साथ हमले का जवाब दिया और एक आतंकवादी को मार गिराया, जिसकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) गुट के मुदासिर अहमद भट, पुत्र अब्दुल राशिद भट, निवासी लारीबल काकापोरा के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलवामा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307 तथा 302, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18 एवं 20 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 163/2020 आगे की जांच के लिए दर्ज है।

इस ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री विक़ार यौनस, पुलिस उपाधीक्षक और अस्सिफ मेहमूद, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07/07/2020 से दिया जाएगा।

(संख्या 11020/130/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 242-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	जावेद अहमद डार	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	मोहम्मद आबास वागे	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	बशीर अहमद खान	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	नज़ीर अहमद टरग्वाल	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
5	अशवनी कुमार	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 08.06.2020 को, शोपियां पुलिस को किसी शमीम अहमद पॉल, पुत्र अब्दुल रहीम पॉल, निवासी मीर मोहल्ला पिंजूरा के रिहायशी घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, 44 आरआर/14वीं बटालियन सीआरपीएफ के सहयोग से शोपियां पुलिस द्वारा पिंजूरा गांव में एक संयुक्त घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन चलाने की योजना बनाई गई और इसे अंजाम दिया गया। जैसे ही सर्च पार्टी संदिग्ध क्षेत्र में पहुंची, रिहायशी घर में छिपे हुए आतंकवादियों ने अपने अवैध हथियारों से सर्च पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप 44 आरआर के कुछ जवान घायल हो गए और जेके-02 बीबी-5337 पंजीकरण नम्बर वाले सरकारी वाहन (रक्षक) को नुकसान पहुंचा। आतंकवादियों द्वारा की गई भारी गोलीबारी से आम नागरिकों में भी दहशत फैल गई। घायल

जवानों को बाहर निकालकर उपचार के लिए तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। सैन्य दस्तों ने तुरंत कवर ले लिया और साहस के साथ हमले का जवाब दिया, जिससे वहां पर आतंकवादियों और पुलिस/सुरक्षा बलों के बीच बंदूक की भीषण लड़ाई शुरू हो गई।

श्री अम्रितपाल सिंह- आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व में निरीक्षक जावेद अहमद डार सं. (ईएक्सके 109550) एसएचओ पुलिस स्टेशन शोपियां, हेड कांस्टेबल मोहम्मद आबास वागे सं. 49/एसपीएन (ईएक्सके-012401), हेड कांस्टेबल बशीर अहमद खान सं. 190/एसपीएन (ईएक्सके-961445), एस.जी.सीटी. नजीर अहमद टरग्वाल सं.619/आईआर दूसरी बटालियन (एआरपी-096541), एस.जी.सीटी. अशवनी कुमार सं. 824/आईआरपी दूसरी बटालियन (एआरपी-106840), एस.जी.सीटी. विक्रम सिंह सं. 659/यूडीएच, सिपाही मुबाशिर हस्सन शैख सं. 934/आईआरपी 21वीं बटालियन, सिपाही मुजफ्फर अहमद सं. 1812/ए, एसपीओ आशक हुस्सैन मलिक सं. 2180/ए, एसपीओ मंजूर अहमद सं. 473/एसपीओ, एसपीओ शफत हुस्सैन सं. 157/एसपीएन, एसपीओ जहूर अहमद सं. 278/एसपीएन, एसपीओ तारिक अहमद सं. 453/एसपीएन, एसपीओ अर्शीद अहमद सं. 296/एसपीएन, एसपीओ मोहम्मद यूसुफ सं. 424/एसपीएन तथा एसपीओ आशिक हुस्सैन सं. 425/एसपीएन सहित शोपियां पुलिस तथा 44 आरआर और 14वीं बटालियन सीआरपीएफ के संयुक्त हमलावर समूह ने स्वेच्छा से आम नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाई।

अपनी ओर किसी भी क्षति से बचने के लिए ऑपरेशन को रात तक के लिए रोक दिया गया और सभी रास्तों तथा पगडंडियों को ठीक तरह से बंद कर दिया गया, ताकि घिरे हुए आतंवादियों को घेराबंदी वाले क्षेत्र से बचकर भागने का कोई मौका न मिले। अगली सुबह तड़के ही आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने की कोशिश की और उन्होंने अलग-अलग दिशाओं से भारी गोलीबारी भी शुरू कर दी। आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया और इसके बजाय उन्होंने पुलिस पार्टी पर लगातार अंधाधुंध गोलीबारी की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व में निरीक्षक जावेद अहमद डार (ईएक्सके-109550) एसएचओ पुलिस स्टेशन शोपियां, हेड कांस्टेबल मोहम्मद आबास वागे सं. 49/एसपीएन, हेड कांस्टेबल बशीर अहमद खान सं. 190/एसपीएन, एस.जी.सीटी. नज़ीर अहमद टरग्वाल सं. 619/आईआर दूसरी बटालियन, एस.जी.सीटी. अशवनी कुमार सं. 824/आईआरपी दूसरी बटालियन, एस.जीसीटी. विक्रम कुमार सं. 659/यूडीएच तथा सिपाही मुबाशिर हुस्सैन सं. 934/आईआरपी 21वीं बटालियन वाली टीम ने साहस और अदम्य भावना का परिचय दिया, जिसके परिणामस्वरूप चार आतंकवादियों का सफाया हो गया, जिनकी पहचान बाद में उमर मोहि-उद्दीन धोबी, पुत्र गुलाम मोहि-उद्दीन धोबी, निवासी पिंजूरा शोपियां (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) गुट के "ए" श्रेणी), रईस अहमद खान, पुत्र गुलाम मोहम्मद खान, निवासी वेहिल शोपियां (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) गुट के "ए" श्रेणी), सकलैन अमीन, पुत्र मोहम्मद अमीन वागे, निवासी रेबान, शोपियां (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) गुट) और वकील अहमद नाइकू, पुत्र मोहम्मद याकूब नाइकू, निवासी राखपोरा शोपियां (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) गुट) के रूप में की गई।

मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, आगे की जांच के लिए शोपियां पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16,19,20 और 39 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 134/2020 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री जावेद अहमद डार, निरीक्षक, मोहम्मद आबास वागे, हेड कांस्टेबल, बशीर अहमद खान, हेड कांस्टेबल, नज़ीर अहमद टरग्वाल, एस.जी.सीटी. और अशवनी कुमार, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08/06/2020 से दिया जाएगा।

(संख्या 11020/133/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 243-2022/प्रेज—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	शीज़ान भट	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	नज़ीर अहमद टरग्वाल	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19.08.2020 को, शोपियां पुलिस ने एक विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद शोपियां जिले के मूलू-डंगरपोरा गांव में 44 आरआर और 178वीं बटालियन सीआरपीएफ की सहायता से एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, यह निर्णय लिया गया कि एक पुलिस घटक, आर आर और सीआरपीएफ की क्यूआरटी लक्षित क्षेत्र की ओर जाएगी और तलाशी शुरू करेगी। श्री शीज़ान भट, पुलिस उपाधीक्षक पीसी इमामसाहिब (केपीएस-125690) की कमान में संयुक्त सर्च पार्टियां योजना के अनुसार लक्षित स्थान पर पहुंच गईं और घरों के एक समूह की घेराबंदी करके तलाशी शुरू की गई। संयुक्त सैन्य दस्तों ने आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में वहां के कुछ निवासियों से आकस्मिक रूप से पूछताछ की। इसी बीच, पास ही के बगीचे में छिपे आतंकवादी ने ऑपरेशनल पार्टियों की बातचीत सुन ली और बगीचे की बाड़ से कूद पड़ा तथा घेराबंदी को तोड़ने और बचकर भागने के लिए उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, श्री शीज़ान भट, पुलिस उपाधीक्षक पीसी इमामसाहिब, अब पुलिस उपाधीक्षक डीएआर शोपियां के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने तुरंत पोजीशन ले ली और गोलीबारी का प्रभावकारी रूप से जवाब दिया, जिसकी वजह से आतंकवादी को घटना स्थल से भागने का कोई मौका नहीं मिला। आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित होने की सूचना को सभी संबंधित लोगों के साथ साझा किया गया। पुलिस पार्टी के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन के कमांडेंट भी अपनी कम्पनी के साथ घटना स्थल की ओर रवाना हो गए और शुरूआती पार्टियों के पास पहुंच गए। घटना स्थल पर पहुंचने के बाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शोपियां ने घटना स्थल का जायजा लिया। इसी बीच, आरआर की अन्य पार्टियां भी उस स्थान पर पहुंच गईं। चूंकि ऑपरेशन एक बड़े क्षेत्र में चलाया जाना था, इसलिए घेराबंदी वाली पार्टी में सैन्य दस्तों की और अधिक नफरी शामिल की गई। घेराबंदी करने के बाद, आरआर तथा 178वीं बटालियन सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों के साथ तलाशी शुरू की गई और लक्ष्य की पहचान कर ली गई। शीघ्र ही, श्री अम्रितपाल सिंह- आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के समग्र पर्यवेक्षण में दो सर्च पार्टियों का गठन किया गया, जिसमें से पहली पार्टी का गठन श्री आरिफ अमीन शाह- जेकेपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक शोपियां की कमान के तहत और दूसरी पार्टी का गठन श्री शीज़ान भट, पुलिस उपाधीक्षक पीसी इमामसाहिब की कमान के तहत किया गया। तदनुसार, उक्त मोहल्ले में स्थित घरों के समूह की घेराबंदी को और मजबूत करते हुए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, जिसके दौरान सर्च पार्टी ने संदिग्ध गतिविधि देखी और आतंकवादी ने खुद को पूरी तरह से घिरा हुआ पाकर ऑपरेशनल पार्टियों पर गोलीबारी शुरू कर दी तथा बगीचे के रास्ते से घेराबंदी से भागने के लिए उसने घेराबंदी को तोड़ने का प्रयास किया। आतंकवादियों द्वारा शुरू की गई गोलीबारी से आम नागरिकों में दहशत फैल गई। सहायक उप निरीक्षक बल्बीर सिंह सं. 204/एसपीएन, एस.जी.सीटी. नज़ीर अहमद सं. 619/आईआरपी दूसरी बटालियन और सिपाही मनोज कुमार सं. 495/आईआरपी 17वीं बटालियन की सहायता से श्री शीज़ान भट, पुलिस उपाधीक्षक, इमामसाहिब ने अपनी ओर किसी भी क्षति से बचने के लिए आम नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी स्वेच्छा से ले ली और इस कार्य में भारी जोखिम के बावजूद उन्होंने अपनी निजी सुरक्षा की जरा सी भी परवाह नहीं की और वे आम नागरिकों को बाहर निकालने में सफल रहे। आम नागरिकों को बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, आतंकवादी से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उसने इनकार कर दिया और इसके बजाय ऑपरेशनल पार्टियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करता रहा। ऑपरेशन को सफल बनाने और आतंकवादियों को मार गिराने के लिए, संयुक्त सर्च पार्टियों ने आतंकवादियों की ओर जवाबी गोलीबारी की। तथापि, आतंकवादी पास के बगीचे में अपनी लोकेशन बार-बार बदल रहा था। संयुक्त सैन्य दस्तों ने उसे उलझाने के लिए पूरे बगीचे में अपनी-अपनी पोजीशन संभाल ली और वे आतंकवादी की पोजीशन वाले स्थान की विपरीत दिशा से उसे घेरने के लिए आगे बढ़े। इसी बीच, सहायक उप निरीक्षक बल्बीर सिंह सं. 204/एसपीएन, एस.जी.सीटी. नज़ीर अहमद टरग्वाल सं. 619/आईआरपी दूसरी बटालियन (एआरपी-096541) और सिपाही मनोज कुमार सं. 495/आईआरपी 17वीं बटालियन सहित श्री शीज़ान भट-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक, पीसी इमामसाहिब, अब पुलिस उपाधीक्षक डीएआर शोपियां ने भी बगीचे को पार कर लिया और रेंगते हुए, पेड़ों की आड़ में आतंकवादियों के नजदीक पहुंच गए। आतंकवादी ने देखा कि संयुक्त ऑपरेशन पार्टियां ऊँचाई वाली सतह से उसे घेर रही हैं और सावधानीपूर्वक उसकी ओर बढ़ रहीं हैं, इसलिए, उसने अपनी पोजीशन बदलने की कोशिश की तथा पगडंडी के रास्ते बचकर भागने का प्रयास किया। परन्तु उक्त पार्टी अपनी जान की परवाह किए बिना सावधानीपूर्वक आगे बढ़ते हुए उसके और नजदीक पहुंच गई और आतंकवादी पर गोलीबारी करके उसे मार गिराया। गोलीबारी रूक जाने के बाद, घेराबंदी को यथावत बनाए रखते हुए तलाशी शुरू की गई। तलाशी के दौरान, मुठभेड़ स्थल से एक आतंकवादी का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान बाद में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) गुट के तालिब हुस्सैन, पुत्र निसार अहमद मीर, निवासी माहीपोरा कुलगाम के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, शोपियां पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 20 और 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 192/2020 आगे की जांच के लिए दर्ज है।

श्री शीज़ान भट सं. केपीएस-125690, पुलिस अधीक्षक (पीसी) इमामसाहिब, सहायक उप निरीक्षक बल्बीर सिंह सं. 204/एसपीएन, एस.जी.सीटी. नज़ीर अहमद टरग्वाल सं. 619/आईआरपी दूसरी बटालियन (एआरपी- 096541), सिपाही मनोज कुमार सं. 495/आईआरपी 17वीं बटालियन तथा सिपाही खलील अहमद सं. 400/आईआरपी तीसरी बटालियन ने पेशेवरता और उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया और वे अपनी जान की परवाह किए बिना दक्षता और बुद्धिमानी के साथ लड़े, जो उल्लेखनीय है, क्योंकि अत्यंत प्रतिकूल स्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने का उनका प्रयास वास्तव में वीरतापूर्ण था। अधिकारियों/कर्मचारियों ने घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए साहस का प्रदर्शन किया। आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की भरसक कोशिश की, जिसमें ये सभी अधिकारी/कर्मचारी बाल-बाल बच गए। तथापि, इन अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपनी एकाग्रता को खोए बिना बहादुरी से युद्ध किया और आतंकवादी के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया। ऑपरेशन स्थल पर सुरक्षित तरीके से मिशन का पूरा होना इस ऑपरेशन की मुख्य विशेषता

रही।इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री शीज़ान भट, पुलिस उपाधीक्षक और नज़ीर अहमद टरग्वाल, एस.जी.सीटी .ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19/08/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/136/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 244-प्रेज2022/—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	श्री अम्रितपाल सिंह	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	रमेश लाल	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	अब्दुल मजीद डार	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	मंज़ूर अहमद	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.08.2020 को, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां को किलूरा गांव में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई, जो आम लोगों के बीच डर पैदा करने के उद्देश्य से पुलिस/सुरक्षा बलों पर आतंकवादी हमला करने की योजना बना रहे थे। इस सूचना को 44 आर आर/178 बटालियन सीआरपीएफ के साथ साझा किया गया और श्री अम्रितपाल सिंह- आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां आईपीएस-145795 के पर्यवेक्षण में एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। तत्पश्चात, लक्षित क्षेत्र की तलाशी शुरू करने के लिए 44 आर आर/178 बटालियन सीआरपीएफ के साथ पुलिस की टीमों का गठन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां, एस.जी.सीटी. अब्दुल मजीद डार सं. 281/बीडी ईएक्सके-066881, निरीक्षक रमेश लाल सं. एआरपी- 831868 और एस.जी.सीटी. मंज़ूर अहमद सं. 715/आईआरपी 17वीं बटालियन एआरपी- 992558 शामिल थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान, सर्च टीम ने लक्षित क्षेत्र का पता लगाया/उसे घेर लिया। लक्षित स्थान को घेरने के बाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां ने घेराबंदी को मजबूत करने और बाहर निकलने की जगहों को बंद करने के लिए निरीक्षक रमेश लाल सं. एआरपी-831868 के साथ घेराबंदी की व्यक्तिगत रूप से जांच की।

इस बीच, लक्षित घर में छिपे आतंकवादियों ने ऑपरेशनल पार्टियों की गतिविधि को भांपते हुए, सर्च पार्टियों को जान से मारने के इरादे से अपने हथियारों से उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सर्च पार्टियों ने तत्काल कवर ले लिया और साहस के साथ उनके हमले का जवाब दिया, जिससे आतंकवादियों तथा सर्च पार्टियों के बीच बन्दूक की भीषण लड़ाई शुरू हो गई। तथापि, यह देखा गया कि कुछ आम नागरिक घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंस गए हैं। निरीक्षक रमेश लाल सं. एआरपी- 831868, एस.जी.सीटी. मंज़ूर अहमद सं. 715/आईआरपी-17वीं बटालियन एआरपी- 992558 तथा एस.जी.सीटी. अब्दुल मजीद डार सं. 281/बीडी ईएक्सके- 066881 सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व में सर्च पार्टियों ने वहां फंसे हुए आम नागरिकों को बाहर निकालने की जिम्मेदारी ले ली। कई बार प्रयास करने के बाद, वे वहां पर फंसे हुए लगभग 30 आम नागरिकों को बाहर निकालने और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सफल रहे।

इसके बाद, छिपे हुए आतंकवादियों का सफाया करने हेतु अंतिम हमला करने के लिए दो टीमें बनाई गईं, जिसमें से पहली टीम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व में निरीक्षक रमेश लाल सं. एआरपी- 831868, एस.जी.सीटी. मंज़ूर अहमद सं. 715/आईआरपी 17वीं बटालियन एआरपी- 992558 तथा एस.जी.सीटी. अब्दुल मजीद डार सं. 281/बीडी ईएक्सके- 066881 शामिल थे और दूसरी टीम में 44 आर आर शामिल थी। अंतिम हमला शुरू करने से पहले, वहां छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया और सुरक्षा बलों की ओर भारी गोलीबारी शुरू कर दी तथा ग्रेनेड भी फेंका। उन्हें मार गिराने के लिए, उपर्युक्त टीमें लक्ष्य की ओर आगे बढ़ीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व वाली टीम ने एक अन्य नफ़री के साथ लक्षित क्षेत्र को उत्तर एवं पूर्वी दिशा से घेर लिया और रेंगते हुए तथा चतुराई से आगे बढ़ते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना साहस और बहादुरी के साथ सामने से हमले का प्रभावकारी ढंग से जवाब दिया। वहां पर हुई आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई के दौरान आतंकवादियों ने उत्तर-पूर्वी दिशा से बचकर भागने का प्रयास किया, जिसमें अल-बदर आतंकी संगठन के 04 आतंकवादी मारे गए और 01 आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनकी पहचान बाद में शकूर अहमद, पुत्र मोहम्मद सादिक पर्रे, निवासी कुंडलान शोपियां, सुहैल रशीद, पुत्र अब्दुल रशीद भट, निवासी मुरादपोरा, जुबैर

अहमद, पुत्र गुलजार अहमद नंग्रू, निवासी अलूरा इमामसाहिब शोपियां, शकीर-उल-जब्बार, पुत्र मोहम्मद जब्बार सोफी, निवासी कडलाबल अवंतीपोरा और शोएब अहमद भट (गिरफ्तार), पुत्र मोहम्मद शफ़ी भट, निवासी चेरसू अवंतीपोरा के रूप में की गई।

मारे गए/गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, आगे की जांच के लिए इमामसाहिब पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 तथा विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16,20 और 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 74/2020 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री अम्रितपाल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रमेश लाल, निरीक्षक, अब्दुल मजीद डार, एस.जी.सीटी. और मंज़ूर अहमद, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28/08/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/138/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 245-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	मोहम्मद सुलेमान चौधरी, आईपीएस	पुलिस उप महानिरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	निसार अहमद भट	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3	रविंदर कुमार	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4	फारूक़ अहमद भट	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.09.2020 को बारामूला पुलिस को भरोसेमंद स्रोतों से इस आशय की विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि कुछ आतंकवादी यादिपोरा पट्टन गांव में छिपे हुए हैं, जो अवैध रूप से हासिल किए गए अत्याधुनिक हथियारों/गोलाबारूद से लैस हैं और चारों तरफ आतंक फैलाने के लिए सुरक्षा बलों पर हमला करने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, सीआरपीएफ की 176वीं बटालियन और सेना की 29 आरआर के साथ बारामूला पुलिस द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। आतंकवादी किसी मोहम्मद मकबूल तांत्रे, पुत्र मोहम्मद इस्माइल तांत्रे, निवासी साथ मोहल्ला यादिपोरा पट्टन के घर में छिपे हुए थे। ऑपरेशन के दौरान, संदिग्ध स्थल की घेराबंदी कर दी गई और छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। तथापि, वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण करने के बजाय संयुक्त सर्च ऑपरेशन पार्टी पर ग्रेनेड फेंके और उसके बाद अवैध रूप से हासिल किए गए अत्याधुनिक हथियारों से उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी भी की, जिसके परिणामस्वरूप सेना के 01 मेजर नामत: रोहित शर्मा घायल हो गए।

तैयार की गई रणनीति के अनुसार, जिस संदिग्ध घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, उसकी घेराबंदी कर दी गई। सीओ 29 आरआर के नेतृत्व में सेना की 29 आरआर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन मुकेश कुमार कक्कड़ के नेतृत्व में बारामूला पुलिस और 176 बटालियन सीआरपीएफ के सीओ के नेतृत्व में सीआरपीएफ की 176वीं बटालियन वाली संयुक्त पार्टियां, जिसमें संस्तुत कार्मिक भी शामिल थे, पुलिस उप-महानिरीक्षक एनकेआर श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी, आईपीएस- 086016 के समग्र पर्यवेक्षण में, गैर-परम्परागत रास्तों से होते हुए संदिग्ध स्थल की ओर आगे बढ़ीं, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे और उन्होंने पूरी तरह से सुरक्षित घेराबंदी किए जाने तक अत्यधिक विस्मय बनाए रखा। आतंकवादियों को घेराबंदी को तोड़कर भागने से रोकने के लिए, बचकर भागने के सभी संभावित रास्तों को युक्तिपूर्वक और गुप्त रूप से बंद कर दिया गया। देर रात का समय होने तथा क्षेत्र के चारों ओर घने बगीचे होने के कारण, वहां छिपे हुए आतंकवादियों तक पहुंचने के दौरान स्थिति अत्यंत प्रतिकूल और खराब हो गई। त्रुटिहीन योजना, दूरदर्शिता और अद्वितीय दृढ़संकल्प के कारण, इन तीनों अधिकारियों की कमान में ऑपरेशनल घटकों ने आसानी से इन प्रतिकूल बाधाओं को दूर कर दिया।

सफलतापूर्वक ठोस घेराबंदी करने के बाद, अगला कदम आस-पास के घरों से आम नागरिकों को बाहर निकालना था। इस उद्देश्य के लिए, श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी, पुलिस उप-महानिरीक्षक, एनकेआर बारामूला, आईपीएस-086016 के समग्र पर्यवेक्षण के अंतर्गत पुलिस

उपाधीक्षक जफर मेंहदी और पुलिस उपाधीक्षक फैजान अली के नेतृत्व में मौके पर ही दो संयुक्त पार्टियां बनाई गईं और संस्तुत कार्मिक अर्थात् निरीक्षक निसार अहमद भट सं. एआरपी-046110, उप निरीक्षक रविंदर कुमार सं. 376/एस, ईएक्सके-791328 और हेड कांस्टेबल फारूक़ अहमद भट सं. 577/एस (ईएक्सके-984082) स्वेच्छा से इन पार्टियों में शामिल हो गए। आम नागरिकों को बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, इन आतंकवादियों का सफाया करने के लिए घटनास्थल पर मौजूद ऑपरेशनल अधिकारी द्वारा एक हमलावर टीम बनाई गई और उसे स्थल पर जाने का कार्य सौंपा गया। निरीक्षक निसार अहमद भट (एआरपी-046110), उप-निरीक्षक रविंदर कुमार सं. 376/एस (ईएक्सके-791328) और हेड कांस्टेबल फारूक़ अहमद भट सं. 577/एस (ईएक्सके-984082) वाली हमलावर टीम, जिसमें ये सभी कार्मिक स्वेच्छा से शामिल हुए थे, पुलिस उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामूला के समग्र पर्यवेक्षण में आंतरिक/बाहरी घेराबंदी वाली टीमों के साथ समन्वय स्थापित करके पूर्ण तालमेल बनाए रखते हुए उत्तरी दिशा से स्थल की ओर आगे बढ़ी और लक्षित भवन के निकट पहुंच गई। हमलावर पार्टी ने अपनी जान की परवाह किए बिना घर में प्रवेश किया और प्रत्येक कमरे की तलाशी शुरू कर दी।

हमलावर पार्टी ने भूतल के एक कमरे में आतंकवादी की मौजूदगी को भांप लिया और निरीक्षक निसार अहमद भट (एआरपी-046110), जिन्होंने दरवाजे के पास पोजीशन ले रखी थी तथा उप निरीक्षक रविंदर कुमार सं. 376/एस (ईएक्सके-791328) उन्हें कवर देने के लिए उनके पीछे खड़े रहे और हेड कांस्टेबल फारुक अहमद भट सं. 577/एस (ईएक्सके- 984082) ने तेजी से कमरे का दरवाजा खोला तथा पार्टी ने गोलियों की बौछार कर दी, जिसके परिणामस्परूप एक आतंकवादी वहीं पर ढेर हो गया। एक अन्य आतंकवादी सीढ़ियों के नीचे छिपा हुआ था और हमलावर पार्टी ने अत्यधिक समन्वय स्थापित करते हुए उस पर गोलियां बरसाईं तथा उक्त आतंकवादी को भी मार गिराया। दो आतंकवादियों के सफाए के बाद, एक और आतंकवादी, जो घर की बालकनी में छिपा हुआ था, घर में अहाते में कूद गया और उसने पुलिस/सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप आतंरिक घेराबंदी में तैनात दो पुलिस कार्मिक नामतः एसपीओ फारुक अहमद सं. 62/एसपीओ तथा नसीर अहमद सं. 2412/एसपीओ घायल हो गए। परन्तु, संयुक्त टीमों ने हार नहीं मानी और अपनी बुद्धि का यथोचित रूप से इस्तेमाल करते हुए, उन्होंने दोनों एसपीओ को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा दिया। घर में मौजूद हमलावर पार्टियां अपने कार्य के प्रति समर्पित रहीं और खिड़की के रास्ते घर के पीछे की ओर से बाहर निकलकर उन्होंने घर के दायीं एवं बायीं तरफ से अपनी पोजीशन संभाल ली। पुलिस उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामूला श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी, आईपीएस 086016 के निर्देश पर, घर के सामने की ओर मौजूद ऑपरेशनल पार्टियों ने गोलीबारी रोक दी और सुरक्षित स्थानों पर पोजीशन ले ली। तत्पश्चात, पुलिस उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामूला श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी, आईपीएस-086016 ने हमलावर पार्टी को इशारा किया और हमलावर पार्टी ने बेहतर तालमेल और रणनीति के साथ दोनों दिशाओं से आतंकवादी पर गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप तीसरे आतंकवादी को भी घर के अहाते में मार गिराया गया। इन संस्तुत कार्मिकों ने श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी, आईपीएस- 086016, पुलिस उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामूला के समग्र पर्यवेक्षण में लगभग 14 घंटों तक हुई बंदूकों की भीषण लड़ाई के बाद 03 खूंखार आतंकवादियों का सफाया करने में उच्चकोटि के समन्वय, साहस, तत्परता और रणनीति का परिचय दिया।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में हनान बिलाल सोफी, पुत्र बिलाल अहमद सोफी, निवासी आरामपोरा आजादगुंग बारामूला, शफतअली खान, पुत्र अली मोहम्मद खान, निवासी रावथपोरा देलिना और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) गुट के 01 अज्ञात आतंकवादी के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादी के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पट्टन पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 तथा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18, 19 और 20 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 235/2020 दर्ज है।

श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी, आईपीएस 086016, पुलिस उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामूला के अनुकरणीय नेतृत्व में निरीक्षक निसार अहमद भट एआरपी 046110, उप निरीक्षक रविंदर कुमार ईएक्सके 791328 और हेड कांस्टेबल फारूक़ अहमद भट ईएक्सके 984082 द्वारा प्रदर्शित बहादुरी, साहस, वास्तविक रणनीति और कुशाग्रता के कारण ही यह कार्य संभव हो सका। इस पूरे ऑपरेशन में, इन संस्तुत कार्मिकों ने उपर्युक्त (03) खूंखार आतंकवादियों का सफाया करने में विशिष्ट और प्रशंसनीय भूमिका निभाई।

इस ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी, आईपीएस, पुलिस उप महानिरीक्षक, निसार अहमद भट, निरीक्षक, रविंदर कुमार, उप निरीक्षक और फारूक़ अहमद भट, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04/09/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/144/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 246-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	मंसूर अयाज़	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	क़ुसर अहमद	एस.जी.सीटी .	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.09.2020 को लगभग 19:00 बजे, चरार-ए-शरीफ पुलिस स्टेशन के नौहर गांव में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) नामक प्रतिबंधित संगठन के आतंकवादी की मौजूदगी के बारे में एक सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, 53 आरआर, डी/188 सीआरपीएफ और 181 सीआरपीएफ के साथ एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने लक्षित क्षेत्र की घेराबंदी कर दी, तथापि, जब घेराबंदी की जा रही थी, तभी वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने घेराबंदी करने वाली पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका एस.जी.सीटी. क़ुसर अहमद सं. 837/एपी 13वीं बटालियन, एआरपी-096078, एस.जी.सीटी. अब्दुल कयूम 336/बीडी, ईएक्सके 984001 तथा अन्य कार्मिकों के साथ श्री मंसूर अयाज़, जेकेपीएस 125685, पुलिस उपाधीक्षक पीसी चडूरा द्वारा प्रभावी रूप से जवाब दिया गया और इस प्रकार आतंकवादी को घेराबंदी को तोड़ने और वहां से बचकर भागने से रोक दिया गया। देर शाम को वहां पर छिपे हुए आतंकवादी द्वारा आत्मसमर्पण करने के लिए लाउडस्पीकरों से उद्घोषणाएं की गईं, लेकिन वहां छिपे हुए आतंकवादी ने आत्मसमपर्ण करने के प्रस्ताव पर कोई ध्यान नहीं दिया और इसके बजाय, उसने घेराबंदी पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। अंधेरा होने के कारण सर्च ऑपरेशन को रोक दिया गया और अगले दिन (22.09.2020) को तड़के दुबारा तलाशी शुरू की गई। एस.जी.सीटी. क़ुसर अहमद सं. 837/एपी 13वीं बटालियन एआरपी- 096078 तथा एस.जी.सीटी. अब्दुल कयूम 336/बीडी, ईएक्सके- 984001 के साथ श्री मंसूर अयाज़ सं. 125685- जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक पीसी चडूरा के नेतृत्व वाली सर्च पार्टी, ठोस कवर फायरिंग की मदद से, लक्षित घर की ओर आगे बढ़ी और प्रभावी ढंग से तथा सटीकता के साथ गोलीबारी की तथा छिपे हुए आतंकवादी को मौके पर ही मार गिराया। एस.जी.सीटी. क़ुसर अहमद सं. 837/एपी 13वीं बटालियन एआरपी- 096078, एस.जी.सीटी. अब्दुल कयूम 336/बीडी तथा ईएक्सके- 984001 के साथ श्री मंसूर अयाज़ सं. 125685- जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक पीसी चडूरा के नेतृत्व वाली सर्च पार्टी ने मारे गए आतंकवादी का शव बरामद कर लिया, जिसकी पहचान बाद में आदिल मुजफ्फर शाह, पुत्र मुजफ्फर अहमद शाह, निवासी संबूरा पम्पोर, जिला पुलवामा के रूप में की गई। इस संबंध में, चरार-ए-शरीफ पुलिस स्टेशन में विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 19, 20 और 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 102/2020 दर्ज है। मुठभेड़ स्थल से 01 चाइनीज पिस्तौल, पिस्तौल की 03 मैगजीनें (जिनमें से 02 क्षतिग्रस्त) और पिस्तौल के 07 राउण्ड बरामद किए गए।

उपर्युक्त आतंकवादी का सफाया लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) गुट के लिए एक बड़ा झटका है। पुलिस तथा सुरक्षा बलों द्वारा की गई त्वरित और वीरतापूर्ण कार्रवाई से आतंकवादी द्वारा अंजाम दी जा सकने वाली एक बड़ी/घातक त्रासदी टल गई। यह ऑपरेशन पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। उकसाए जाने के बावजूद, पेशेवर तरीके से कार्रवाई करते हुए, पुलिस और सुरक्षा बलों ने किसी भी आम नागरिक को हताहत नहीं होने दिया। श्री मंसूर अयाज़ जेकेपीएस 125685, पुलिस उपाधीक्षक पीसी चडूरा और एस.जी.सीटी. क़ुसर अहमद एआरपी- 096078 ने अपनी निर्धारित सामान्य ड्यूटी से आगे बढ़कर लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी को मार गिराने में अदम्य वीरतापूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मंसूर अयाज़, पुलिस अधीक्षक और क़ुसर अहमद, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21/09/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/145/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 247-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	औमर इक़्बाल	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	मंज़ूर अहमद भट	एस.जी .सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 09.03.2020 को शोपियां पुलिस ने इस आशय की एक विशिष्ट खुफिया जानकारी जुटाई कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के आतंकवादी नामत: आमिर अहमद डार, पुत्र गुलाम मुहम्मद डार, निवासी- वंदिना मेलहुरा और शबीर अहमद मलिक, पुत्र अब्दुल अहद मलिक, निवासी- तंगदुना-यारीपोरा, कुलगाम किसी अब्दुल समद डार पुत्र अशूर डार, निवासी- रेबन-ख्वाजापोरा के रिहायशी घर में छिपे हुए हैं। तद्नुसार, शोपियां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अम्रितपाल सिंह-आईपीएस की कमान में सेना की प्रथम आरआर तथा 178वीं बटालियन सीआरपीएफ के सहयोग से शोपियां पुलिस द्वारा उक्त गांव में एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (सीएएसओ) चलाने की योजना बनाई गई तथा शुरू भी कर दी गई और उन्होंने छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए तलाशी करनी शुरू कर दी।

ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए दो संयुक्त टीमों का गठन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व में शोपियां पुलिस और प्रथम आरआर तथा 178वीं बटालियन सीआरपीएफ की क्यूआरटी वाली पहली टीम ने लक्षित क्षेत्र की आंतरिक घेराबंदी कर दी और श्री औमर इक़्बाल, पुलिस उपाधीक्षक (पीसी) जैनापोरा जेकेपीएस-116049 के नेतृत्व में शोपियां पुलिस की टीम तथा प्रथम आरआर और 178वीं बटालियन सीआरपीएफ की क्यूआरटी वाली दूसरी टीम को लक्षित क्षेत्र की बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया।

जब पहली पार्टी ने तलाशी के लिए रणनीतिक ढंग से लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ना शुरू किया, तो यह पता चला कि परिवार के कई सदस्य घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे हुए हैं। अपनी ओर किसी भी क्षति से बचने के लिए, संयुक्त ऑपरेशनल पार्टी-2 ने स्वेच्छा से परिवार के सदस्यों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाई। कई प्रयासों के बाद पार्टी नागरिकों को घेराबंदी वाले क्षेत्र से बाहर निकालने में सफल हो गई। सुरक्षित रूप से बाहर निकाले गए परिवार के सदस्यों ने घर के भीतर दो आतंकवादियों के मौजूद होने की पुष्टि की और संदिग्ध घर को घेर लिया गया तथा अवैध हथियारों के साथ उक्त अब्दुल समद डार के रिहायशी घर में छिपे हुए आतंकवादियों ने सैन्य दस्ते की गतिविधि का पता चलते ही तलाशी दल को जान से मारने और घेराबंदी को तोड़ने के इरादे से उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस परिस्थिति में संयुक्त सैन्य दलों ने तुरंत कवर ले लिया और गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया तथा आतंकवादियों को घेराबंदी को तोड़ने का कोई मौका नहीं दिया। छिपे हुए आतंकवादियों की वास्तविक पोजीशन का पता लगाने के लिए एक ड्रोन/क्वाड-कॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। तथापि, जैसे ही ड्रोन लक्षित घर के पास पहुंचा, आतंकवादियों ने ड्रोन पर गोलीबारी शुरू कर दी। ड्रोन से मिली जानकारी और आतंकवादियों की गोलीबारी से उनकी पोजीशन का पता चल गया। गोलीबारी के बाद कुछ देर तक सन्नाटा छाया रहा और ऑपरेशनल कमांडर ने आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। आतंकवादियों ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और वे अलग-अलग दिशाओं से सैन्य दस्ते पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां, श्री औमर इक़्बाल, पुलिस उपाधीक्षक (पीसी) जैनापोरा जेकेपीएस-116049, हेड कांस्टेबल सफर अहमद 1515/एस, एस.जी.सीटी. मंज़ूर अहमद भट सं. 696/आईआरपी 18वीं बटालियन एआरपी 109218, एस.जी.सीटी. मनोज कुमार सं. 522/आईआरपी 6ठीं बटालियन, एस.जी.सीटी. मोहम्मद इब्राहिम सं. 704/आईआरपी 11वीं बटालियन, सिपाही अर्शीद अहमद 468/एसपीएन और सिपाही लियाकत अली पर्रे सं. 469/एसपीएन ईएक्सके-116523 वाले संयुक्त सैन्य दस्ते ने अपनी जान की परवाह किए बिना उच्चकोटि के साहस और अत्यधिक पेशेवरता का प्रदर्शन किया और वे रेंगकर लक्षित घर के नजदीक गए तथा बिलकुल नजदीक से गोलीबारी का जवाब दिया और नजदीकी बंदूक की लड़ाई में, आतंकवादी बार-बार अपना स्थान बदल रहे थे तथा जैसे ही उन्हें लक्षित स्थान दिखाई दिया, उन्होंने लक्षित घर के पीछे की ओर एक आतंकवादी को मार गिराया। दूसरा आतंकवादी संयुक्त सैन्य दलों पर गोलीबारी को टालता रहा और अपनी पोजीशन बदलकर पास में स्थित दो मंजिला लक्षित घर में चला गया। दूसरे आतंकवादी का सफाया करने के लिए कुछ यूबीजीएल और हैंड ग्रेनेड का प्रयोग भी किया गया, परंतु वांछित परिणाम नहीं मिल सका।

पुराने और कमजोर लक्षित घर को समानांतर क्षति से बचाने के लिए, सैन्य दस्ते रणनीतिक ढंग से गोलीबारी कर रहे थे। आतंकवादी को बैचेन करने और उसके गोलाबारूद को समाप्त करने के लिए, लक्षित घर पर यूबीजीएल की गोलीबारी के साथ-साथ सभी दिशाओं से भारी गोलीबारी की गई तथा आतंकवादी ने धूल और धुंए की आड़ में लक्षित घर से एक अन्य घर में भागने का प्रयास किया, परंतु सैन्य दस्ते लगातार गोलीबारी करते रहे और उसे लक्षित घर के पास स्थित घर के गेट में प्रवेश नहीं करने दिया। ऑपरेशनल कमांडर ने इस गतिविधि के बारे में सैन्य दस्तों को हैंडसेट पर अलर्ट कर दिया। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व में प्रथम आरआर, सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन और शोपियां पुलिस की संयुक्त टीमों ने उस गली की ओर सीधी गोलीबारी की, जिसमें से उक्त आतंकवादी बाहर आने की कोशिश कर रहा था और अंतत: उसे मार गिराया गया। यह आतंकवादी पूर्णरूपेण प्रशिक्षित था और वह कमांड पोस्ट से केवल 40-50 फीट दूर रह गया था। यदि उक्त आतंकवादी उस गली से बाहर निकलने में सफल हो जाता, तो सैन्य दस्तों को भारी समानांतर क्षति पहुंच सकती थी।

ऑपरेशन समाप्त होने के बाद, संयुक्त टीमों द्वारा घेराबंदी को बरकरार रखते हुए सतर्कतापूर्वक गहन तलाशी की गई। तलाशी के दौरान, दो अज्ञात आतंकवादियों के शव बरामद हुए, जिनकी पहचान बाद में आमिर अहमद डार, पुत्र गुलाम मुहम्मद डार, निवासी- वंदिना, मेलहुरा, जैनापोरा और शबीर अहमद मलिक, पुत्र अब्दुल अहद मलिक, निवासी- तंगदुना-यारीपोरा, कुलगाम के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन जैनापोरा में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 तथा विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 19, 20 और 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 11/2020 दर्ज है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां, श्री औमर इक़्बाल, पुलिस उपाधीक्षक (पीसी) जैनापोरा जेकेपीएस-116049, हेड कांस्टेबल सफर अहमद 1515/एस, एस.जी. सीटी. मनोज कुमार सं. 522/आईआरपी 6ठीं बटालियन, एस.जी. सीटी. मोहम्मद इब्राहिम सं. 704/आईआरपी

11वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. मंज़ूर अहमद भट सं. 696/आईआरपी 18वीं बटालियन एआरपी-109218, सिपाही अर्शीद अहमद 468/एसपीएन और सिपाही लियाकत अली पर्रे सं. 469/एसपीएन सहित जम्मू और कश्मीर पुलिस के कार्मिकों/अधिकारियों, जो स्वयं को गंभीर खतरे में डालकर पूरी दक्षता से लड़े, द्वारा प्रदर्शित विलक्षण साहस और पेशेवरता सराहनीय है। इन अधिकारियों/कार्मिकों ने घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए साहस का प्रदर्शन किया। यद्यपि, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए सैन्य बलों को क्षति पहुंचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन ये सभी अधिकारी/कार्मिक बाल-बाल बच गए। तथापि, ये अधिकारी/कार्मिक अपनी एकाग्रता को खोए बिना बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करते हुए बहादुरी के साथ लड़े और उनके नापाक मंसूबों को विफल कर दिया। ऐसी खतरनाक स्थिति में ऑपरेशन स्थल पर सुरक्षित रूप से मिशन को पूरा करना इस ऑपरेशन की प्रमुख विशेषता रही है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री औमर इक़्बाल, पुलिस उपाधीक्षक और मंज़ूर अहमद भट, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09/03/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/146/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 248-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
श्री शबीर अहमद वानी	एस.जी .सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.01.2020 को, किसी मंजूर अहमद मकरू, पुत्र मोहम्मद अब्दुल्ला मकरू, निवासी- मकरू महोल्ला अरवानी बिजबेहरा के घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय सूत्रों से विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। यह सूचना प्राप्त होने पर, प्रथम आरआर और 90वीं बटालियन सीआरपीएफ के सैन्य दस्तों के साथ एसओजी अनंतनाग की एक संयुक्त टीम ने 17:25 बजे उपर्युक्त गांव की घेराबंदी कर दी। तलाशी ऑपरेशन के दौरान, उक्त घर में छिपे हुए आतकंवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परंतु उन्होंने इनकार कर दिया और सुरक्षा बलों पर अंधाधुध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें सेना के एक कार्मिक नामत: मोहम्मद शरीफ घायल हो गए। यह उल्लेख करने की आवश्यक नहीं है कि घर के भीतर छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों को अधिकतम क्षति पहुंचाने के इरादे से दो बार घर की पहली मंजिल पर जाने का प्रयास किया।

योजना के अनुसार कार्रवाई करते हुए, संयुक्त ऑपरेशनल टीमों ने लक्षित स्थल पर पहुंचने के तुरंत बाद, उक्त क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और संपूर्ण सैन्य दल को तीन भागों में बांट दिया गया। सैन्य दल के एक भाग को केवल कानून और व्यवस्था के प्रबंधन का कार्य सौंपा गया, ताकि शरारती तत्व ऑपरेशन में बाधा उत्पन्न न कर सकें और शेष दो सैन्य दलों को बाहरी/आंतरिक घेराबंदी करने के लिए कहा गया। तलाशी ऑपरेशन के दौरान, उक्त घर में छिपे हुए आतकंवादियों से पुन: आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परंतु उन्होंने इनकार कर दिया और पुलिस/सुरक्षा बलों पर पुन: अंधाधुध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे वहां पर मुठभेड़ शुरू हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनंतनाग के समग्र पर्यवेक्षण में ऑपरेशनल पार्टी, जिसमें पुलिस अधीक्षक परबीत सिंह केपीएस-045846, सहायक उप निरीक्षक अरफत अहमद राथर सं. 488/एस ईएक्सके-108383, एस.जी.सीटी. अब हेड कांस्टेबल शबीर अहमद वानी सं. 2692/एस ईएक्सके112308, एस.जी.सीटी. इम्तियाज अहमद 400/एडब्ल्यूपी, एस.जी.सीटी. तनवीर अहमद 620/एडब्ल्यूपी, एसपीओ मुनीब अहमद 1827/एसपीओ, एसपीओ यूनिस हुस्सैन 1802/एसपीओ, एसपीओ माजिद अहमद 1742/एसपीओ तथा एसपीओ मुशताक अहमद 483/एसपीओ शामिल थे, ने भारी गोलीबारी का जवाब दिया और वहां पर हुई गोलीबारी में हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन के एक आतंकवादी नामत: शाहिद अहमद खार, पुत्र गुलाम अहमद खार, निवासी- रेडवानी पाईन, जिला- कुलगाम को मार गिराया गया।

मारे गए आतंकवादी के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में आगे जांच के लिए पुलिस स्टेशन बिजबेहरा में आईपीसी की धारा 307 और भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 04/2020 दर्ज है।

हेड कांस्टेबल शबीर अहमद, ईएक्सके112308 ने अपनी जांच की परवाह किए बिना इस ऑपरेशन में शुरू से अंत तक अनुकरणीय भूमिका निभाई। वे अपनी बहुमूल्य जान की परवाह किए बिना आगे रहकर बहादुरी से लड़े। उनकी सतर्कता, समर्पण और साहस की वजह से ही यह ऑपरेशन अपनी ओर किसी क्षति के बिना सफल हुआ।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के श्री शबीर अहमद वानी, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27/01/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/151/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 249-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	फुर्कान क़ादिर	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	मोहम्मद इर्फान मलिक	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3	तारिक़ अहमद राथर	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

नवम्बर, 2015 के महीने में, ईएसयू साउथ जोन श्रीनगर को इस आशय की एक तकनीकी सूचना प्राप्त हुई कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) आधारित एलईटी कमांडर बाबर वलीद ने घाटी आधारित अपने एलईटी कमांडर अबु हुर्रेरा, निवासी पाकिस्तान को अपने काडरों के माध्यम से गणतंत्र दिवस, 2016 के अवसर पर श्रीनगर में आतंकवादी हमले को अंजाम देने का निर्देश दिया है। यह सूचना प्राप्त होने पर, ईएसयू साउथ श्रीनगर के सहायक उप निरीक्षक अथर परवेज 2084/पीडब्ल्यू ने अपनी टीम के साथ एलईटी डिवीजनल कमांडर अबु हुर्रेरा, निवासी पाकिस्तान के ऑपरेशन वाले क्षेत्र अर्थात हरवान, जकूरा, चत्तरहामा, गासू तथा सौरा का दौरा किया और उक्त क्षेत्र के स्थानीय स्रोतों को सक्रिय कर दिया।

दिनांक 11.01.2016 को, 09:00 बजे, सहायक उप निरीक्षक अथर परवेज 2084/पीडब्ल्यू द्वारा तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से पुनः इस आशय की सूचना जुटाई गई कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन का एलईटी कमांडर नामतः सजाद अहमद भट उर्फ पीर साब उर्फ शादक, निवासी अरीपोरा जेवान, गांव गासू जकूरा श्रीनगर में छिपा हुआ है। सहायक उप निरीक्षक अथर परवेज 2084/पीडब्ल्यू की कमान में ईएसयू साउथ श्रीनगर की एक विशेष टीम ने उस मोहल्ले अर्थात जामिया मस्जिद के निकट स्थित निशात कॉलोनी, गासू श्रीनगर का पता लगा लिया, जिसमें उक्त एलईटी कमांडर छिपा हुआ था। उसी दिन लगभग 1400 बजे, श्री श्रीधर पाटिल-आईपीएस (तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सिटी साउथ जोन श्रीनगर) के पर्यवेक्षण में ईएसयू साउथ जोन श्रीनगर की पर्याप्त नफरी के साथ एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई। ऑपरेशन शुरू करने से पहले, पुलिस अधीक्षक सिटी हजरतबल जोन श्रीनगर के साथ सहयोग करने का निर्णय लिया गया, क्योंकि उक्त गांव पुलिस स्टेशन जकूरा, श्रीनगर और पुलिस घटक श्रीनगर के अधिकार-क्षेत्र में आता है, ताकि अपनी ओर किसी भी क्षति से बचा जा सके और ऑपरेशन को सुरक्षित रूप से अंजाम दिया जा सके।

ऑपरेशन की समस्त नफरी को तीन दलों में बांट दिया गया। पुलिस अधीक्षक हजरतबल के नेतृत्व में पहले दल को लक्षित क्षेत्र की बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। पुलिस घटक श्रीनगर वाले दूसरे दल को लक्षित मोहल्ले की घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। ईएसयू साउथ की नफरी वाले तीसरे दल को जामिया मस्जिद के निकट स्थित निशात कॉलोनी, गासू, जहां उक्त आतंकवादी छिपा हुआ था, की भीतरी घेराबंदी करने और यदि आवश्यक हो, तो पूर्ण समन्वय के साथ श्री श्रीधर पाटिल-आईपीएस (तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सिटी साउथ जोन श्रीनगर) की कमान में भीतर प्रवेश करने (इंटरवेंशन) का कार्य सौंपा गया। सभी दलों ने ऊपर उल्लिखित योजना के अनुसार अपनी-अपनी पोजीशन संभाल ली। लगभग 1745 बजे, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक साउथ श्रीनगर, जो भीतरी घेराबंदी वाले दल के प्रभारी थे, ने पास के घर के निवासियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए पुलिस उपाधीक्षक फुर्कान क़ादिर-जेकेपीएस, सं. केपीएस-116039 की कमान में श्रीनगर पुलिस की एक छोटी टीम गठित की, जिसमें उप निरीक्षक अब निरीक्षक आरिफ अहमद शेख, सं. ईएक्सके-109225, उप निरीक्षक अब निरीक्षक मोहम्मद इर्फान मलिक, सं. ईएक्सके- 109318, सहायक उप निरीक्षक अथर परवेज सं. 2084/पीडब्ल्यू, एस.जी.सीटी. अब हेड कांस्टेबल तारिक़ अहमद राथर सं. 142/एस, सिपाही अब एस.जी.सीटी. गुल मोहम्मद वानी सं. 2703/एस, सिपाही अब एस.जी.सीटी. मुदासिर बशीर शीरगोजरी सं. 4537/एस, सिपाही अब एस.जी.सीटी. मुदासिर इस्माइल गनैई सं. 4539/एस और अन्य लोग शामिल थे। उक्त टीम ने अत्यधिक रणनीतिक ढंग से और बहादुरी के साथ नजदीकी घर के निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सर्वप्रथम आतंकवादी से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उसने इनकार कर दिया। उसने आत्मसमर्पण करने की बजाय, ऑपरेशन पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी। लगभग 1815 बजे, जैसे ही पार्टी ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, आतंकवादी ने घेराबंदी को तोड़ने और बच कर भागने के प्रयास में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उसी समय, पुलिस उपाधीक्षक फुर्कान क़ादिर-जेकेपीएस, सं. केपीएस-

116039, उप निरीक्षक अब निरीक्षक आरिफ अहमद शेख सं. ईएक्सके-109225, उप निरीक्षक अब निरीक्षक मोहम्मद इर्फान मलिक सं. ईएक्सके- 109318, सहायक उप निरीक्षक अथर परवेज सं. 2084/पीडब्ल्यू, एस.जी.सीटी. अब हेड कांस्टेबल तारिक़ अहमद राथर सं. 142/एस, सिपाही अब एस.जी.सीटी. गुल मोहम्मद वानी सं. 2703/एस, सिपाही अब एस.जी.सीटी. मुदासिर बशीर शीरगोजरी सं. 4537/एस तथा सिपाही अब एस.जी.सीटी. मुदासिर इस्माइल गनैई सं. 4539/एस ने धावा बोल दिया और अपनी जान की परवाह किए बिना रेंगकर आगे बढ़ते हुए गोलीबारी का प्रभावकारी रूप से जवाब दिया। इसके परिणामस्वरूप एलईटी संगठन का शीर्ष कमांडर सजाद अहमद भट उर्फ पीर साब उर्फ शादक, पुत्र मोहम्मद अमीन भट, निवासी अरीपोरा जेवान श्रीनगर मारा गया और मारे गए आतंकवादी के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन जकूरा, श्रीनगर में आरपीसी की धारा 307 और भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 04/2016 दर्ज है।

वर्तमान ऑपरेशन में, सूचना जुटाने से लेकर ऑपरेशन को अंजाम देने तक पुलिस उपाधीक्षक फुर्कान क़ादिर, सं. केपीएस-116039, निरीक्षक मोहम्मद इर्फान मलिक, सं. ईएक्सके- 109318 और हेड कांस्टेबल तारिक़ अहमद राथर, ईएक्सके 065646 की भूमिका अनुकरणीय और सराहनीय रही।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री फुर्कान क़ादिर, पुलिस उपाधीक्षक, मोहम्मद इर्फान मलिक, उप निरीक्षक और तारिक़ अहमद राथर, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11/01/2016 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/153/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 250-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	आरिफ अमीन शाह	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2	नजीर अहमद तांत्र्य	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	रेयाज़ अहमद शाह	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	जनक राज़	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
5	मुशताक़ अहमद वानी	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 07.06.2020 को, शोपियां पुलिस को इस आशय की विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई कि हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम)/जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकवादी शोपियां जिले में विध्वंसकारी कार्रवाई को अंजाम देने हेतु अपनाई जाने वाली रणनीति पर चर्चा करने के लिए गांव रेबान, जैनापोरा में एक बैठक कर रहे हैं। तदनुसार, श्री अम्रितपाल सिंह- आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां की समग्र कमान में प्रथम आरआर और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन की सहायता से उक्त गांव में एक त्वरित घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (सीएएसओ) शुरू करने का निर्णय लिया गया।

इस ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए, श्री अम्रितपाल सिंह- आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के समग्र पर्यवेक्षण में संयुक्त सैन्य दस्तों की दो हमलावर पार्टियों का गठन किया गया। श्री औमर इक्बाल-केपीएस पुलिस उपाधीक्षक पीसी जैनापोरा के नेतृत्व में शोपियां पुलिस, प्रथम आरआर और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन की क्यूआरटी वाली पहली पार्टी, जिसमें उप निरीक्षक नजीर अहमद तांत्र्य सं. एआरपी-109228, एस.जी.सीटी. रेयाज़ अहमद शाह सं. 756/आईआरपी 18वीं बटालियन (एआरपी-066641), एस.जी.सीटी. जनक राज़ सं. 676/एपी 14वीं बटालियन (एआरपी-078463) तथा एस.जी.सीटी. मुशताक़ अहमद सं. 762/एपी 12वीं बटालियन (एआरपी-109202) शामिल थे, को उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व की ओर से तथा श्री आरिफ अमीन शाह-केपीएस एएसपी शोपियां (जेकेपीएस-045843) के नेतृत्व में प्रथम आरआर और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन की क्यूआरटी वाली दूसरी पुलिस पार्टी, जिसमें सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद फारूक सं. 116/एपी 12वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. बशीर उल रमजान सं. 481/एपी 8वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. आबिद अली

सं. 644/आईआरपी 18वीं बटालियन तथा सिपाही हिलाल अहमद सं. 302/आईआरपी 18वीं बटालियन शामिल थे, को उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम की ओर से लक्षित क्षेत्र की घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया।

सभी पार्टियों ने तैयार की गई ऊपर उल्लिखित योजना के अनुसार पोजीशन संभाल ली। घेराबंदी वाला इलाका बहुत दुर्गम क्षेत्र था, जिसमें छिट-पुट रिहायशी घर, घने बगीचे, गहरे नाले और अन्य प्रकार की घनी झाड़ियां थीं। क्षेत्र को सील कर दिया गया और बगीचों की ओर जाने वाले रास्तों, भीतर की सड़कों एवं मार्गों/उप मार्गों समेत बचकर भागने के सभी संभावित मार्गों को मजबूती से सील कर दिया गया। इसी बीच, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां और उनकी क्यूआरटी ऑपरेशन का पर्यवेक्षण करने के लिए ऑपरेशन स्थल पर पहुंच गई।

तलाशी की कार्रवाई के दौरान, छिपे हुए आतंकवादियों ने वहां पर तैनात सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने और घेराबंदी को तोड़ने के इरादे से सैन्य दस्तों पर ग्रेनेड फेंके और उसके बाद विभिन्न दिशाओं से अंधाधुंध गोलीबारी की। छिपे हुए आतंकवादी अपनी विशिष्ट लोकेशन को छिपाने के लिए बार-बार अपना स्थान बदलते रहे। तलाशी दल ने तुरंत कवर ले लिया तथा रणनीति और सटीकता के साथ जवाबी कार्रवाई की, जिसकी वजह से आतंकवादियों को घेराबंदी वाले क्षेत्र से बचकर भागने का कोई अवसर नहीं मिला। नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए, ऑपरेशनल पार्टियों से घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए कहा गया। जब लोगों को वहां से बाहर निकालने का कार्य चल रहा था, तभी श्री आरिफ अमीन शाह, एएसपी शोपियां के नेतृत्व वाला हमलावर समूह भारी गोलीबारी की चपेट में आ गया। तथापि, उन्होंने अपनी एकाग्रता नहीं खोई तथा अपनी जान की परवाह किए बिना वहां से लोगों को बाहर निकालने की प्रक्रिया को जारी रखा और उसे सफलतापूर्वक पूरा किया। इस बात की पूरी संभावना थी कि घिरे हुए आतंकवादी घेराबंदी से बचकर भागने का प्रयास कर सकते हैं, इसलिए घेराबंदी को सुदृढ़ कर दिया गया और सैन्य दस्तों को घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन (सीएएसओ) को सख्त एवं मजबूत बनाए रखने का निर्देश दिया गया, ताकि फंसे हुए आतंकवादी घेराबंदी से भाग न सकें। इसी बीच, घेराबंदी करने वाली पार्टी घेराबंदी में फंसे आतंकवादियों की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई। ऑपरेशनल पार्टी ने गोलीबारी का प्रभावकारी रूप से जवाब दिया और उनकी नापाक योजना को विफल कर दिया।

तथापि, वहां फंसे हुए आतंकवादियों ने घने बगीचों का लाभ उठाकर घेराबंदी करने वाली पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए घेराबंदी से बाहर निकलने के अनेक प्रयास किए। घेराबंदी करने वाली पार्टी द्वारा गोलीबारी का प्रभावकारी रूप से जवाब दिया गया और उन्होंने फंसे हुए आतंकवादियों को वापस घेराबंदी वाले क्षेत्र में खदेड़ दिया। फंसे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परन्तु उन्होंने इनकार कर दिया और ऑपरेशनल पार्टियों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। ऑपरेशनल पार्टी, जिसमें श्री आरिफ अमीन-केपीएस एएसपी शोपियां, उप निरीक्षक नजीर अहमद तांत्र्य सं. एआरपी 109228, सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद फारूक सं. 116एपी 12वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. रेयाज़ अहमद शाह सं. 756/आईआरपी 18वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. जनक राज़ सं. 676/एपी 14वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. मुशताक़ अहमद वानी सं. 762/एपी 12वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. बशीर-उल-रमजान सं. 481/एपी 8वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. आबिद अली सं. 644/आईआरपी 18वीं बटालियन, कांस्टेबल हिलाल अहमद सं. 302/आईआरपी 18वीं बटालियन और आरआर एवं सीआरपीएफ के सैन्य दस्ते शामिल थे, ने साहस/बहादुरी के साथ गोलीबारी का प्रभावकारी रूप से जवाब दिया और सभी पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया, जिनकी पहचान बाद में इशफाक अहमद ईटू, पुत्र मोहम्मद यूसुफ ईटू, निवासी हंगलबुच कुलगाम (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन के श्रेणी "ए"), ओवैस अहमद मलिक, पुत्र मोहम्मद यूसुफ मलिक, निवासी अरवानी बिजबेहरा अनंतनाग (जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन), बिलाल अहमद भट, पुत्र गुलाम मोहम्मद भट, निवासी हरदू- हंगर कुलगाम (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन), आदिल अहमद मीर, पुत्र मोहम्मद यूसुफ मीर, निवासी सौच कुलगाम (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन) और सजाद अहमद वागे, पुत्र मोहम्मद शफी वागे, निवासी हंगलबुच कुलगाम (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन) के रूप में की गई।

मारे गए आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन जैनापोरा में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 20, 23 एवं 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 55/2020 दर्ज है और जांच शुरू हो गई है।

संस्तुत अधिकारी और अन्य ऑपरेशनल पार्टियां अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकवादियों से प्रभावकारी ढंग से तथा बुद्धिमानी के साथ लड़ीं और उनके द्वारा प्रदर्शित पेशेवरता एवं असाधारण साहस सराहनीय है, क्योंकि अत्यधिक प्रतिकूल स्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने का उनका प्रयास वास्तव में वीरतापूर्ण था। संस्तुत अधिकारी अपनी एकाग्रता को खोए बिना बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करते हुए बहादुरी के साथ लड़े और उनके नापाक मंसूबों को विफल कर दिया तथा ऐसी खतरनाक स्थिति में मिशन को सुरक्षित तरीके से पूरा करना इस ऑपरेशन की प्रमुख विशेषता रही है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री आरिफ अमीन शाह, पुलिस अधीक्षक, नजीर अहमद तांत्र्य, उप निरीक्षक., रेयाज़ अहमद शाह, एस.जी.सीटी., जनक राज़, एस.जी.सीटी. और मुशताक़ अहमद वानी, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07/06/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/155/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 251-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	सयेद ज़हीर अबास	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
2	गुलाम हस्सन शैख	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	आशक़ हुस्सैन लोन	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23.06.2020 को, लगभग 04:30 बजे, श्री आशीष मिश्रा- आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलवामा (आईपीएस-136010) को जिला पुलवामा के बंदजू क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, इस सूचना को श्री तनवीर अहमद- अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा (केपीएस-क्यू 85555), 55 आरआर और 182/83 बटालियन सीआरपीएफ के साथ साझा किया गया तथा उक्त गांव में एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू करने का निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार, 55 आरआर और 182/183 बटालियन सीआरपीएफ की पार्टियों के साथ पीसी पुलवामा और पीसी लिट्टर की पुलिस पार्टियां तत्काल उक्त स्थान की ओर निकल पड़ीं और इन पार्टियों द्वारा लक्षित स्थान पर एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन (सीएएसओ) शुरू किया गया तथा प्रवेश/निकासी के सभी स्थानों को अच्छी तरह से बंद कर दिया गया।

घेराबंदी को सुदृढ़ करने के बाद, पुलिस अधीक्षक पुलवामा ने लक्षित स्थान की तलाशी करने के लिए पुलिस, 55 आरआर तथा 182/183 बटालियन सीआरपीएफ की एक टीम गठित की और तलाशी पार्टी की सहायता के लिए एक अन्य संयुक्त पार्टी को लक्षित क्षेत्र के पीछे की ओर तैयार पोजीशन में रखा गया। जैसे ही 55 आरआर एवं 182/183 बटालियन सीआरपीएफ के छोटे घटकों के साथ श्री गुलाम हस्सन शैख, पुलिस उपाधीक्षक पीसी लिट्टर (केपीएस-116210), निरीक्षक सरफराज अहमद डार सं. ईएक्सके-109304, सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद रफी मलिक सं. 2709/एस (ईएक्सके- 012527) और हेड कांस्टेबल आशक़ हुस्सैन लोन सं. 788/पीएल (ईएक्सके-116710) वाली तलाशी पार्टी किसी बशीर अहमद वानी, पुत्र गुलाम मोहम्मद वानी, निवासी बंदजू के रिहायशी घर के निकट पहुंची, तभी छिपे हुए आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने और वहां से बचकर भागने के लिए तलाशी पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तलाशी पार्टी ने तुरंत कवर ले लिया और गोलीबारी का प्रभावकारी ढंग से जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप लक्षित घर के गेट पर एक आतंकवादी मारा गया। शुरूआती गोलीबारी के दौरान, 182 बटालियन के एक सीआरपीएफ कार्मिक को गोली लग गई, जिसे तत्काल बाहर निकाला गया और नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां अपनी चोटों के कारण उसने दम तोड़ दिया और शहादत प्राप्त की। आम नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए, ऑपरेशनल कमांडर (पुलिस अधीक्षक पुलवामा) ने तत्काल श्री सयेद ज़हीर अबास जाफरी, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन पुलवामा (केपीएस- 116057), सहायक उप निरीक्षक शाह फैसल खान सं. 427/पीएल (ईएक्सके-962190), हेड कांस्टेबल तनवीर अहमद सं. 773/ए (ईएक्सके-983572) और 55 आरआर तथा 182/183 बटालियन सीआरपीएफ के घटकों वाली दूसरी संयुक्त पार्टी, जिसे शुरू में लक्षित क्षेत्र के पीछे की ओर तैयार पोजीशन में रखा गया था, को घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे आम नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने का निदेश दिया। दिए गए निदेश के अनुसार, पुलिस/सुरक्षा बलों की उक्त टीम ने आम नागरिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बचाव कार्य के पूरा होने के बाद, पुलिस अधीक्षक पुलवामा ने उक्त टीम को उत्तर-पूर्व क्षेत्र में पोजीशन लेने और सभी भीतरी सड़कों/पगडंडियों तथा गलियों/उप मार्गों को पूरी तरह से बंद करने और लक्षित क्षेत्र में आतंकवादी की गतिविधियों की गहन निगरानी करने का निदेश दिया। तत्पश्चात, घिरे हुए दूसरे आतंकवादी से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिससे उसने इनकार कर दिया और इसकी बजाय उसने श्री सयेद ज़हीर अबास जाफरी, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन पुलवामा के नेतृत्व में उत्तर-पूर्व क्षेत्र में तैनात संयुक्त पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा मौके से बचकर भागने का प्रयास किया। तथापि, पुलिस/सुरक्षा बलों की पार्टी ने आगे रहकर आतंकवादी की गोलीबारी का बहादुरी से जवाब दिया और उसका सफाया कर दिया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में ओवैस अहमद भट, पुत्र स्व. मोहम्मद यूसुफ भट, निवासी मोलू चित्रगाम, जैनापोरा, जिला शोपियां (हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन) और ऐजाज अहमद गनैई, पुत्र बशीर अहमद गनैई, निवासी रामनगरी, जिला शोपियां (जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन) के रूप में की गई। मारे गए आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन पुलवामा में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16 एवं 20 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 150/2020 दर्ज है।

संस्तुत अधिकारियों ने इस ऑपरेशन में शुरू से अंत तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित होने के बाद, वे अपनी कीमती जान की परवाह किए बिना आगे रहकर बहादुरी से लड़े और उन्होंने छिपे हुए आतंकवादियों को घेराबंदी वाले क्षेत्र से भागने का कोई अवसर नहीं दिया। उनकी सतर्कता, समर्पण और साहस के कारण ही यह ऑपरेशन सफल रहा।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री सयेद ज़हीर अबास, पुलिस उपाधीक्षक, गुलाम हस्सन शैख, पुलिस उपाधीक्षक और आशक़ हुस्सैन लोन, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23/06/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/157/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 252-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	पद	प्रदान किया गया पदक
1	आशक़ हुस्सैन डार	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	विशाल शूर	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3	सयेद सजाद हुस्सैन	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4	परवेज़ अहमद वानी	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.06.2020 को, कुलगाम पुलिस को गांव लकड़ीपोरा निहामा में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के आधार पर, 34 आरआर/सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन की सहायता से कुलगाम पुलिस की एक संयुक्त टीम ने उक्त गांव की घेराबंदी कर दी। तलाशी ऑपरेशन के दौरान, घर में छिपे हुए आतंकवादियों ने बचकर भागने का प्रयास किया और घेराबंदी को तोड़ने के इरादे से तलाशी दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका तलाशी दल द्वारा भी जवाब दिया गया। तदनुसार, आतंकवादी का यथासंभव शीघ्र सफाया करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलगाम के पर्यवेक्षण में 34 आरआर/सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन के साथ एक सुनियोजित रणनीति तैयार की गई।

श्री मोहम्मद यौसिफ, अपर पुलिस अधीक्षक कुलगाम, श्री आशक़हुस्सैन डार, पुलिस उपाधीक्षक जेकेपीएस 125798 एसडीपीओ डीएच पोरा, निरीक्षक विशाल शूर सं. 5904/एनजीओ (एआरपी-985505), हेड कांस्टेबल मोहम्मद सुभान सं. 284/केजीएम ईएक्सके-971812, एस.जी.सीटी. सयेद सजाद हुस्सैन सं. 1504/बी (ईएक्सके-116181), एस.जी.सीटी. परवेज अहमद वानी सं. 719/केजीएम (ईएक्सके-118062), सिपाही यासीर अरफात सं. 441/आईआरपी 17वीं बटालियन, सिपाही पंकज कुमार सं. 355/एपी 5वीं बटालियन, सिपाही जावेद अहमद तीलि सं. 742/केजीएम ईएक्सके-168042, सिपाही मोहम्मद इमरान 901/केजीएम ईएक्सके-112297, सिपाही बिलाल अहमद 950/केजीएम ईएक्सके-119972, एसपीओ दानिश हुस्सैन भट सं. 693/के, एसपीओ सुब्जार अहमद डार सं. 208/के, एसपीओ अब्दुल मजीद सं 418/आर, एसपीओ तारिक अब्दुल्ला सं. 876/एस, एसपीओ मुजफ्फर अहमद सं. 228/के, एसपीओ जॉन मोहम्मद सं. 1726/ए और एसपीओ पृथ्वी राज सं. 03/एसपीओ बीपीआर वाले तलाशी दल ने घेराबंदी की और तत्पश्चात तलाशी दल/घेराबंदी वाली पार्टियों ने गोलीबारी का जवाब दिया तथा वहां पर हुई मुठभेड़ में "जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम)" संगठन के "ए+" श्रेणी के एक विदेशी आतंकवादी नामतः तैयब वालीद उर्फ इमरान भाई का सफाया कर दिया गया। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में यारीपोरा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18, 20, 38 एवं 39 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 100/2020 दर्ज है और जांच शुरू हो गई है।

इस ऑपरेशन के दौरान, कुलगाम पुलिस के अधिकारियों/कार्मिकों, विशेष रूप से श्री आशक़हुस्सैन डार, एसडीपीओ डीएच पोरा, निरीक्षक विशाल शूर, एस.जी.सीटी. सयेद सजाद हुस्सैन ईएक्सके-116181 और एस.जी.सीटी. परवेज अहमद वानी सं. 719/केजीएम (ईएक्सके-118062) द्वारा प्रदर्शित पेशेवरता और असाधारण साहस सराहनीय था। ऐसी परिस्थितियों में, जब पूरे देश में लॉकडाउन लगा हुआ था और सामाजिक दूरी का पालन किया जा रहा था, तब उनके द्वारा कमान, नियंत्रण और ऑपरेशनल कौशल के साथ प्रभावकारी घेराबंदी करना एक बड़ी चुनौती थी।

ऑपरेशनल पार्टी को कानून और व्यवस्था बनाए रखने वाली पार्टी द्वारा भी सहायता प्रदान की गई और उन्होंने कोई भी भीड़ एकत्र नहीं होने दी, जिसकी वजह से राष्ट्र–विरोधी तत्व ऑपरेशनल पार्टी के समक्ष बाधा उत्पन्न करने के लिए शरारती तत्वों को इकट्ठा नहीं कर सके और यह ऑपरेशन अपनी ओर किसी क्षति के बिना सफल रहा। इस विशिष्ट ऑपरेशन में सुरक्षा बलों और पुलिस की समग्र कार्रवाई सराहनीय थी, जिसके परिणामस्वरूप यह मिशन पूरा हुआ। संस्तुत कार्मिकों के साथ कुलगाम जिले के अधिकारियों/कार्मिकों द्वारा किए गए अथक प्रयासों के कारण इस विशिष्ट ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिसमें एक खूंखार आतंकवादी का सफाया कर दिया गया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री आशक़ हुस्सैन डार, पुलिस उपाधीक्षक, विशाल शूर, निरीक्षक, सयेद सजाद हुस्सैन, एस.जी.सीटी. और परवेज़ अहमद वानी, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20/06/2020 से दिया जाएगा।

(संख्या 11020/158/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 253-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	सुनील सिंह	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	पर्वीन कुमार	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3	मोहम्मद सादिक़ कुरेशि	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 08.04.2020 को, लगभग 17:10 बजे, गुलाबाद आरामपोरा में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक विश्वसनीय आसूचना/इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, सोपोर पुलिस ने सेना की 22-आरआर और 92/177/179 बटालियन सीआरपीएफ के साथ इस क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और तलाशी ऑपरेशन शुरू कर दिया। तलाशी ऑपरेशन के दौरान, उस आतंकवादी से संपर्क स्थापित हो गया, जो एक आवासीय घर में छिपा हुआ था। आतंकवादी से संपर्क स्थापित हो जाने के बाद भी, सुरक्षा बल आक्रामक हमला नहीं कर सके, क्योंकि लक्षित घर और उसके आस-पास स्थित घरों में काफी आम नागरिक फंसे हुए थे। चूंकि उक्त क्षेत्र बहुत भीड़-भाड़ वाला और आतंकवादी गतिविधियों तथा कानून एवं व्यवस्था की समस्याओं के कारण अत्यधिक संवेदनशील था, क्योंकि इस क्षेत्र में हाल के दिनों में राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा की गई अनेक हिंसक गतिविधियां देखी गई हैं, इसलिए छिपे हुए आतंकवादी पर उसी समय हमला करना बहुत मुश्किल था और यदि सुरक्षा बल उस समय हमला करते, तो आम नागरिकों के हताहत होने तथा अपनी ओर भी क्षति होने की पूरी संभावना थी। इसलिए आम नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए, सीआरपीएफ/सेना के अन्य समकक्ष अधिकारियों के साथ सर्वसम्मति से ऑपरेशन को रोकने का निर्णय लिया गया, ताकि सर्वप्रथम आम नागरिकों की वहां से निकासी सुनिश्चित की जा सके। तदनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोपोर के समग्र पर्यवेक्षण में ऑपरेशन के सभी मानदंडों पर विचार करते हुए श्री सुनील सिंह – जेकेपीएस 127947 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) वडूरा के नेतृत्व में निरीक्षक पर्वीन कुमार सं. एआरपी- 085601, हेड कांस्टेबल मोहम्मद सादिक़ कुरेशि सं.235/एसपीआर, एस.जी.सीटी महादीप सिंह सं. 693/आईआरपी 05वीं बटालियन, सिपाही महज़ूर अहमद सं. 686/एसपीआर, सिपाही इरशाद अहमद सं. 784/एसपीआर, एसपीओ फरहत मुशताक सं. 757/एसपीओ, एसपीओ अब्दुल रशीद सं. 766/एसपीओ तथा एसपीओ शम्स तबरेज सं. 490/एसपीओ-एसजीआर वाली एडवांस पार्टी और श्री मोहम्मद अमीन भट- जेकेपीएस 125758 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) सोपोर के नेतृत्व में निरीक्षक आजिम इक्बाल सं. ईएक्सके-115658, सिपाही अब्दुल कयूम वानी सं. 829/एसपीआर, सिपाही इश्तियाक अहमद सं. 793/एसपीआर, सिपाही गुलाम हस्सन सं. 783/एसपीआर, एसपीओ नासिर हुस्सैन सं. 738/एसपीओ तथा एसपीओ आदिल फारूक सं. 244/एसपीओ वाली बैकअप पार्टी के रूप में पुलिस/सीआरपीएफ और सेना की दो संयुक्त पार्टियों का गठन किया गया तथा पूरी सावधानी के साथ आम नागरिकों को बाहर निकालने का कार्य शुरू किया गया। आम नागरिकों के बचाव ऑपरेशन की प्रक्रिया के दौरान, श्री सुनील सिंह- जेकेपीएस 127947 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) वडूरा ने निरीक्षक पर्वीन कुमार सं. एआरपी – 085601, हेड कांस्टेबल मोहम्मद सादिक़ कुरेशि सं. 235/एसपीआर, एस.जी.सीटी. महादीप सिंह सं. 693/आईआरपी 05वीं बटालियन, सिपाही महज़ूर अहमद सं. 686/एसपीआर, सिपाही इरशाद अहमद सं. 784/एसपीआर, एसपीओ फरहत मुशताक सं. 757/एसपीओ, एसपीओ अब्दुल रशीद सं. 766/एसपीओ और एसपीओ शम्स तबरेज सं. 490/एसपीओ - एसजीआर वाली पुलिस/सेना की एक छोटी सी टीम का नेतृत्व किया और इस टीम ने वहां फंसे हुए आम नागरिकों को बाहर निकालने के लिए लक्षित घर की ओर आगे बढ़ना शुरू कर दिया, जिसके दौरान छिपे हुए आतंकवादी ने बचाव पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप एडवांस पार्टी कुछ समय के लिए लक्षित घर की ओर आगे नहीं बढ़ सकी। विधिवत सोच-विचार और ऑपरेशन के सभी पहलुओं का आकलन करने के बाद, अंततः श्री सुनील सिंह- जेकेपीएस 127947 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) वडूरा ने निरीक्षक पर्वीन कुमार सं. एआरपी – 085601, हेड कांस्टेबल मोहम्मद सादिक़ कुरेशि सं. 235/एसपीआर, एस.जी.सीटी. महादीप सिंह सं. 693/आईआरपी 05वीं बटालियन, सिपाही महज़ूर अहमद सं. 686/एसपीआर, सिपाही इरशाद अहमद सं. 784/एसपीआर, एसपीओ फरहत मुशताक सं. 757/एसपीओ, एसपीओ अब्दुल रशीद सं. 766/एसपीओ और एसपीओ शम्स तबरेज सं. 490/एसपीओ - एसजीआर वाली अपनी पार्टी के साथ पुनः उन विशिष्ट स्थानों की ओर रेंगकर आगे बढ़ना शुरू कर दिया, जहां आम नागरिक वास्तव में फंसे हुए थे। इस प्रक्रिया के दौरान, छिपे हुए आतंकवादी ने आगे बढ़ रही पार्टी को विशिष्ट क्षेत्रों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए उनके ऊपर पुनः भारी गोलीबारी की और यहां तक कि कुछ गोलियां उक्त अधिकारी और उनकी

टीम के सदस्यों के आस-पास आकर लगीं, परन्तु काफी नाजुक स्थिति के बावजूद उन्होंने अपना हौसला नहीं छोड़ा। लक्षित घर के पास पहुंचने के बाद, उपर्युक्त अधिकारी ने विवेकपूर्ण तरीके से अपना दिमाग लगाकर घर के पीछे एक सीढ़ी लगाई और फंसे हुए सभी आम नागिरकों को घर के पीछे लगाई गई सीढ़ी के जरिए बाहर निकाला और इस दौरान बैक-अप पार्टी ने आतंकवादी को तब तक उलझाए रखा, जब तक कि लक्षित घर और उसके आस-पास के क्षेत्र से प्रत्येक आम नागरिक को सुरक्षित रूप से बाहर नहीं निकाल लिया गया। सभी फंसे हुए आम नागरिकों को बाहर निकालने के बाद, प्रवेश और निकास के सभी स्थानों को बंद करके घेराबंदी को और अधिक सख्त कर दिया गया तथा लाइटें भी लगा दी गईं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आतंकवादी अंधेरे और घनी झाड़ियों का लाभ उठाकर घेराबंदी से बचकर भाग न जाए। सुबह होते ही, श्री सुनील सिंह – जेकेपीएस 127947 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) वड़ूरा के नेतृत्व में निरीक्षक पर्वीन कुमार सं. एआरपी – 085601, हेड कांस्टेबल मोहम्मद सादिक़ कुरेशि सं. 235/एसपीआर, एस.जी.सीटी. महादीप सिंह सं. 693/आईआरपी 05वीं बटालियन, सिपाही महज़ूर अहमद सं. 686/एसपीआर, सिपाही इरशाद अहमद सं. 784/एसपीआर, एसपीओ फरहत मुशताक सं. 757/एसपीओ, एसपीओ अब्दुल रशीद सं. 766/एसपीओ और एसपीओ शम्स तबरेज सं. 490/एसपीओ - एसजीआर वाली पुलिस/सेना और सीआरपीएफ की एडवांस संयुक्त टीम तथा श्री मोहम्मद अमीन भट- जेकेपीएस 125758 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) सोपोर के नेतृत्व में निरीक्षक आजिम इक्बाल सं. ईएक्सके- 115658, सिपाही अब्दुल कयूम वानी सं. 829/एसपीआर, सिपाही इश्तियाक अहमद सं. 793/एसपीआर, सिपाही गुलाम हस्सन सं. 783/एसपीआर, एसपीओ नासिर हुस्सैन सं. 738/एसपीओ और एसपीओ आदिल फारूक सं. 244/एसपीओ वाली बैकअप पार्टी द्वारा पुनः तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया, जिसके दौरान आतंकवादी से संपर्क स्थापित हो गया और घिरे हुए उस आतंकवादी ने अपने अत्याधुनिक हथियारों से दोबारा गोलीबारी शुरू कर दी, तथापि घिरे हुए आतंकवादी से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परन्तु उसने चेतावनी को तुरंत नजरअंदाज कर दिया और उसने एडवांस पार्टी पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी तथा एडवांस पार्टी ने भी इस गोलीबारी का जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप वहां पर बंदूक की भीषण लड़ाई शुरू हो गई। यद्यपि वह क्षेत्र घनी आबादी वाला क्षेत्र था और अपनी ओर भी क्षति होने की पूरी संभावना थी, तथापि उक्त अधिकारी श्री सुनील सिंह- जेकेपीएस 127947 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) वड़ूरा ने विधिवत सोच-विचार करके और ऑपरेशन के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस/सेना/सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम का नेतृत्व किया तथा वे अंतिम और निर्णायक हमला करने के लिए स्वयं आगे आए। एडवांस पार्टी ने सुनियोजित रणनीति के अनुसार लक्षित घर की ओर आगे बढ़ना शुरू कर दिया, जिसके दौरान आतंकवादी ने दोनों संयुक्त पार्टियों पर भारी गोलीबारी की, परन्तु श्री सुनील सिंह- जेकेपीएस- 127947 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) वड़ूरा के नेतृत्व वाली एडवांस पार्टी ने अपना हौसला नहीं खोया और श्री मोहम्मद अमीन भट- जेकेपीएस 125758 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) सोपोर के नेतृत्व वाली बैक-अप पार्टी की कवर गोलीबारी में रेंगते हुए लक्षित घर की ओर आगे बढ़ते रहे।

जैसे ही संयुक्त पार्टी लक्षित घर के पास पहुंची, तभी वहां पर छिपे हुए आतंकवादी ने यह भांपते हुए कि सुरक्षा बल अंतिम एवं आक्रामक हमले के लिए लक्षित घर के भीतर प्रवेश करने वाले हैं, एडवांस पार्टी पर गोलियों की बौछार करते हुए तुरंत एक खिड़की से घर के बाहर छलांग लगा दी, परन्तु एडवांस पार्टी, विशेष रूप से श्री सुनील सिंह- जेकेपीएस- 127947 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) वड़ूरा, निरीक्षक पर्वीन कुमार सं. एआरपी-085601 और हेड कांस्टेबल मोहम्मद सादिक़ कुरेशि सं. 235/एसपीआर ने बैकअप पार्टी, विशेष रूप से श्री मोहम्मद अमीन भट- जेकेपीएस 125758 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) सोपोर, निरीक्षक आजिम इक्बाल सं. ईएक्सके – 115658 और सिपाही अब्दुल कयूम वानी सं. 829/एसपीआर द्वारा प्रदान की गई यथोचित कवर फायरिंग की सहायता से उच्चकोटि के साहस, दृढ़ निश्चय एवं पेशेवरता का प्रदर्शन करते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना एक चट्टान की तरह डटकर प्रभावकारी जवाबी कार्रवाई की और वहां पर हुई बंदूक की लड़ाई में प्रतिबंधित जेईएम (जैश-ए-मोहम्मद) आतंकी संगठन के सजाद नवाब डार, पुत्र स्व. मोहम्मद नवाब डार, निवासी सैदपोरा सोपोर जिला बारामूला के एक स्थानीय खूंखार आतंकवादी को ढेर कर दिया गया। मारे गए आतंकवादी के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन सोपोर में आईपीसी की धारा 307 और भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 68/2020 दर्ज है।

उपर्युक्त क्षेत्र सेब के बगीचों से घिरा हुआ घनी आबादी वाला क्षेत्र था, जो सदैव आतंकवादियों की गतिविधियों एवं उनकी मौजूदगी के लिए एक पसंदीदा स्थान रहा है और अपनी ओर किसी क्षति के बिना ऐसे कठिनाई भरे क्षेत्र में आतंकवाद-रोधी ऑपरेशन चलाना सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी चुनौती थी, परन्तु श्री सुनील सिंह – जेकेपीएस 127947 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) वड़ूरा, निरीक्षक पर्वीन कुमार सं. एआरपी-085601 और हेड कांस्टेबल मोहम्मद सादिक़ कुरेशि सं.235/एसपीआर द्वारा प्रदर्शित अदम्य वीरता, नेतृत्व के गुण, पेशेवरता और अतुलनीय दृढ़ निश्चय के परिणामस्वरूप यह ऑपरेशन अपनी ओर किसी क्षति के बिना लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक खूंखार आतंकवादी के सफाए के साथ समाप्त हुआ और इस प्रकार उक्त अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भारत की सुरक्षा/संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने के लिए इस ऑपरेशन में अपनी जान को गंभीर खतरे में डाल दिया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री सुनील सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, पर्वीन कुमार, निरीक्षक और मोहम्मद सादिक़ कुरेशि, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08/04/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/159/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 254-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	मोहम्मद अमीन भट	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	आज़िम इक़्बाल	निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	मंज़ूर अहमद मल्ला	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	महज़ूर अहमद ग़नैई	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.06.2020 को, हरदिशिवा क्षेत्र के गांव रेशीपोरा में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर, सोपोर पुलिस, सेना की 22-आरआर और सीआरपीएफ की 92/179/177 बटालियन द्वारा लगभग 05:05 बजे उस क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबंदी एवं तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया। जब घेराबंदी की जा रही थी, तभी एक रिहायशी घर में छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की और मौके से बचकर भागने का प्रयास किया, परन्तु सुरक्षा बलों ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की और उन्हें एक रिहायशी घर में वापस लौटने पर विवश कर दिया। चूंकि, यह ऑपरेशन भोर से पहले लगभग 05:05 बजे शुरू किया गया था, इसलिए लोग गहरी नींद में सोए हुए थे और यदि उसी समय जवाबी कार्रवाई की जाती, तो आम नागरिकों के हताहत होने की पूरी संभावना थी। अतः, यह निर्णय लिया गया कि छिपे हुए आतंकवादियों पर आक्रामक हमला करने से पहले, वहां फंसे हुए सभी आम नागरिकों को बचाकर बाहर निकाला जाए। तदनुसार, श्री मोहम्मद अमीन भट-जेकेपीएस पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) सोपोर के नेतृत्व में निरीक्षक आज़िम इक़्बाल सं. ईएक्सके- 115658, हेड कांस्टेबल मंज़ूर अहमद मल्ला सं. 292/एसपीआर, एस.जी.सीटी. चानबीर सिंह सं. 44/एसपीआर, सिपाही महज़ूर अहमद ग़नैई सं. 868/एसपीआर, सिपाही जहूर अहमद सं. 797/एसपीआर, सिपाही अब्दुल रशीद सं. 798/एसपीआर, सिपाही ऐजाज अहमद

सं. 806/एसपीआर, एसपीओ इमरान अहमद सं. 418/एसपीओ-एसजीआर, एसपीओ मेहराज-उद-दीन सं. 313/एसपीओ, एसपीओ फिरदौस अहमद सं. 800/एसपीओ, एसपीओ वसीम अकरम सं. 88/एसपीओ तथा एसपीओ मोहम्मद सादिक सं. 546/एसपीओ के साथ एडवांस पार्टी के रूप में और श्री सुनील सिंह- जेकेपीएस पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) वडूरा के नेतृत्व में उप निरीक्षक सजाद अहमद ग़नैई सं. एआरपी-109307, उप निरीक्षक शम्स-उद-दीन खान सं. 103/टी, हेड कांस्टेबल मुजफ्फर अहमद भट सं. 749/एसपीआर, हेड कांस्टेबल बिलाल अहमद भट सं. 709/एसपीआर, एस.जी.सीटी. सैयद आरिफ जिया सं. 788/एसपीआर, सिपाही निसार अहमद सं. 830/एसपीआर, सिपाही जाविद अहमद सं. 861/एसपीआर, सिपाही मंज़ूर अहमद सं. 733/एसपीआर, सिपाही इश्तियाक अहमद शैख सं. 793/एसपीआर, एसपीओ प्रदीप कुमार सं. 177/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद अल्ताफ सं. 54/एसपीओ-आरबीएन, एसपीओ यासर समद सं. 458/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद रमजान सं. 762/एसपीओ तथा एसपीओ फैजान असादुल्ला सं. 748/एसपीओ के साथ बैकअप पार्टी के रूप में पुलिस/सेना/सीआरपीएफ की दो संयुक्त टीमें गठित की गईं और उन्हें फंसे हुए सभी आम नागरिकों को बचाकर बाहर निकालने का कार्य सौंपा गया। संयुक्त पार्टी हरकत में आई तथा फंसे हुए सभी आम नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला और निकासी की प्रक्रिया के दौरान भी छिपे हुए आतंकवादियों ने संयुक्त पार्टी पर छिट-पुट गोलीबारी की, परन्तु पार्टी ने अपना हौसला नहीं छोड़ा और प्रत्येक आम नागरिक को उक्त क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकाले जाने तक अपनी कार्रवाई जारी रखी। आम नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिए जाने के बाद, प्रवेश और निकास के सभी मार्गों को बंद करके घेराबंदी को और अधिक सख्त कर दिया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छिपे हुए आतंकवादी मौके से बचकर भाग न पाएं। ऑपरेशन वाला क्षेत्र अत्यधिक ऊबड़-खाबड़ था और लक्षित घर भी पहाड़ी की तलहटी में स्थित था। इसलिए अपनी ओर किसी क्षति के बिना आतंकवादियों का पता लगाना बहुत मुश्किल था। अतः, सेना और सीआरपीएफ के समकक्ष अधिकारियों के साथ विधिवत सोच-विचार के बाद, सर्वसम्मति से पार्टी को अंतिम हमले के लिए लक्षित घर की ओर आगे भेजने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, श्री मोहम्मद अमीन भट- जेकेपीएस पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) सोपोर के नेतृत्व में निरीक्षक आज़िम इक़्बाल सं. ईएक्सके- 115658, हेड कांस्टेबल मंज़ूर अहमद मल्ला सं. 292/एसपीआर, एस.जी.सीटी. चानबीर सिंह सं. 44/एसपीआर, सिपाही महज़ूर अहमद ग़नैई सं. 868/एसपीआर, सिपाही जहूर अहमद सं. 797/एसपीआर, सिपाही अब्दुल रशीद सं. 798/एसपीआर, सिपाही ऐजाज अहमद सं. 806/एसपीआर, एसपीओ इमरान अहमद सं. 418/एसपीओ-एसजीआर, एसपीओ मेहराज-उद-दीन सं. 313/एसपीओ, एसपीओ फिरदौस अहमद सं. 800/एसपीओ, एसपीओ वसीम अकरम सं. 88/एसपीओ तथा एसपीओ मोहम्मद सादिक सं. 546/एसपीओ वाली एडवांस संयुक्त पार्टी ने आक्रामक हमले के लिए स्वेच्छा से लक्षित घर की ओर आगे बढ़ने का निर्णय लिया। इसलिए, सुनियोजित रणनीति के अनुसार, संयुक्त एडवांस पार्टी हरकत में आई और रेंगकर लक्षित घर की ओर बढ़ना शुरू कर दिया तथा श्री सुनील सिंह- जेकेपीएस पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) वडूरा के नेतृत्व में उप निरीक्षक सजाद अहमद ग़नैई सं. एआरपी-109307, उप निरीक्षक शम्स-उद-दीन खान सं. 103/टी, हेड कांस्टेबल मुजफ्फर अहमद भट सं. 749/एसपीआर, हेड

कांस्टेबल बिलाल अहमद भट सं. 709/एसपीआर, एस.जी.सीटी. सैयद आरिफ जिया सं. 788/एसपीआर, सिपाही निसार अहमद सं. 830/एसपीआर, सिपाही जाविद अहमद सं. 861/एसपीआर, सिपाही मंज़ूर अहमद सं. 733/एसपीआर, सिपाही इश्तियाक अहमद शैख सं. 793/एसपीआर, एसपीओ प्रदीप कुमार सं. 177/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद अल्ताफ सं. 54/एसपीओ-आरबीएन, एसपीओ यासर समद सं. 458/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद रमजान सं. 762/एसपीओ तथा एसपीओ फैजान असादुल्ला सं. 748/एसपीओ वाली पुलिस/सीआरपीएफ की दूसरी पार्टी को बैकअप गोलीबारी के लिए पीछे रखा गया।

जब संयुक्त पार्टी घिरे हुए आतंकवादियों पर अंतिम हमला करने के लिए लक्षित घर के नजदीक पहुंचने वाली थी, तभी वहां छिपे हुए आतंकवादी यह भांपने के बाद कि सुरक्षा बल अंतिम और आक्रामक हमला करने के लिए लक्षित घर में प्रवेश करने वाले हैं, तुरंत मुख्य द्वार से कूद कर घर के बाहर आ गए और घर से बाहर निकलते समय उन्होंने एडवांस पार्टी पर गोलियों की बौछार की, परन्तु एडवांस पार्टी, विशेष रूप से श्री मोहम्मद अमीन भट-जेकेपीएस पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) सोपोर के नेतृत्व में निरीक्षक आज़िम इक़्बाल सं. ईएक्सके 115658, हेड कांस्टेबल मंज़ूर अहमद मल्ला सं. 292/एसपीआर तथा सिपाही महज़ूर अहमद ग़नैई सं. 868/एसपीआर अपनी जान की परवाह किए बिना उच्चकोटि के साहस, दृढ़निश्चय और पेशेवरता का प्रदर्शन करते हुए डटे रहे और गोलीबारी का प्रभावकारी रूप से जवाब दिया तथा खुले क्षेत्र में हुई आमने-सामने से बंदूक की लड़ाई में दो स्थानीय आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया, जिनकी पहचान बाद में वलीद बशीर मीर, पुत्र स्व. बशीर अहमद मीर, निवासी बेहरामपोरा राफियाबाद और बिलाल अहमद पर्रे उर्फ बशरत बाही, पुत्र गुलाम मोहि-उद-दीन पर्रे, निवासी यमबरजलवारी बाला बोनपोरा सोपोर के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में आगे की जांच के लिए बोमई पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16 एवं 23 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 48/2020 दर्ज है।

श्री मोहम्मद अमीन भट जेकेपीएस 125758 पुलिस उपाधीक्षक (ऑप्स) सोपोर, निरीक्षक आज़िम इक़्बाल ईएक्सके 115658, हेड कांस्टेबल मंज़ूर अहमद मल्ला ईएक्सके 026147 और सिपाही महज़ूर अहमद ग़नैई सं. 868/एसपीआर द्वारा प्रदर्शित विशिष्ट वीरता, पेशेवरता और अतुलनीय दृढ़निश्चय के फलस्वरूप ही यह ऑपरेशन अपनी ओर किसी क्षति के बिना लश्कर-ए-तैयबा संगठन के दो खूंखार आतंकवादियों के सफाए के साथ समाप्त हुआ।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मोहम्मद अमीन भट, पुलिस उपाधीक्षक, आज़िम इक़्बाल, निरीक्षक, मंज़ूर अहमद मल्ला, हेड कांस्टेबल और महज़ूर अहमद ग़नैई, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25/06/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/160/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 255-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	अम्रितपाल सिंह, आईपीएस	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	मुश्ताक़ अहमद	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	ऐजाज़ अहमद डार	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.04.2020 को, शोपियां पुलिस ने गांव दियारू, शोपियां में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक खुफिया जानकारी जुटाई। इस सूचना को उच्च फार्मेशनों/सेना की 44 आरआर/सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के साथ साझा किया गया और उक्त गांव की घेराबंदी करने का निर्णय लिया गया। 0320 बजे घेराबंदी करने के बाद तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया। तलाशी ऑपरेशन के दौरान, गांव दियारू, शोपियां के बाहर एक बगीचे में स्थित दो मंजिला भवन में प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन संगठन के आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि हो गई। सर्वप्रथम संदिग्ध घर के चारों ओर घेराबंदी को सख्त कर दिया गया और आतंकवादियों को बचकर भागने से रोकने के लिए शुरूआती अवरोध लगाकर सभी मार्गों को बंद कर दिया गया। इसी बीच, उस क्षेत्र में छिपे हुए आतंकवादियों ने ऑपरेशनल टीमों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दस्तों ने तत्काल कवर ले लिया और गोलीबारी का प्रभावकारी रूप से जवाब दिया। लक्षित घर बहुत बड़ा था और

विशिष्ट रूप से 10 फीट ऊंची टिन की ऐसी शीटों से सुरक्षित था, जो वहां छिपे हुए आतंकवादियों को काफी अधिक सुरक्षा प्रदान कर रही थीं तथा आतंकवादियों का पता लगाने में ऑपरेशनल पार्टियों के समक्ष रणनीतिक दृष्टि से बाधा उत्पन्न कर रही थीं। इन टिन की शीटों को हटाने वाले कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक भारी कवर गोलीबारी करके इस बाधा को दूर करने का निर्णय लिया गया; तदनुसार पुलिस, आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों ने टिन की शीट से बनी बाउंड्री को हटाया। दोनों तरफ से हो रही भारी गोलीबारी के कारण टिन की शीट से बने कवर को हटाने में काफी समय लग गया। एक बार बाधा को हटा लेने और गोलीबारी हेतु क्षेत्र बना लेने पर, वहां छिपे हुए आतंकवादियों का पता लगाने के लिए इमारत की ओर नियंत्रित गोलीबारी की गई। बचकर भागने के प्रयास में, उनमें से एक आतंकवादी घर से बाहर आया और उसने ऑपरेशनल पार्टियों पर भारी गोलीबारी की। ऑपरेशनल पार्टियों ने आतंकवादी को यथोचित रूप से जवाब देते हुए उसे घायल कर दिया और वह आतंकवादी वापस घर के भीतर भाग गया।

स्थिति का विश्लेषण करने के बाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां ने सैन्य दस्तों को सतर्क कर दिया और उन्हें रणनीतिक स्थानों पर तैनात कर दिया। इस ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए, श्री अम्रितपाल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां, आईपीएस145795 और श्री माजद अली, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर की कमान में दो हमलावर समूहों का गठन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व में एस.जी.सीटी ऐजाज़ अहमद डार सं. 543/एसपीएन (ईएक्सके-145563), सिपाही गुलाम मोहम्मद सं. 514/एसपीएन, सिपाही उत्तम कुमार सं. 231/आईआरपी 18वीं बटालियन, सिपाही मुजफ्फर अहमद सं. 880/एसपीएन, सिपाही तहजीम खान सं. 867/एपी 8वीं बटालियन तथा एसपीओ जावेद अहमद सं. 319/एसपीएन वाले प्रथम समूह ने मोर्चा संभाल लिया और 44 आरआर एवं सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन की क्यूआरटी लक्षित घर के सामने की ओर तैनात रही, जबकि श्री माजद अली, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर के नेतृत्व में उप निरीक्षक इम्तियाज अहमद सं. एआरपी 115628, सहायक उप निरीक्षक मुश्ताक़ अहमद सं. 62/एसपीएन (ईएक्सके-961421), एस.जी.सीटी. संजीव सिंह सं. 565/एपी 12वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. जनक राज सं. 676/एपी 14वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. बशीर-उल-रमजान सं. 481/एपी 8वीं बटालियन, एसपीओ अफाक रशीद सं. 311/एसपीएन, एसपीओ कुलदीप सिंह सं. 175/जीबीएल और 44 आरआर एवं सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन की टीम वाले दूसरे समूह ने लक्षित घर के पीछे की ओर पोजीशन संभाल ली।

पहली प्राथमिकता उक्त घर के निवासियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने की थी। तदनंतर, ऑपरेशनल कमांडर श्री अम्रितपाल सिंह- आईपीएस के नेतृत्व में संयुक्त ऑपरेशनल टीम अन्य सैन्य दस्तों की कवर गोलीबारी में रणनीतिक ढंग से घर के निवासियों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में सफल हो गई। घर के निवासियों को बचाकर बाहर निकालने के बाद, घेराबंदी को और भी अधिक सख्त कर दिया गया तथा आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इसके बदले हमलावर समूहों पर गोलीबारी कर दी तथा मौके से बचकर भागने का प्रयास किया, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां, उप निरीक्षक इम्तियाज अहमद एआरपी 115628 और सहायक उप निरीक्षक मुश्ताक़ अहमद सं. 62/एसपीएन बाल-बाल बच गए। इस पर वरिष्ठ पुलिस शोपियां, पुलिस उपाधीक्षक पीसी केल्लर एवं अन्य कार्मिक अपनी बहुमूल्य जान की परवाह किए बिना बहादुरी से लड़े और जवाबी कार्रवाई के दौरान हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन का एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया, जिसकी पहचान बाद में आशिफ अहमद डार, पुत्र गुलाम मोहम्मद डार, निवासी आरामबाग, बाटापोरा शोपियां के रूप में की गई। तथापि, दूसरा आतंकवादी, जो अभी छिपने के ठिकाने में था, सुरक्षा बलों को व्यस्त रखने के इरादे से नियमित अन्तराल पर सैन्य दस्तों पर गोलीबारी करता रहा, ताकि वह घेराबंदी वाले क्षेत्र से बचकर भाग सके। वहां पर सन्नाटा छा गया और छिपने के ठिकाने में मौजूद आतंकवादी से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, परन्तु उसने ग्रेनेड फेंके और वह सैन्य दस्तों के ऊपर नियमित अंतराल पर गोलीबारी करता रहा। अपराह्न में दूसरी ओर से गोलीबारी रूक गई। सैन्य दस्तों ने कुछ समय तक इंतजार किया और जब लक्षित घर से गोलीबारी रूक गई, तो यह मान लिया गया कि घर के भीतर मौजूद आतंकवादी का भी सफाया हो गया है। तत्पश्चात, उक्त घर की तलाशी करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के पर्यवेक्षण में पुलिस, आरआर और सीआरपीएफ की एक संयुक्त पार्टी का गठन किया गया। जैसे ही पार्टियां लक्षित घर के मुख्य द्वार पर पहुंची, घिरे हुए आतंकवादी ने उन्हें मारने के इरादे से ग्रेनेड फेंके और उसके बाद अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें सर्च पार्टियां बाल-बाल बच गईं। तथापि, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने बहादुरी और समर्पण के साथ जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) संगठन के एक अन्य अज्ञात आतंकवादी का भी सफाया हो गया, जिसकी पहचान बाद में राहिल हमीद, पुत्र अब्दुल हमीद माग्रे, वासी गनोवपोरा, कीगम शोपियां (ए-श्रेणी) के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, शोपियां पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16 एवं 20 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 62/2020 दर्ज है।

श्री अम्रितपाल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां आईपीएस-145795, उप निरीक्षक इम्तियाज अहमद सं. एआरपी115628, सहायक उप निरीक्षक मुश्ताक़ अहमद सं. 62/एसपीएन (ईएक्सके-961421), एस.जी.सीटी. ऐजाज़ अहमद डार सं. 543/एसपीएन (ईएक्सके-145563), कांस्टेबल उत्तम कुमार सं. 231/आईआरपी 18वीं बटालियन, सिपाही गुलाम मोहम्मद सं. 514/एसपीएन, सिपाही तहज़ीम खान सं. 867/एपी 8वीं बटालियन और सिपाही मोहम्मद अशरफ सं. 500/आईआरपी 19वीं बटालियन अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकवादियों से दक्षतापूर्वक और बुद्धिमानी से लड़े और इनके द्वारा प्रदर्शित पेशेवरता तथा असाधारण साहस सराहनीय है, क्योंकि अत्यधिक विपरीत स्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने का उनका प्रयास वास्तव में वीरतापूर्ण था। इन अधिकारियों/कार्मिकों ने घर के सदस्यों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने में साहस का प्रदर्शन किया। यद्यपि आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने का भरसक प्रयास किया, फिर भी इसमें ये सभी अधिकारी/कार्मिक बाल-बाल बच गए। तथापि, ये अधिकारी/कार्मिक अपनी एकाग्रता खोए बिना और अपनी बुद्धि

का अच्छी तरह से इस्तेमाल करते हुए बहादुरी से लड़े और उनके नापाक मंसूबों को विफल कर दिया। ऐसी नाजुक स्थिति में ऑपरेशन स्थल पर सुरक्षित रूप से इस मिशन को पूरा करना वर्तमान ऑपरेशन की मुख्य विशेषता रही है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री अम्रितपाल सिंह, आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुश्ताक़ अहमद, सहायक उप निरीक्षक और ऐजाज़ अहमद डार, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/04/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/163/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 256-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	अब्दुल लतीफ शब्नम	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	बशीर-उल-रम्ज़ान	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	मोहम्मद यौनिस धोबि	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	पर्वीन सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.04.2020 को, शोपियां पुलिस को किसी गुलाम हसन मलिक, पुत्र अम्मा मलिक, निवासी मेलहुरा जैनपोरा के घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई और 55 आरआर एवं सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन की सहायता से लक्षित घर के चारों ओर घेराबंदी कर दी गई। परिणाम-उन्मुखी ऑपरेशन के लिए दो तलाशी पार्टियों का गठन किया गया, जिसमें से एक पार्टी का गठन श्री औमर इक्बाल-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक पीसी जैनपोरा के नेतृत्व में और दूसरी पार्टी का गठन उप निरीक्षक अब्दुल लतीफ शब्नम सं. ईएक्सके-115708, एसएचओ पुलिस स्टेशन जैनपोरा के नेतृत्व में किया गया। इसी बीच, ऑपरेशनल कमांडर श्री अम्रितपाल सिंह-आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां ने उक्त घर के मालिक और उनके परिवार के सदस्यों को घर से बाहर आने के लिए कहा और जब वे घर से निकलने ही वाले थे, तभी उक्त घर में छिपे हुए आतंकवादियों ने विभिन्न दिशाओं से एडवांस टीमों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके कारण उस घर के मालिक और उनके परिवार के सदस्य लक्षित घर के भू-तल में फंस गए। उनकी गोलीबारी का जवाब दिया गया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां ने आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने और फंसे हुए परिवार के सदस्यों को बाहर निकलने की अनुमति देने के लिए कहा, परन्तु उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। इसी बीच, सर्वप्रथम वहां फंसे हुए परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकालने का निर्णय लिया गया और इस उद्देश्य से श्री औमर इक्बाल जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक जैनपोरा के नेतृत्व में एस.जी.सीटी मंजूर अहमद सं. 270/एसपीएन, एस.जी.सीटी. इश्तियाक अहमद सं. 760/आईआरपी 16वीं बटालियन तथा सिपाही दीपक कुमार सं. 3871/एस और आरआर एवं सीआरपीएफ की सैन्य टुकड़ियों के साथ ऑपरेशनल पार्टियां लक्षित घर की ओर आगे बढ़ीं। जैसे ही पार्टी ने घर के परिसर में प्रवेश किया, वह दो अलग-अलग दिशाओं से भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई, जिसमें पार्टी बाल-बाल बच गई। तथापि, उप निरीक्षक अब्दुल लतीफ शब्नम ईएक्सके-115708 एसएचओ पुलिस स्टेशन जैनपोरा के नेतृत्व में एस.जी.सीटी बशीर-उल-रमजान सं. 481/एपी 8वीं बटालियन एआरपी-066082, सिपाही मोहम्मद यौनिस धोबि सं. 809/आईआरपी 8वीं बटालियन एआरपी-175624 तथा सिपाही पर्वीन सिंह सं. 810/आईआरपी 11वीं बटालियन एआरपी-105785 वाली दूसरी ऑपरेशनल पार्टी ने आतंकवादियों को उलझाए रखा और पहली पार्टी कमरे में प्रवेश करने के लिए सावधानीपूर्वक आगे बढ़ी।

एडवांस पार्टी की गतिविधि को देखकर, वहां पर घिरा हुआ एक आतंकवादी उनका सामना करने के लिए घर से बाहर आ गया। श्री औमर इक्बाल-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक, पीसी जैनपोरा ने अपनी टीम के साथ आतंकवादी का सामना किया और बंदूक की लड़ाई में उसे मार गिराया। एस.जी.सीटी बशीर-उल- रम्ज़ान सं. 481/एपी 8वीं बटालियन, सिपाही मोहम्मद यौनिस धोबि सं. 809/आईआरपी 8वीं बटालियन तथा सिपाही पर्वीन सिंह सं. 810/आईआरपी 11वीं बटालियन सहित उप निरीक्षक अब्दुल लतीफ शब्नम एसएचओ पुलिस स्टेशन जैनपोरा वाली पार्टी ने सावधानीपूर्वक उक्त घर में प्रवेश किया, तथापि उन्हें एक अन्य आतंकवादी द्वारा चुनौती दी गई, जो बरामदे में

छिपा हुआ था। पुलिस पार्टी ने सीढ़ियों के पीछे आड़ ले ली और उस पर गोलीबारी की तथा बंदूकों की लड़ाई के बाद सफलतापूर्वक उसका सफाया कर दिया। ऑपरेशनल टीमों ने, वहां फंसे हुए परिवार के सदस्यों को लक्षित घर से भागने का अवसर मिलने तक, जीवित बचे आतंकवादियों को बंदूक की लड़ाई में उलझाए रखा। परिवार के कुछ सदस्य सदमे में थे और वे चलने में भी असमर्थ थे। उप निरीक्षक अब्दुल लतीफ शब्नम ईएक्सके- 115708 के नेतृत्व वाली टीम ने उन्हें अपने कंधों पर उठाया और अपनी जान की परवाह किए बिना उन्हें मुख्य द्वार तक पहुंचाया। उन्हें सुरक्षित रूप से बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, श्री औमर इक्बाल-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक पीसी जैनपोरा के नेतृत्व वाली एडवांस पार्टी ने सावधानीपूर्वक लक्षित घर में प्रवेश किया। तथापि, संयुक्त ऑपरेशनल पार्टी ने अत्यधिक सावधानी बरतते हुए प्रभावकारी/पेशेवर तरीके से तथा निपुणता के साथ उनकी गोलीबारी का जवाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप आमने-सामने की भीषण लड़ाई शुरू हो गई, जो दो अन्य आतंकवादियों के सफाए के साथ समाप्त हुई। वर्तमान मामले की जांच के दौरान, मारे गए आतंकवादियों की पहचान तारिक अहमद भट (एलईटी संगठन), पुत्र मोहम्मद अब्दुल्ला भट, निवासी खासीपोरा शोपियां, बशरत अहमद शाह (एजीएच संगठन), पुत्र मोहम्मद अकबर शाह, निवासी निकलूरा पुलवामा, वकील अहमद डार (जेईएम संगठन), पुत्र गुलाम नबी डार, निवासी निकलूरा पुलवामा और उजैर अमीन भट (एचएम संगठन), पुत्र मोहम्मद अमीन भट, निवासी चेस्टी कालोनी बारामूला के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में आगे की जांच के लिए पुलिस स्टेशन जैनपोरा में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 19, 23 एवं 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 28/2020 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री अब्दुल लतीफ शब्नम, उप निरीक्षक, बशीर-उल-रम्ज़ान, एस.जी.सीटी., मोहम्मद यौनिस धोबि, सिपाही और पर्वीन सिंह, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21/04/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/164/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 257-प्रेज2022/-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	मोहम्मद मुज़फ्फर जान	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2	प्रेम पाल	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	मुश्ताक़ अहमद	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.07.2020 को कुलगाम पुलिस को मुश्ताक़ अहमद भट, पुत्र-गुल मोहम्मद भट, निवासी- अर्रेह मोहनपोरा के आवासीय घर में आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में विशेष सूचना मिली। कुलगाम पुलिस, 09 आरआर और 18वीं बटालियन सीआरपीएफ ने उक्त गांव को घेर लिया और तलाशी ऑपरेशन शुरू किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कुलगाम की देखरेख में और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कुलगाम की समग्र कमांड/कंट्रोल में एक टीम का गठन श्री मोहम्मद मुजफ्फर जान-जेकेपीएस के नेतृत्व में किया गया। इसके बाद, क्षेत्र को सील करने और घेराबंदी करने के लिए एक ऑपरेशनल रणनीति बनाई गई। श्री मोहम्मद मुजफ्फर जान-जेकेपीएस, श्री अरविंद कुमार जेकेपीएस पुलिस उपाधीक्षक पीसी कुलगाम के नेतृत्व वाले प्रारंभिक दलों और उनके अपने अनुरक्षकों तथा 9-आरआर एवं 18वीं बटालियन सीआरपीएफ में उनके समकक्षों ने क्षेत्र को घेर लिया और भागने के सभी संभावित मार्गों को बंद कर दिया। प्रारंभिक घेराबंदी करने और साथ ही इस बात की पुष्टि करने के बाद, कि लक्षित घर में आतंकवादी छिपे हुए हैं, उक्त गांव में घेरेबंदी को और अधिक सुदृढ़ कर लिया गया और तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया। लक्षित घर का पता लगाया गया और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया, लेकिन इसके लिए उन्होंने इनकार कर दिया। तलाशी के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने आपराधिक मंशा से ऑपरेशनल पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। आगे बढ़ते तलाशी दलों ने भी प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप बंदूक की लड़ाई तेज हो गई। भीषण गोलाबारी शुरू हुई और काफी देर तक चलती रही। पुलिस पार्टी ने धैर्य/सहनशीलता दिखाई और युद्ध का मैदान नहीं छोड़ा। टीमों के बीच तालमेल और पहले से

तैयार की गई रणनीतिक योजना ने प्रभावी ढंग से काम किया। अधिकारी और उनके साथी मौके से नहीं हटे और उन्होंने हिम्मत/बुद्धिमानी दिखाते हुए अलग-अलग तरफ से टारगेट एरिया में घुसकर 02 खूंखार आतंकियों को मार गिराया।

अपने व्यक्तिगत जीवन की सुरक्षा की परवाह किए बिना 02 खूंखार आतंकवादियों को मार गिराने में पुलिस घटक, जिसमे विशेष रूप से श्री गुरिंदरपाल सिंह आईपीएस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलगाम, श्री मोहम्मद मुजफ्फर जान सं. (जेकेपीएस-116076), पुलिस उपाधीक्षक डीएआर डीपीएल कुलगाम, हेड कांस्टेबल प्रेम पाल सं. 187/आईआरपी-11वीं (एआरपी-951303), हेड कांस्टेबल मुश्ताक़ अहमद सं. 263/आईआर 3 (एआरपी-036732), हेड कांस्टेबल मुजामिल हयात सं. 43/एपी 9वीं बटालियन, हेड कांस्टेबल मोहम्मद सैय्यद सं. 40/एपी 9वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. रजाक अहमद सं. 508/आईआरपी 6वीं बटालियन, सिपाही जोगिंदर सिंह सं. 821/एपी 9वीं बटालियन, सिपाही मोहम्मद अशफाक सं. 565/आईआरपी 11वीं बटालियन, सिपाही फारूक अहमद सं. 889/केजीएम, सिपाही आशिक हुसैन सं. 839/केजीएम, सिपाही सजाद हुसैन 1047/केजीएम, एसपीओ मोहम्मद आरिफ शेख सं. 424/के, एसपीओ बिलाल अहमद बेग सं. 549/के, एसपीओ मनमीत सिंह सं. 419/के, एसपीओ वीरेंद्र पाल सिंह सं. 609/के, एसपीओ सुहैल अहमद वानी सं. 2014/ए, एसपीओ मोहम्मद शफी सं. ओ6/के, इम्तियाज अहमद गनी सं. 105/के और एसपीओ सजाद अहमद खान सं. 686/के शामिल थे, द्वारा प्रदर्शित तालमेल अनुकरणीय था। विशेष नाका पार्टी ने हिम्मत/बुद्धिमानी दिखाई और संदिग्ध वाहन को रोककर आतंकवादियों के एक सहयोगी को भी गिरफ्तार किया, जो आतंकवादी द्वारा अपराध के लिए इस्तेमाल किए गए वाहन को चला रहा था। इस ऑपरेशन की समाप्ति प्रतिबंधित संगठन के 02 कट्टर आतंकवादियों के खात्मे के साथ हुआ। कुछ और आतंकवादियों का पता लगाने के लिए इलाके की गहन तलाशी ली गई और बाद में इलाके को सेनिटाइज किया गया। बाद में, मारे गए आतंकवादियों की पहचान अली भाई उर्फ अबू उकाशा, निवासी- पाकिस्तान (एचएम संगठन की श्रेणी "ए") और हिलाल अहमद मलिक, पुत्र मोहम्मद मकबूल मलिक, निवासी- ताज़ीपोरा कुलगाम (एचएम संगठन) के रूप में की गई। मारे गए आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला बारूद बरामद किया गया है। इस संबंध में, आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13,16,19, 20 एवं 38 के तहत पुलिस स्टेशन- कुलगाम में मामलागत एफआईआर संख्या 132/2020 दर्ज है।

ऑपरेशनों की लगातार सफलता ने आतंकवादी को अपनी जान बचाने के लिए बैकफुट पर ला दिया। ऊपर उल्लखित कार्मिकों समेत जिला- कुलगाम के अधिकारियों/कर्मचारियों के अथक प्रयासों से 02 खूंखार आतंकवादियों के खात्मे के साथ ही इस विशेष ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मोहम्मद मुज़फ्फर जान, पुलिस उपाधीक्षक, प्रेम पाल, हेड कांस्टेबल और मुश्ताक़ अहमद, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04/07/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/166/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 258-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	मोहम्मद यौसिफ	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
2	सुरिंदर मोहन	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	खलिल-उ-रेहमान	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.04.2020 को कुलगाम पुलिस को इस संबंध में विशेष सूचना मिली कि लोवरमुंडा गांव में अब्दुल गनी शेख, पुत्र अब्दुल समद शेख, दामाद-अली मोहम्मद, निवासी- मटनपोरा लोवरमुंडा काजीगुंड के घर में कुछ अज्ञात आतंकवादी छिपे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक कुलगाम की समग्र कमान के तहत श्री मोहम्मद यौसिफ (केपीएस-017324), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुलगाम और श्री सुरिंदर मोहन

(जेकेपीएस 155786), पुलिस उपाधीक्षक (पीसी) मीरबाजार के नेतृत्व में दो विशेष कॉडन एवं सर्च टीमें बनाई गईं। इसके बाद, क्षेत्र को सील करने और घेरने के लिए एक ऑपरेशनल रणनीति बनाई गई। प्रारंभिक दलों ने क्षेत्र की घेराबंदी की और भागने के सभी संभावित मार्गों को सील/बंद कर दिया। प्रारंभिक घेराबंदी करने के बाद और उस घर में आतंकवादियों के छिपे होने की पुष्टि होने पर उक्त गांव में घेराबंदी को मजबूत किया गया और तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया।

लक्ष्य के आसपास के घरों की रणनीतिक दृष्टि से गहन तलाशी ली गई। विशेष रूप से श्री मोहम्मद यौसिफ (केपीएस 017324), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुलगाम के नेतृत्व वाली ऑपरेशनल पार्टी, जिसमें एस.जी.सीटी. खलिल-उ-रेहमान सं. 985/केजीएम (ईएक्सके 116602) सम्मिलित थे और श्री सुरिंदर मोहन (जेकेपीएस 155786), पुलिस उपाधीक्षक (पीसी) मीरबाजार के नेतृत्व वाली दूसरी टीम ने सभी जोखिम उठाते हुए, वहां रहने वाले नागरिकों को देर रात में बाहर निकाल कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया। लक्षित घर का पता लगा लिया गया और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया, जिसे उन्होंने नकार दिया। तलाशी के दौरान, छिपे हुए आतंकवादियों ने ऑपरेशनल पार्टी पर उन्हें मारने की नीयत से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। एडवांस सर्च पार्टियों द्वारा गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप मुठभेड़ शुरू हुई।

पुलिस पार्टी ने धैर्य और संयम का परिचय दिया गया और एक इंच भी पीछे नहीं हटे। इसके कारण, आतंकवादियों को अंधाधुंध गोलीबारी करनी पड़ी और वे कई तरफ से सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए मजबूर हो गए, क्योंकि उनकी संख्या 03 थी। टीमों के बीच तालमेल और पहले से तैयार रणनीतिक योजना ने प्रभावी ढंग से कार्य किया; तथापि रूक-रूक कर गोलीबारी चल रही थी। लेकिन अधिकारी अपने साथियों के साथ मौके से नहीं हटे और उन्होंने हिम्मत दिखाई तथा अलग-अलग दिशाओं से लक्ष्य क्षेत्र में घुस गए और एक आतंकवादी को मार गिराया, जो उनकी ओर एक ग्रेनेड फेंककर मुठभेड़ स्थल से भागने की कोशिश कर रहा था। अन्य दो आतंकवादियों ने पास में ही पनाह ले ली और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों टीमें गोलीबारी के दायरे में थीं और उन्होंने आतंकवादियों को भागने नहीं दिया। अंततः संयुक्त ऑपरेशनल टीम द्वारा अन्य दो आतंकवादियों को भी मार दिया गया। फ्रंट लाइन ऑपरेशनल पार्टी में श्री मोहम्मद शफीक, एसडीपीओ काजीगुंड केपीएस-116207, एस.जी.सीटी. सैयद सजाद हुसैन शाह 1504/बी ईएक्सके116181, एस.जी.सीटी. रोहित कुमार छिब सं. 944/केजीएम ईएक्सके 118896, हेड कांस्टेबल औरंगजेब सं. 207/आईआरपी 11वीं बटालियन एस.जी.सीटी. मोहम्मद आरिफ सं. 571/केजीएम, एस.जी.सीटी. हिलाल अहमद सं. 106/आईआरपी 11वीं बटालियन, एस.जी.सीटी. सजाद हुसैन सं. 807/ए, एस.जी.सीटी. मंजूर अहमद सं. 1851/ए, एस.जी.सीटी. ओमर बशीर सं. 1419/ए, सुखमिंदर सिंह सं. 2026/एसपीओ, मोहम्मद इशाक सं. 564/एसपीओ, मोहम्मद यासीन सं. 367/एसपीओ, मुहम्मद इरफान सं. 18/एपी 9वीं बटालियन, एसपीओ शब्बीर अहमद सं. 678/के, एसपीओ आकिब हुसैन 478/के, एसपीओ रफीक अहमद सं. 201/के, एसपीओ वजीर अहमद सं. 409/के, एसपीओ मोहम्मद अशरफ सं. 263/के, एसपीओ सब्जार अहमद सं. 635/के भी सहायता कर रहे थे। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना इन खूंखार आतंकवादियों को मार गिराने में अनुकरणीय भूमिका निभाई। मारे गए आतंकवादियों की पहचान रेयाज अहमद इटू, पुत्र- मोहम्मद अकबर इटू, निवासी- संग्रान काजीगुंड, बिलाल अहमद वागे, पुत्र- बशीर अहमद वागे, निवासी- पंजगाम और आसिफ अहमद डार, पुत्र- अब्दुल मजीद डार, निवासी- डांगेरपोरा काकापोरा के रूप में हुई थी।

मुठभेड़ के दौरान राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा उपद्रवियों को एकत्र करने की प्रवृत्ति रही थी, जिस कारण मुठभेड़ स्थल पर प्रभावी कानून और व्यवस्था ग्रिड तैनात करके इसे काफी हद तक विफल कर दिया गया और किसी प्रकार की भीड़ को बढ़ने नहीं दिया गया और ऑपरेशन सुचारू रूप से चलाया गया। इन आतंकवादियों की मौत प्रतिबंधित "हिजबुल मुजाहिदीन" आतंकी संगठन के ढांचे और कार्यप्रणाली के लिए एक बड़ा झटका था। इस वीरतापूर्ण कार्रवाई से हमारे वीर अधिकारियों/कार्मिकों ने एक बड़े आतंकी खतरे को समाप्त कर दिया।

मारे गए आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला बारूद बरामद किया गया है। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन काजीगुंड में आईपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/25 तथा विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 20 और 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 116/2020 दर्ज है।

उपरोक्त अधिकारियों के साथ जिला कुलगाम के अधिकारियों/कार्मिकों के अथक प्रयासों से 03 खूंखार आतंकियों के सफाए के साथ इस विशेष ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। संस्तुत अधिकारियों ने अपने सामान्य कर्तव्यों से आगे बढ़कर विशिष्ट भूमिका निभाई और वीरतापूर्ण कार्रवाई की।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मोहम्मद यौसिफ, पुलिस अधीक्षक, सुरिंदर मोहन, पुलिस उपाधीक्षक और खलिल-उ-रेहमान, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27/04/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/170/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 259-प्रेज2022/-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	मंज़ूर अहमद	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	शकील-उल-रेहमान	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	सज्जाद अहमद पर्रे	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.07.2020 को पुलिस कुलगाम को ग्राम- चिम्मर नागनाड में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी के संबंध में एक विशेष सूचना प्राप्त हुई। कुलगाम पुलिस, 09 आरआर और 18वीं बटालियन सीआरपीएफ ने उक्त गांव को घेर लिया और घर-घर जाकर तलाशी शुरू दी। श्री मोहम्मद यूसिफ-जेकेपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुलगाम की देखरेख में और श्री गुरिंदरपाल सिंह-आईपीएस पुलिस अधीक्षक कुलगाम की समग्र कमान एवं नियंत्रण में टीमों का गठन किया गया। इन टीमों का नेतृत्व श्री मोहम्मद मुजफ्फर जान-जेकेपीएस पुलिस उपाधीक्षक (डीएआर) डीपीएल कुलगाम और श्री आशक हुसैन-जेकेपीएस एसडीपीओ डीएच पोरा के साथ साथ श्री अरविंद कुमार-जेकेपीएस पुलिस उपाधीक्षक पीसी कुलगाम, श्री जोहैब हसन-जेकेपीएस पुलिस उपाधीक्षक पीसी हातीपोरा, श्री सुरिंदर मोहन-जेकेपीएस, पुलिस उपाधीक्षक पीसी मीरबाजार ने किया। आशक हुसैन-जेकेपीएस एसडीपीओ डीएच पोरा के नेतृत्व वाले प्रारंभिक दलों, उनके अपने अनुरक्षकों और 09 आरआर/सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन में उनके समकक्षों ने क्षेत्र की घेराबंदी की और भागने के सभी संभावित मार्गों को बंद कर दिया। प्रारंभिक घेराबंदी करने और इस बात की पुष्टि करने के बाद कि लक्षित घर में आतंकवादी छिपे हुए हैं, उक्त गांव में घेराबंदी को और अधिक मजबूत कर लिया गया तथा साथ ही तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया। लक्षित घर का पता लगाकर आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया, जिसके लिए उन्होंने इनकार कर दिया। तलाशी के दौरान ही, छिपे हुए आतंकवादियों ने ऑपरेशनल पार्टी को मारने के इरादे से अपने हथियारों से उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। आगे बढ़ते तलाशी दलों ने भी फायरिंग का जबाब दिया, जिसके परिणामस्वरूप मुठभेड़ शुरू हो गई। भीषण गोलाबारी भी शुरू हुई और काफी देर तक चलती रही। पुलिस पार्टी ने धैर्य/सहनशीलता दिखाई और अपना मोर्चा नहीं छोड़ा। पुलिस टीमों के बीच आपसी तालमेल और पहले से तैयार की गई रणनीतिक योजना ने प्रभावी ढंग से काम किया और इस प्रकार रुक-रुक कर गोलियां चल रही थी। लेकिन अधिकारी और उनके साथी मौके से नहीं हटे। उन्होंने हिम्मत/बुद्धिमानी का प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग तरफ से टारगेट एरिया में प्रवेश कर लिया और 03 खूंखार आतंकियों को मार गिराया।

अपनी जान की सुरक्षा की परवाह किए बिना 03 खूंखार आतंकवादियों को मार गिराने में पुलिस घटक, जिसमे विशेष रूप से श्री मोहम्मद मुजफ्फर जान-जेकेपीएस116076, उप निरीक्षक मंज़ूर अहमद सं. 82/एपी7वीं एआरपी 801316, जो वर्तमान में आई/सी डीबी स्क्वाड डीपीएल कुलगाम रूप में तैनात है, सहायक उप निरीक्षक मुख्तार अहमद सं. 70/केजीएम, सहायक उप निरीक्षक सुखदेव सिंह सं. 04 के/आईआर 11वीं, हेड कांस्टेबल मोहम्मद सादिक सं. 55/आईआरपी 11वीं बटालियन, हेड कांस्टेबल बिलाल अहमद सं. 55/आईआर 11वीं, हेड कांस्टेबल जाविद अहमद सं. 181/केजीएम., एस.जी.सीटी. मोहम्मद अशरफ सं. 255/केजीएम, एस.जी.सीटी. मोहम्मद इशाक दास सं. 405/केजीएम, सिपाही शकील-उल-रेहमान नाइक सं. 740/केजीएम ईएक्सके 168620, सिपाही सज्जाद अहमद पर्रे सं. 934/केजीएम ईएक्सके-111524, सिपाही अश्वनी भान सं. 938/केजीएम, एसपीओ मोहम्मद इमरान नाइक सं. 87/के, एसपीओ मोहम्मद आसिफ सं. 984/आर, एसपीओ मोहम्मद शफी सं. 584/के, एसपीओ मोहम्मद हुसैन सं. 204/के, एसपीओ मुदासिर अहमद सं. 595/के, एसपीओ मोहम्मद इमरान सं. 638/के, एसपीओ अरशद हुसैन सं. 43/के, एसपीओ शाबिर अहमद सं. 443/के, एसपीओ शाबिर अहमद सं. 672/के, लेडी एसपीओ समीह परवीन सं. 474/के, एसपीओ मोहम्मद आरिफ सं. 672/आर, एसपीओ मोहम्मद ताहिर सं. 1065/पी और एसपीओ जावेद अहमद सं. 27/के शामिल थे, ने तालमेल के प्रदर्शन के साथ एक अनुकरणीय भूमिका निभाई। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में अबू बकर उर्फ वालीद उर्फ अबू माविया, निवासी- पाकिस्तान, रौफ अहमद डार, पुत्र- अब हामिद डार, निवासी- आव्हाटू कुलगाम और रईस अहमद नाइक, पुत्र- अली मोहम्मद नाइक, निवासी-चिम्मर कुलगाम के रूप में हुई। यहां यह उल्लेख करना उचित होगा कि उप निरीक्षक मंज़ूर अहमद सं. 82/एपी 7वीं बटालियन एआरपी-801316 ने मुठभेड़ के दौरान जिंदा ग्रेनेड और विस्फोटक के खतरे को समाप्त करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए, जिससे नागरिकों के हताहत होने की संभावना समाप्त हो गई।

हालांकि, ये आतंकवादी तीन अलग-अलग संगठनों से जुड़े थे, लेकिन वे स्थानीय ओजीडब्ल्यू के समर्थन से एक साथ मिलकर काम कर रहे थे और सुरक्षा बलों पर हमले करने की योजना बना रहे थे। इन आतंकवादियों की मौत हो जाने से संबंधित प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की दांचागत और कार्यात्मक इकाई को एक बहुत बड़ा झटका लगा है, क्योंकि ये संगठन सेवारत पुलिस अधिकारियों और दक्षिण कश्मीर में रहने वाले अन्य कर्मियों पर दबाव बनाना चाहते थे। ये दोनों आतंकवादी कई आपराधिक मामलों में शामिल थे। उनका मुख्य उद्देश्य एवं लक्ष्य अपने संबंधित ओजीडब्ल्यू को उन लोगों को मारने के लिए निर्देशित करना था, जो शांतिप्रिय नागरिक हैं। इस प्रकार उनका उद्देश्य शांति को भंग करना था और लोकतंत्र के समर्थक लोगों के बीच अराजकता पैदा करके लोकतंत्र के मूल प्रहरियों को चोट पहुचाना था। मारे गए आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला बारूद बरामद किया गया है। इस संबंध में, आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की

धारा 7/25, 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18, 20, 38 एवं 39 के तहत पुलिस स्टेशन- डीएच पोरा में मामलागत एफआईआर संख्या 115/2020 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मंज़ूर अहमद, उप निरीक्षक, शकील-उल-रेहमान, सिपाही और सज्जाद अहमद पर्रे, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/07/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/172/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 260-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	रमीज़ राजा	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	खुशीद अहमद खान	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3	फयाज़ अहमद जुस्कुम	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.08.2020 को लगभग 09:20 बजे, आतंकवादियों ने नवां मोड़, क्रीरी में नाका पार्टी पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप 01 एसपीओ और 02 सीआरपीएफ कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद अन्य सीआरपीएफ और पुलिस कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और अतिरिक्त सुरक्षा बलों के आने तक उन्हें क्रॉस फायरिंग में उलझाए रखा। यह अतिरिक्त सुरक्षा बल, जिसमें सेना की 29 आरआर एवं सीआरपीएफ की 176वीं बटालियन शामिल थी, और बारामूला पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद बारामूला पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने कुशल तैयारी के साथ एक कार्रवाई योग्य योजना बनाई। एसओजी बारामूला, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टियों द्वारा संदिग्ध क्षेत्र की घेराबंदी की गई और संस्तुत अधिकारियों ने ऑपरेशनल टीम का नेतृत्व किया। सुरक्षा बलों ने एक अत्यंत मजबूत घेरा बनाए जाने तक उच्च स्तर की गोपनीयता को बनाए रखते हुए अपरंपरागत मार्गों को अपनाया। तीन स्तरों में घेरा डालकर इसे मजबूत किया गया और संस्तुत अधिकारी सबसे आगे थे। दोनों ओर से हो रही भारी गोलीबारी के कारण, स्थिति बहुत प्रतिकूल बनी हुई थी, लेकिन सुरक्षा बल, जिनमें संस्तुत अधिकारी भी शामिल थे, इन शत्रुतापूर्ण बाधाओं से निपटने के लिए प्रतिबद्ध थे।

घेराबंदी करने के बाद, दो बचाव दल, एक पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) बारामूला श्री मुकेश कुमार कक्कड़ की कमान में और दूसरा श्री रमीज़ राजा पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) क्रीरी की कमान के तहत गठित किए गए। संस्तुत अधिकारी स्वेच्छा से इन दलों का हिस्सा बनने के लिए आगे आए। इन दलों ने सबसे पहले स्थानीय नागरिकों को मुठभेड़ स्थल के आस-पास के घरों से बाहर निकाला लिया। इसके बाद, संयुक्त दलों ने घेराबंदी को सुदृढ़ कर लिया। आतंकवादियों ने संयुक्त दलों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिसमें सेना के दो जवान घायल हो गए। आतंकवादियों ने घेरा तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन संयुक्त दलों ने सुरक्षित पोजीशन में रहते हुए अपने जीवन की परवाह किए बिना, प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की। श्री मुकेश कुमार कक्कड़ पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) बारामूला ने संयुक्त पार्टियों में शामिल एस.जी.सीटी. इरशाद हुसैन सं.720/आईआर 13वीं पीआईडी सं. एआरपी 097579, एस.जी.सीटी. आरिफ रसूल सं. 754/आईआर 13वीं पीआईडी सं. एआरपी 066397, सिपाही शहजाद खान सं.1626/बी ईएक्सके167339 और सिपाही इरफान अब्दुल्ला सं.1703/बी पीआईडी सं. ईएक्सके 175558 को घायल सुरक्षा कर्मियों को बाहर निकालने की जिम्मेदारी सौंपी, जिन्होंने घायल सुरक्षा कर्मियों को बहादुरी से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, जहां से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

घायल कर्मियों को सुरक्षित निकालने के बाद, हेड कांस्टेबल खुशीद अहमद खान सं. 2167/एस के साथ पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) बारामूला श्री मुकेश कुमार कक्कड़ उत्तर दिशा से लक्ष्य स्थल पर पहुंचे, जहां से एक आतंकवादी घनी झाड़ियों से ढके एक गॉर्ज से सुरक्षा बलों पर गोलीबारी कर रहा था। अधिकारी ने श्री रमीज़ राजा, पुलिस उपाधीक्षक ओपीएस क्रीरी और संयुक्त दल के कवर फायर की मदद से एक आतंकवादी को घेर लिया, जिसने सुरक्षा बलों पर हथगोला फेंका और अंधाधुंध फायरिंग की तथा मुठभेड़ स्थल से भागने की कोशिश की, लेकिन श्री मुकेश कुमार कक्कड़ और हेड कांस्टेबल खुशीद अहमद खान सं. 2167/एस ने भी आतंकवादियों पर गोलियां चलाईं और एक आतंकवादी को मार गिराया, जिसकी पहचान बाद में सज्जाद अहमद मीर उर्फ हैदर लश्करी के रूप में हुई, दूसरे आतंकवादी ने मुठभेड़ स्थल से भागने की

कोशिश की, जबकि श्री मुकेश कुमार कक्कड़ और हेड कांस्टेबल खुशीद अहमद खान सं. 2167/एस ने घायल आतंकवादी का पीछा किया और कई प्रयासों के बाद इसे भी मार गिराया। तीसरा आतंकवादी हथगोले फेंकते हुए और गोलीबारी करते हुए फरार हो गया, जिसमें सेना का 01 जवान घायल हो गया, लेकिन श्री रमीज़ राजा पुलिस उपाधीक्षक ओपीएस क्रीरी और एस.जी.सीटी. फयाज़ अहमद जुस्कुम सं 3928/पीडब्ल्यू ने बहादुरी और चतुराई से उसका पीछा किया और उस पर हमला किया, लेकिन यह आतंकवादी दो बार भागने में कामयाब हो गया। श्री रमीज़ राजा पुलिस उपाधीक्षक, ओपीएस क्रीरी और एस.जी.सीटी. फयाज़ अहमद जुस्कुम सं. 3928/पीडब्ल्यू तीसरी बार फिर उसके करीब आ गए और उन्होंने इस आतंकवादी पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप इस आतंकवादी का भी सफाया हो गया।

यहां यह उल्लेख करने योग्य है कि प्रतिकूल स्थिति में भी उपरोक्त संस्तुत अधिकारी जीवन को गंभीर खतरे में डालने वाले कार्य के लिए स्वेच्छा से आगे आए, जबकि इसी कार्य में उनके एक सहयोगी और 04 सुरक्षा कर्मियों को शहादत मिली। संस्तुत अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित उल्लेखनीय बहादुरी और साहस के कारण ही, 36 घंटे तक चली इस भारी गोलाबारी के परिणामस्वरूप अंततः 02 स्थानीय और 01 विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया गया।

बंदूक की इस लड़ाई में, लश्कर-ए-तैयबा संगठन के 03 खूंखार आतंकवादी मारे गए, जिनकी पहचान बाद में सज्जाद अहमद मीर उर्फ हैदर लश्करी पुत्र- गुलाम कादिर मीर, निवासी- बार्थ कलां सोपोर, "ए+" श्रेणी, उस्मान भाई, निवासी- पाकिस्तान, "ए" श्रेणी और अनायतुल्ला मीर उर्फ फ्लैमद लश्करी, पुत्र- मुश्ताक अहमद मीर, निवासी- अंदरगाम पट्टन, "सी" श्रेणी के रूप में हुई।

मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला बारूद बरामद किया गया था। इस घटना के संबंध में, पुलिस स्टेशन-क्रीरी में आईपीसी की धारा 307 और भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 85/2020 दर्ज है। पूरे ऑपरेशन में, श्री रमीज़ राजा केपीएस 125827, हेड कांस्टेबल खुशीद अहमद खान इएक्सके 021665 और एस.जी.सीटी. फयाज़ अहमद जुस्कुम सं.3928/पीडब्ल्यू ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के (03) हार्ड कोर आतंकवादियों को मार गिराने में एक विशिष्ट और प्रशंसनीय भूमिका निभाई।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री रमीज़ राजा, पुलिस उपाधीक्षक, खुशीद अहमद खान, हेड कांस्टेबल और फयाज़ अहमद जुस्कुम, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17/08/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/173/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 261-प्रेज2022/—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का चतुर्थ बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	ऐजाज़ अहमद	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का चतुर्थ बार
2	यौनिस खान	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	परवैज़ अहमद शाह	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.04.2020 को, पुलिस स्टेशन अवंतीपोरा को विश्वसनीय स्रोतों से विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई, कि गांव गोरीपोरा अवंतीपोरा में एक व्यक्ति नामशः मंसूर अली सोफी, पुत्र- अली मोहम्मद सोफी, निवासी- गोरीपोरा आतंकवादियों के सहयोगी के रूप में काम कर रहा है और वह आतंकवादियों को इस क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियां चलाने के लिए सहायता प्रदान कर रहा है और यह भी कि आतंकवादियों के उक्त सहयोगी ने उनके लिए एक ठिकाना भी बनाया है और उसे गोरीपोरा क्षेत्र में उक्त ठिकाने के आस पास के स्थान की समस्त जानकारी है।

जांच के दौरान पुलिस स्टेशन अवंतीपोरा ने 50 आरआर और 130वीं बटालियन सीआरपीएफ की सहायता से गांव- गोरीपोरा के बागों में तलाशी ऑपरेशन शुरू किया। तुरंत ही, श्री ताहिर सईम- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा और श्री ऐजाज अहमद जेकेपीएस 125830 एसडीपीओ अवंतीपोरा की कमान में एक संयुक्त तलाशी दल का गठन किया गया। इस दल में निरीक्षक मुदासिर नसीर-एसएचओ अवंतीपोरा, उप निरीक्षक आदिल अशरफ सं. 338/पीएयू (ईएक्सके-109538), उप निरीक्षक यौनिस खान सं. 175/पीएयू, हेड कांस्टेबल

नाजिर अहमद जाटल सं. 826/आईआरपी 11वीं (एआरपी 076602), हेड कांस्टेबल दाऊद खान सं. 105/आईआरपी 20वीं, हेड कांस्टेबल फयाज सं. 290/एडब्ल्यूटी, हेड कांस्टेबल मुख्तार अहमद सं. 39/एपी, एस.जी.सीटी. जगजीत सं. 409/एडब्ल्यूटी, एस.जी.सीटी. बशीर अहमद सं. 280/एडब्ल्यूटी, सिपाही मुजफ्फर सं. 770/एडब्ल्यूटी, एस.जी.सीटी. मुनीर अहमद सं. 785/एडब्ल्यूटी, एस.जी.सीटी परवैज अहमद शाह सं. 784/एडब्ल्यूटी, एसपीओ रॉबिंदर सिंह सं. 413/एसपीओ, एसपीओ मुदासिर सं. 380/एसपीओ, एसपीओ मंजीत सिंह सं. 972/एसपीओ, एसपीओ दविंदर सिंह सं. 2156/एसपीओ, एसपीओ लियाकत सं. 881/एसपीओ-राजौरी और एसपीओ उमर रहनन सं. 85/एसपीओ शामिल किये गए।

तलाशी ऑपरेशन के दौरान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा और एसडीपीओ अवंतीपोरा तथा साथ ही उप निरीक्षक आदिल अशरफ सं. 338/पीएयू, उप निरीक्षक यौनिस सं. 175/पीएवाई, हेड कांस्टेबल नाजिर अहमद सं. 826/आईआरपी 11वीं, हेड कांस्टेबल मुख्तार अहमद सं. 39/एपी, एस.जी.सीटी. जगजीत सं. 409/एडब्ल्यूटी, एस.जी.सीटी. बशीर अहमद सं. 280/एडब्ल्यूटी, सिपाही मुजफ्फर अहमद सं. 770/एडब्ल्यूटी, एस.जी.सीटी. मुनीर अहमद शाह सं. 785/एडब्ल्यूटी (ईएक्सके-155460), एस.जी.सीटी. परवैज़ अहमद सं. 784/एडब्ल्यूटी, एसपीओ रॉबिंदर सिंह सं. 413/एसपीओ, एसपीओ मुदासिर सं. 330/एसपीजी, एसपीओ मंजीत सिंह सं. 972/एसपीओ, एसपीओ दविंदर सिंह सं. 2156/एसपीओ, एसपीओ लियाकत सं.881/एसपीओ और एसपीओ उमर रहमान सं. 95/एसपीओ सर्च पार्टी और सुरक्षा बलों को उस ठिकाने तक ले गए। जैसे ही लक्ष्य स्थान की पहचान हुई, छिपे हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दलों को मारने के इरादे से उन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिसमें आतंकवादियों का उक्त सहयोगी मंसूर अली सोफी, जो तलाशी दल को ठिकाने की ओर ले जा रहा था, गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसने चोटों के कारण दम तोड़ दिया। सर्च पार्टी ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। संयुक्त तलाशी दल आगे बढ़ा और दल ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप छिपे हुए आतंकवादी घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक ऐजाज अहमद, उप निरीक्षक यौनिस और एस.जी.सीटी. परवैज अहमद शाह की एक छोटी सी हमला पार्टी ने अपनी त्वरित/सटीक कार्रवाई से सभी आतंकवादियों को मार गिराया, जिनकी पहचान बाद में शाहिद मौज़ूर पिंचू, पुत्र- मंजोकर अहमद, निवासी- न्यू कॉलोनी जौबर्स (एचएम संगठन के सी-श्रेणी), स्नाफत अहमद मीर, पुत्र- गुलाम नबी मीर, निवासी- ट्राई-ए-पायीन (एचएम संगठन के सी-श्रेणी) और मैपबुर अली सोफी, पुत्र-अली मोहम्मद, निवासी- गोरीपोरा अवंतीपोरा (आतंकवादियों का सहयोगी) के रूप में हुई।

मारे गए आतंकवादी के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, थाना- अवंतीपोरा में एफआईआर सं. 49/2020 दर्ज है और जांच शुरू हो गई है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री ऐजाज़ अहमद पुलिस उपाधीक्षक, यौनिस खान, उप निरीक्षक और परवैज़ अहमद शाह, एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25/04/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/02/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 262-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का चतुर्थ बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	ताहिर अशर्फ	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का चतुर्थ बार
2	साहिल महाजन	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3	राहुल नागर	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4	फीरोज़ अहमद डार	सहायक उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
5	उमर हमीद वानी	एस.जी.सीटी.	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) के चीफ कमांडर रेयाज नाइकू के मारे जाने के बाद, सीमापार बैठे हिजबुल मुजाहिदीन के उस्तादों ने जुनैद अशरफ खान उर्फ अरनार भाई (एचएम गुट के डिवीजनल कमांडर) को कुछ सनसनीखेज हमले करने के इरादे से मध्य कश्मीर में हिजबुल

मुजाहिदीन नेटवर्क को मजबूत करने की दृष्टि से अपना बेस श्रीनगर में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। इन इरादों में शांतिप्रिय लोगों में दहशत पैदा करने के लिए ग्रेनेड फेंकना, सिविल सचिवालय/सुरक्षा बल प्रतिष्ठानों पर हमला करना और पुलिस की हत्या आदि शामिल हैं। इसके अलावा, ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बीच में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर आत्मघाती हमला करना भी शामिल है। इस संबंध में, पुलिस घटक श्रीनगर के फील्ड स्रोतों को उसकी उपस्थिति के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए सतर्क किया गया था। इसके अतिरिक्त, श्रीनगर शहर में किसी भी अप्रिय घटना को विफल करने के लिए सभी संबंधित सम्प्रेषणों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करने हेतु पुलिस घटक श्रीनगर की तकनीकी इंटेलीजेंस को भी तैयार किया गया था।

दिनांक 18.05.2020 को पुलिस घटक श्रीनगर को कनिमाजार, नवाकदल, जिला- श्रीनगर में आतंकवादियों के मौजूद होने के बारे में विश्वसनीय स्रोत से जानकारी मिली। श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी-आईपीएस डीआईजी, सीकेआर, श्रीनगर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर की समग्र निगरानी में पुलिस अधीक्षक पुलिस घटक, श्रीनगर के नेतृत्व वाले पुलिस दल ने वैली क्यूएटी सीआरपीएफ के साथ मिलकर इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए दिनांक 18/19.05.2020 की मध्यरात्रि में कनिमाजार, नवाकदल श्रीनगर में घेराबंदी की और तलाशी ऑपरेशन चलाया।

प्रारंभिक घेराबंदी और तलाशी ऑपरेशन के दौरान, पुलिस/ऑपरेशन दल की मौजूदगी का संदेह करते हुए, आतंकवादियों, जो नूर मोहम्मद शेख पुत्र स्वर्गीय गुलाम मोहम्मद शेख, निवासी- कनिमाजार, नवाकदल के घर में छिपे हुए थे, ने भागने की दृष्टि से पुलिस/सीआरपीएफ दलों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं और साथ ही हथगोले भी फेंके। घेराबंदी और तलाशी दलों ने भी जवाबी कार्रवाई प्रभावी ढंग से की। बंदूक की इस लड़ाई में एक पुलिस कर्मी नामत: एस.जी.सीटी. मोहम्मद अमीन सं. 512/आईआर छठी बटालियन और सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। शुरुआती गोलीबारी के बाद, आतंकवादियों ने नूर मोहम्मद शेख, पुत्र-स्वर्गीय गुलाम मोहम्मद शेख के घर से भागने की दृष्टि से आस-पास के घरों में अपना स्थान बदल लिया। लेकिन पुलिस/सीआरपीएफ क्यूएटी दलों ने इन आतंकवादियों को हर तरफ से घेर लिया और सभी गलियों को बंद कर दिया। बाद में, इन आतंकवादियों ने आसपास के अन्य घरों में शरण ली। इसके बाद, इन आतंकवादियों को लाउडस्पीकर के माध्यम से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने नकार दिया और हथगोले फेंके, जिनके छर्रे लगने से भी कुछ पुलिस कर्मी और सीआरपीएफ कर्मी घायल हो गए।

तुरंत ही, पुलिस अधीक्षक, पुलिस घटक श्रीनगर द्वारा ऑपरेशनल एसओपी के अनुसार एक ऑपरेशनल योजना बनाई गई और लक्षित घरों के पास आने वाली सभी गलियों और निकास द्वारों को बंद कर दिया गया। चूंकि यह क्षेत्र बहुत घनी आबादी वाला था, इसलिए आसपास के घरों से निकासी प्रक्रिया पुलिस अधीक्षक, पुलिस घटक श्रीनगर की देखरेख में की गई। जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, वह पूरी तरह से ढका हुआ था और इसलिए श्री ताहिर अशरफ, पुलिस अधीक्षक, पुलिस घटक श्रीनगर की कमान में इंटर्वेंशन करने का निर्णय लिया गया था, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर सीआरपीएफ की जोनल क्यूएटी के साथ पूर्ण समन्वय रखने का निर्णय भी लिया गया। तदनुसार, पुलिस अधीक्षक, पुलिस घटक श्रीनगर द्वारा वैली सीआरपीएफ क्यूएटी के साथ एक सामरिक योजना बनाई गई।

नफरी को योजना के अनुसार तैनात किया गया था और ऑपरेशनल पार्टी ने बहुत ही चतुराई एवं बहादुरी से आस-पास के घरों में फंसे लोगों को बाहर निकाला और उन्हें पास के सुरक्षित स्थान पर भेज दिया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अपनी ओर कोई क्षति न हो। प्रथम दृष्टांत में, छिपे हुए दो आतंकवादियों को फिर से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया और इसके बजाय उन्होंने ऑपरेशन पार्टी पर गोलियां चला दीं। तुरंत ही इमारत में घुसने के लिए, सीआरपीएफ अधिकारियों के साथ चर्चा कर इसकी योजना बनाई गई। श्री ताहिर अशर्फ, पुलिस अधीक्षक, पुलिस घटक श्रीनगर की कमान के तहत इंटर्वेंशन दल ने पूरी सावधानी बरतते हुए घर-घर जाकर इंटर्वेंशन की प्रक्रिया शुरू की। तथापि, जैसे ही इंटर्वेंशन दल लक्ष्य मकान के पास पहुँचा, उस पर आतंकवादियों की भारी गोलीबारी हुई, जिन्होंने घर के अंदर पोजीशन ली हुई थी। छिपे हुए आतंकवादियों ने हथगोले फेंके और आगे बढ़ने वाली पार्टी की ओर फायरिंग की, इसलिए इंटर्वेंशन पार्टी दूसरी तरफ से ही घर में घुसने के लिए पीछे हट गई।

इस स्तर पर, श्री मोहम्मद सुलेमान चौधरी-आईपीएस, डीआईजी सीकेआर, श्रीनगर, जो ऑपरेशनल पार्टियों के प्रभारी थे, ने दो छोटी पार्टियों का गठन किया। एक पार्टी में श्री ताहिर अशरफ, पुलिस अधीक्षक, पुलिस घटक श्रीनगर, पुलिस उपाधीक्षक साहिल महाजन-जेकेपीएस, पीसी श्रीनगर और सहायक उप निरीक्षक फिरोज अहमद डार सं. 450/आईआरपी प्रथम बटालियन को सम्मानित करते हुए पुलिस घटक श्रीनगर एवं सीआरपीएफ की जोनल क्यूएटी को शामिल किया गया और दूसरी पार्टी में पुलिस उपाधीक्षक शैद नाहिम-जेकेपीएस, पीसी श्रीनगर, पुलिस उपाधीक्षक राहुल नागर जेकेपीएस 155777, पुलिस उपाअधीक्षक मोहम्मद आसियाम, एसडीपीओ एमआर गुंज, पुलिस नॉर्थ जोन श्रीनगर, एस.जी.सीटी. उमर हामिद वानी सं. 797/एस के साथ पीसी श्रीनगर और सीआरपीएफ की जोनल क्यूएटी की पर्याप्त नफरी शामिल थी, जिन्होंने घर में पीछे की ओर से और साथ ही सामने से उस घर में प्रवेश करने का फैसला किया। जैसे ही आगे बढ़ने वाली पार्टियों ने इमारत में पीछे/सामने से घुसने की कोशिश की, छिपे हुए आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंके और उस तरफ से आ रही पार्टियों की ओर खिड़की से अंधाधुंध फायरिंग की।

इस स्तर पर, प्रभारी पार्टियों ने अंधेरे के कारण ऑपरेशन को स्थगित करने का फैसला किया। सुरक्षा कर्मियों के हताहत होने की आशंका थी और तदनुसार ऑपरेशन को सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया। तथापि, दिनांक 18/19.05.2020 की मध्य रात्रि में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। अगले दिन अर्थात दिनांक 19.05.2020 को सुबह तड़के पुलिस अधीक्षक, पुलिस घटक श्रीनगर द्वारा ऑपरेशन दोबारा शुरू किया गया। परिणामस्वरूप पूरी सावधानी बरतने के बाद, लगभग 05:00 बजे ऑपरेशनल

एसओपी के अनुसार एक कमरे के बाद दूसरे कमरे में इंटर्वेंशन करने की फिर से योजना बना ली गई और बाद में यह कार्य शुरू किया गया। रूम इंटर्वेंशन के दौरान, पार्टी लगभग 07:00 बजे आतंकवादियों, जो घर के निचले हिस्से में छिपे हुए थे, की गतिविधियों का पता लगाने में सफल रही और तदनुसार, वरिष्ठ फॉरमेशनों को भी पुलिस अधीक्षक, पुलिस घटक श्रीनगर द्वारा सूचित किया गया तथा आतंकवादियों पर अंतिम निर्णायक हमला किया गया। तथापि, छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दल को देखते ही उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, लेकिन तलाशी दल ने वीरता के साथ अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना प्रभावी ढंग से जवाबी फायरिंग की, जिसके परिणामस्वरूप एक कट्टर आतंकवादी जुनैद अशरफ खान उर्फ अमार भाई (हिजबुल मुजाहिदीन संगठन का डिवीजन कमांडर) को मार गिराया गया। बंदूक की इस लड़ाई के दौरान, पुलिस घटक श्रीनगर के उपाधीक्षक साहिल महाजन घायल हो गए। एक आतंकवादी के खात्मे के बाद, तलाशी दल ने दूसरे आतंकवादियों की तलाश जारी रखी और अंत में उससे संपर्क हो गया। छिपे हुए आतंकवादी ने उक्त तलाशी दल को देखकर उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका तलाशी दल द्वारा अपनी जान की परवाह किए बिना प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया और उक्त आतंकवादी को मार गिराया गया, जिसकी पहचान हिजबुल मुजाहिदीन संगठन के तारिक अहमद शेख के रूप में हुई।

इस ऑपरेशन में, डीआईजी सीकेआर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर और पुलिस अधीक्षक, पुलिस घटक श्रीनगर द्वारा प्रदर्शित भूमिका और उनका नेतृत्व अनुकरणीय था, विशेष रूप से उस समय जब उन्होंने पुलिस और वैली क्यूएटी सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशनल दलों के बीच शुरू से लेकर ऑपरेशन की समाप्ति तक समन्वय स्थापित किया। इन अधिकारियों ने ऑपरेशनल रणनीति जैसे कि आस-पास के नागरिकों को बाहर निकालने, सफल ऑपरेशनल प्लान तैयार करने और अपनी ओर बिना किसी क्षति के आतंकवादियों पर सफल आक्रमण करने आदि के माध्यम से उक्त ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाद में, दोनों स्थानीय आतंकवादियों की पहचान जुनैद अशरफ खान उर्फ सेहराई उर्फ अमार, पुत्र-मोहम्मद अशरफ खान, निवासी-तकीपोरा लोलाब कुपवाड़ा ए/पी जहांगीर कॉलोनी बघाट-ए-बरजुल्ला, श्रीनगर (हिजबुल मुजाहिदीन संगठन के ए-श्रेणी) और तारिक अहमद शेख, पुत्र- अब्दुल अहद शेख, निवासी-डंगेरपोरा (वाशिबग) पुलवर्ना (हिजबुल मुजाहिदीन संगठन की बी-श्रेणी) के रूप में हुई।

मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन सफकदल, श्रीनगर में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 तथा विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18, 20 और 38 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 67/2020 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री ताहिर अशर्फ, पुलिस अधीक्षक, साहिल महाजन, पुलिस उपाधीक्षक, राहुल नागर, पुलिस उपाधीक्षक, फीरोज़ अहमद डार, सहायक उप निरीक्षक और उमर हमीद वानी एस.जी.सीटी. ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18/05/2020 से दिया जाएगा।

(फा.सं. 11020/31/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 263-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, झारखंड के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	ऋषभ कुमार झा, आईपीएस	अनुमंडल पुलिस अधिकारी	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	अनुराग राज	अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

झारखंड राज्य सीपीआई (माओवादी) और पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) जैसे अलग-अलग समूहों के लिए एक प्रमुख और रणनीतिक महत्व वाला स्थान रहा है। ये दोनों संगठन विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित हैं। खूंटी, झारखंड के अतिरिक्त भारत में भी सबसे अधिक नक्सल प्रभावित जिलों में से एक है। खूंटी ऐसे जिलों से घिरा हुआ है, जो स्वयं भी नक्सल प्रभावित हैं। क्षेत्र में पहाड़ी इलाके, उबड़-खाबड़ ढालें, खड़ी चट्टानें, जहां से दूर-दराज के इलाके नजर आ जातें हैं, घनी वनस्पति वाली टूटी-फूटी जमीन और नक्सलियों का समर्थन करने वाली मजबूर आबादी अथवा नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखने वाली आबादी की मौजूदगी आदि, इस क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बल के लिए इस काम को कठिन और चुनौतीपूर्ण बना देतें हैं। यहां ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां नक्सली समूह बैठकें

आयोजित करते हैं, शिविर चलाते हैं, प्रशिक्षण आयोजित करते हैं, भर्तियां करते हैं तथा सुरक्षा बलों एवं विकास कार्यों के खिलाफ हिंसक गतिविधियों का सहारा लेते हैं। पीएलएफआई का इस जिले में अपना विशाल नेटवर्क और कैडर है। हाल ही के दिनों में, खूंटी जिले में पीएलएफआई के कैडरों द्वारा कई क्रूर और हिंसक गतिविधियों को अंजाम दिया गया है।

13 फरवरी, 2019 की शाम को, पुलिस अधीक्षक खूंटी, श्री आलोक को एक विश्वसनीय और कार्रवाई योग्य इनपुट प्राप्त हुआ कि पीएलएफआई के लगभग 7-8 सशस्त्र कैडर अपने सुप्रीमो दिनेश गोप के नेतृत्व में रानिया पुलिस थाना के मोराम्बिर और जामटोली गांवों के आसपास की पहाड़ियों और जंगलों में घूम रहे हैं। उन्होंने तुरंत श्री अनुराग राज और श्री ऋषभ कुमार झा तथा 209 कोबरा बटालियन के अधिकारियों को बुलाया और दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में एक ऑपरेशन शुरू करने की योजना बनाई, क्योंकि इन दोनों अधिकारियों ने पूर्व में भी इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम किया था और उन्हें इस भूभाग की भलीभांति जानकारी थी। योजना का मुख्य फोकस नागरिक क्षेत्रों के आसपास नक्सलियों की आवाजाही का पता लगाने और उनकी खोज के संबंध में शून्य त्रुटि सुनिश्चित करना था। ऑपरेशन में शामिल सभी कर्मियों को इन मुद्दों के बारे में भी ठीक से ब्रीफ किया गया था। श्री अनुराग राज और श्री ऋषभ कुमार झा के नेतृत्व में लक्षित क्षेत्र की तलाशी के लिए जिम्मेदार एक स्ट्राइक टीम, जिसमें जिला पुलिस और कोबरा के जवान शामिल थे, बाद में कोबरा अधिकारी श्री जिया-उल-हक, डीसी के साथ दिनांक 14.02.2019 को लगभग 0100 बजे खूंटी से रवाना हो गई और टीम ने टेंगरकेला गांव से लगभग 0200 बजे डिब्यू किया। श्री अनुराग राज और श्री ऋषभ कुमार झा ने नियोजित क्षेत्र की ओर जाते समय अत्यधिक गोपनीयता बरतते हुए और आश्चर्य के साथ घने एवं अंधेरे जंगलों में अपनी टीम का नेतृत्व किया, क्योंकि वे इस इलाके, यहाँ की स्थलाकृति और इलाके के आसपास की बसावट से अच्छी तरह वाकिफ थे। चूंकि, पीएलएफआई के पास एक बहुत ही कुशल नेटवर्क उपलब्ध था और वे बल की हर आवाजाही से परिचित थे, फिर भी इन दोनों अधिकारियों ने स्वयं को उजागर किये बिना, कुशलता के साथ इस लक्षित क्षेत्र तक पहुंचने में कामयाबी हासिल कर ली। ऑपरेशन की योजना इस तरह से बनाई गई थी कि सुबह होने से ठीक पहले ही निर्धारित सामान्य क्षेत्र तक पहुंचा जा सके। सुबह लगभग 0630 बजे, जब वे घनी वनस्पतियों के बीच स्थित एक पहाड़ी के पास पहुँच रहे थे, तभी उन पर अचानक स्वचालित हथियारों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। उनकी टीम तीन तरफ से पहाड़ियों से घिर गई थी। दोनों अधिकारियों ने अनुकरणीय सूझबूझ और नेतृत्व कौशल दिखाते हुए, तुरंत टीम कर्मियों को पेड़ों और चट्टानों के पीछे कवर लेने का आदेश दिया। इसके बाद, इन दोनों अधिकारियों ने नक्सलियों को सरेंडर करने के लिए संबोधित करना शुरू कर दिया और उन्हें फायरिंग रोकने की बार-बार चेतावनी दी, लेकिन चेतावनियों पर ध्यान देने के बजाय, नक्सलियों ने आक्रामक शब्दों के साथ जोर की आवाज़ में उन्हें वापस चुनौती देना शुरू कर दिया और तीनों तरफ की पहाड़ियों पर सामरिक दृष्टि से ऊँचाई वाली भूमि पर कब्जा करने तक समय का बुद्धिमानी से उपयोग किया। दोनों अधिकारी बहुत जल्दी समझ गए कि केवल अपने कवर वाले स्थान को पकड़े रखने से ही काम नहीं चलेगा और वस्तुतः उनकी टीम के कर्मी हताहत भी हो सकते हैं।

उन्होंने अपनी टीम को ऊँचाई वाले स्थान पर ले जाने तक अत्यंत बहादुरी और साथ ही, जंगल युद्ध के कौशल का प्रदर्शन किया तथा यह भी सुनिश्चित किया कि उनकी टीम के किसी भी व्यक्ति को चोट न पहुंचे। पीएलएफआई नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की बार-बार चेतावनी दी गई, लेकिन उन्होंने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी और अधिक तेज कर दी। फायरिंग की मात्रा के साथ-साथ टीमों की जीवन हानि और हथियारों के प्रति खतरे का आकलन करने के बाद, दोनों अधिकारियों ने कोबरा अधिकारियों के साथ परामर्श करके नक्सलियों के ठिकानों पर नपी-तुली और रुक-रुक कर गोलीबारी शुरू करने का फैसला किया, क्योंकि ऐसा करना ही वक्त की मांग थी। इन दोनों अधिकारियों ने बहुत साहस और नेतृत्व का प्रदर्शन किया तथा अपनी सर्विस एके-47 राइफल से खुद ही फायरिंग शुरू कर दी। यह लड़ाई करीब 25 मिनट तक चलती रही। इसके बाद फायरिंग रोक दी गई। रणनीतिक दृष्टि से प्रतीक्षा करने के बाद, कोबरा अधिकारियों समेत दोनों अधिकारियों ने अपनी टीमों को इलाके की घेराबंदी करने का आदेश दिया और मुठभेड़ स्थल की सावधानीपूर्वक तलाशी शुरू कर दी गई। उक्त मुठभेड़ के दौरान, इन अधिकारियों और उनके साथियों ने 01 पीएलएफआई नक्सली को ढेर कर दिया। पीएलएफआई के बाकी नक्सली पुलिस फायरिंग में हताश होने के बाद घने जंगल का फायदा उठाकर मुठभेड़ स्थल से भागने में सफल रहे। श्री आलोक, पुलिस अधीक्षक, खूंटी अतिरिक्त बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने पीएलएफआई के फरार कैडरों की व्यापक स्तर पर तलाश की। 209 कोबरा के वरिष्ठ अधिकारी और कार्यकारी मजिस्ट्रेट, खूंटी भी मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गए और फिर वहां आवश्यक कार्रवाई की गई।

पूरे ऑपरेशन में, श्री अनुराग राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ओपीएस) और श्री ऋषभ कुमार झा, आईपीएस, एसडीपीओ, तोरपा ने टीमों के चयन, मार्ग के चयन, आगे बढ़ने के तरीकों और मौके पर निर्णय लेने में अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया और दिमाग का इस्तेमाल किया। नक्सलियों की भारी गोलीबारी, नक्सलियों के साथ हाथापाई और साथ ही उनकी स्वयं की जान को खतरा होने की अधिक संभावना होने के बावजूद, श्री अनुराग राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ओपीएस) और श्री ऋषभ कुमार झा, आईपीएस, एसडीपीओ, तोरपा ने स्वयं को सौंपे गए काम को अंजाम देने की दिशा में एक अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों की कमान, नियंत्रण, नेविगेशन और सैन्य दल के उपयोग के संबंध में उच्च स्तर की पेशेवरता का प्रदर्शन किया। अपने जीवन के प्रति खतरें की परिस्थितियां पैदा होने की स्थिति में दोनों अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित धैर्य न केवल अनुकरणीय है, बल्कि यह इस पूरे ऑपरेशन में उनके उच्चकोटि के साहस, वीरता, समर्पण और प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है, जिसके परिणामस्वरूप 01 खूंखार नक्सली का सफाया हुआ और साथ ही भारी मात्रा में गोला-बारूद के साथ विदेशी निर्मित एचके-33 राइफल की बरामदगी हुई। इस पूरे ऑपरेशन में नक्सलियों और उनकी गोलीबारी से बहुत ही नजदीकी से सामना करने के कारण, मौत सिर पर मंडराती रही, इसलिए अत्यंत वीरता के इस कार्य के लिए इन अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय वीरता और बहादुरी को उपयुक्त रूप से पुरस्कृत किये जाने की आवश्यकता है।

इस ऑपरेशन में, झारखंड पुलिस के सर्व/श्री ऋषभ कुमार झा, आईपीएस, अनुमंडल पुलिस अधिकारी और अनुराग राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14/02/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/110/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 264-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	हिम्मत सिंह	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	बैशाखू लाल	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री हिम्मत सिंह, उप निरीक्षक/जीडी और बैशाखू लाल, हेड कांस्टेबल/जीडी को नक्सल विरोधी ऑपरेशन ड्यूटी के लिए मलैयाडा कैंप, पुलिस थाना- गाटापार (छ.ग.) में तैनात किया गया था। दोनों अधिकारियों ने तलाशी, घेराबंदी और क्षेत्र नियंत्रण के कई ऑपरेशनों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

09 फरवरी 2018 को, जिला राजनंदगांव (छ.ग.) में गाटापार थाना क्षेत्र के कटीमा, नक्कीघाटी जंगल क्षेत्र और गांव- महुआधार में 80-90 नक्सलियों की मौजूदगी होने की सूचना के आधार पर, कमांडेंट हॉक फोर्स, पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव, पुलिस अधीक्षक बालाघाट और कमांडेंट 40वीं बटालियन आईटीपीबी द्वारा महुआधार-कटीमा के बीच पड़ने वाले क्षेत्र की तलाशी लेने के लिए एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई थी। हॉक फोर्स, डीआरजी और सीओबीज नामतः सीओबी कन्हारगांव, 40वीं बटालियन की सीओबी गाटापार और 44वीं बटालियन की सीओबी बोर्तालाओ द्वारा इसे ऑपरेशन कोड के रूप में ट्राई-XII नाम दिया गया था। हॉक के उप निरीक्षक श्री हिम्मत सिंह के नेतृत्व वाली मलैदा की ऑपरेशन पार्टी में अधीनस्थ अधिकारी-01, अन्य रेंक-24 (कुल-25) शामिल थे, श्री अशोक कुमार, सहायक कमांडेंट/जीडी 40वीं बटालियन के नेतृत्व वाली पार्टी में राजपत्रित अधिकारी-01, अधीनस्थ अधिकारी-07 और अन्य रेंक-42, (कुल -50) शामिल थे तथा छत्तीसगढ़ पुलिस के निरीक्षक नीलेश पांडे के नेतृत्व वाली डीईएफ राजनंदगांव में अधीनस्थ अधिकारी-03, अन्य रेंक-06 (कुल -09) शामिल थे।

लगभग 1100 बजे, जब ऑपरेशन पार्टी बोडला गाँव से लगभग 15 किमी. दूर एसक्यू-2576 एम/एस संख्या - 64 सी/15 पर पहुँची, तो डीआरजी की ऑपरेशन पार्टी जीआर-255760 एम/एस संख्या-64, सी/15 पर लगभग 12-15 नक्सलियों की गोलीबारी की चपेट में आ गई। हॉक के उप निरीक्षक श्री हिम्मत सिंह और हेड कांस्टेबल/जीडी बैशाखू लाल ने अपने सैनिकों को प्रेरित किया और गोलीबारी के प्रति बेसिक रणनीति को अपनाते हुए नक्सलियों की घेराबंदी जारी रखी तथा सावधानीपूर्वक आगे बढ़ते गए। दोनों साहसी अधिकारियों ने सैनिकों को प्रेरित किया और अपनी पार्टी के साथ क्षेत्र को घेर लिया। सभी कार्मिक नक्सलियों की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए। पार्टी कमांडर से निर्देश मिलने के बाद, हॉक के उप निरीक्षक श्री हिम्मत सिंह और हेड कांस्टेबल/जीडी बैशाखू लाल तुरंत हरकत में आ गए और उन्होंने स्थिति का विश्लेषण करके अपनी टीम को इस लड़ाई में साहसपूर्वक आगे बढ़ाया तथा नक्सलियों पर जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बल, हॉक फोर्स पार्टी और नक्सलियों के बीच करीब 20 मिनट तक फायरिंग चलती रही। उप निरीक्षक हिम्मत सिंह और हेड कांस्टेबल बैशाखू लाल, दोनों ने कर्तव्य के निर्वहन में अत्यधिक साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

हॉक के उप निरीक्षक श्री हिम्मत सिंह और हेड कांस्टेबल/जीडी बैशाखू लाल के नेतृत्व में ऑपरेशन पार्टी ने जवाबी फायरिंग करते हुए इलाके की घेराबंदी की, जिससे नक्सलियों पर व्यापक दबाव पड़ गया और इसके परिणामस्वरूप दो (02) नक्सली मारे गए। बाद में, वहाँ से 7.65 एम.एम. की एक पिस्तौल, जीवित गोला बारूद के साथ 12 बोर की दो राइफलों और अन्य वस्तुओं एवं उपकरणों की बरामदगी हुई। बाद में, मारे गए नक्सलियों की पहचान गरचिरौली से विनोद उर्फ़ देवन डिप्टी कमांडर, आयु- लगभग 30 वर्ष और बीजापुर से सागर, प्लाटून-55 का सदस्य, आयु-25 वर्ष के रूप में हुई, जिनके उपर क्रमशः 8 लाख रुपये और 2 लाख रुपये का नकद इनाम घोषित था।

ऑपरेशन की यह सफलता चमत्कारिक योजना के फलस्वरूप हासिल हुई। हॉक के उप निरीक्षक श्री हिम्मत सिंह और हेड कांस्टेबल/जीडी बैशाखू लाल ने अपनी सटीक कार्रवाई और अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए, पार्टी कमांडर के रूप में नपा-तुला जोखिम लिया है और उनकी टीम के सदस्यों ने नक्सलियों की ओर से लगातार होने वाली नजदीकी गोलीबारी का बहादुरी से सामना किया। इस प्रकार, सभी सामरिक ड्रिल और साथ ही नियंत्रित, लेकिन प्रभावकारी गोलीबारी का इस्तेमाल करते हुए, इस ऑपरेशन को पेशेवर तरीके से अंजाम दिया गया और अपने सैनिकों के हताहत हुए बिना, टीम को अपार सफलता हासिल हो गई।

इस ऑपरेशन में, मध्य प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री हिम्मत सिंह, उप निरीक्षक और बैशाखू लाल, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09/02/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/171/2019-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 265-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
श्री तरूण नायक, आईपीएस	कमांडेन्ट	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री अभिषेक तिवारी को खुफिया सूचना मिली थी, कि 10-12 नक्सलियों का एक दल पुलिस थाना- लांजी के अंतर्गत गाँव- नेवरवाली के पुजारीटोला में प्रेमलाल टेकम के घर आने वाला है और वे गांव में कुछ बड़ी घटनाओं को अंजाम दे सकतें हैं और साथ ही निर्दोष नागरिकों की हत्या कर सकते हैं। जानकारी से यह भी संकेत मिलता था कि यह वही दल हो सकता है, जिसने कुछ दिन पहले मुंडा गांव में बृजलाल पंड्रे की हत्या (पुलिस थाना- लांजी में आईपीसी की धारा, 302, 452, 365, 147, 148, 149, 120 बी; आयुध अधिनियम की धारा 25, 27 तथा यूएपीए की धारा 11,13 के तहत दिनांक 22/6/19 की एफआईआर संख्या 177/19) की थी। इस इनपुट के आधार पर, श्री तरुण नायक, कमांडेंट हॉक फोर्स और श्री अभिषेक तिवारी, पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा गांव में एक संयुक्त कार्डन एंड सर्च ऑपरेशन की योजना बनाई गई। हॉक फोर्स और जिला कार्यकारी बल (डीईएफ) की एक टीम को उक्त ऑपरेशन के उद्देश्य से तथा साथ ही निर्दोष नागरिकों की हत्या और अन्य किसी बड़ी घटना को रोकने के लिए रवाना किया गया।

गांव के पास पहुंचने पर 4 पार्टियों वाले एक संयुक्त दल का गठन किया गया था, पार्टी संख्या-1 का नेतृत्व हेड कांस्टेबल 1184 अजीत सिंह ने किया और इस पार्टी में हेड कांस्टेबल 1301 विपिन खल्को, हेड कांस्टेबल 1407 रामपदम और अन्य सैनिक शामिल किये गए। पार्टी संख्या-2 का नेतृत्व श्री तरुण नायक, कमांडेंट हॉक फोर्स ने किया और इसमें अन्य सैनिक शामिल किये गए। पार्टी संख्या-3 का नेतृत्व श्री अभिषेक तिवारी ने किया और इस पार्टी में भी अन्य सैनिकों को शामिल किया गया। पार्टी संख्या-4 का नेतृत्व हेड कांस्टेबल 679 सुनील सोनकर ने किया और इस पार्टी में भी अन्य सैनिकों को शामिल किया गया था।

टीमों को ब्रीफ करने के बाद, उन्हें निर्धारित स्थानों पर भेजा गया। यह एक अंधेरी रात थी और इलाका बहुत दुर्गम था। चूंकि समस्त टीमों के लिए जीवन का खतरा था, इसलिए सभी टीमें बहुत बहादुरीपूर्वक और बहुत चतुराई के साथ वहाँ पहुँची। मौके पर पहुंचने के बाद, टीमों ने घर की घेराबंदी कर दी और भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद कर दिया तथा नक्सलियों को गिरफ्तार करने की योजना बना ली।

कुछ देर बाद, करीब 1.00 बजे अपराह्न से 1.30 बजे अपराह्न के बीच कुछ लोग टार्च लेकर घर से बाहर निकले। चांदनी रात में वे लोग माओवादियों की वर्दी पहने हुए और हथियार साथ में लिए नजर आ रहे थे। माओवादी के रूप में उनकी पहचान होने के बाद, उन्हें चुनौती दी गई और उन्हें बताया गया कि पुलिस ने उन्हें घेर लिया है और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। यह जानने के बाद और अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए, नक्सलियों ने पुलिसकर्मियों को मारने अथवा उन्हें घायल करने के उद्देश्य से उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। वे पुलिस पार्टी की ओर बढ़ते गए और लगातार फायरिंग करते हुए पुलिस के काफी करीब आ गए। पुलिस टीम ने अपनी जान बचाने के लिए तुरंत कवर लिया और फिर से माओवादियों को चुनौती दी और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग जारी रखी। नक्सलियों की अंधाधुंध फायरिंग ने पुलिस दल और आसपास के घरों में मौजूद ग्रामीणों के जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया था। इसलिए, जैसा कि श्री तरुण नायक और श्री अभिषेक तिवारी इस ऑपरेशन की योजना के दौरान ही आदेश दे चुके थे, पुलिस टीम ने उसी अनुरूप अपनी जान के साथ-साथ ग्रामीणों की जान बचाने के लिए आत्मरक्षा में फायरिंग कर दी। अगर पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा में नियंत्रित फायरिंग का सहारा न लिया होता, तो नक्सली कई लोंगो को हताहत कर लेते और सुरक्षा बलों के हथियार लूट लेते।

इस दौरान, पार्टी संख्या 1 से हेड कांस्टेबल 1184 अजीत सिंह, हेड कांस्टेबल 1407 राम पदम और हेड कांस्टेबल 1301 विपिन खल्को ने भीषण गोलीबारी होने के बाबजूद, नक्सलियों की ओर आगे बढ़ते हुए असाधारण साहस और सूझबूझ का परिचय दिया तथा नक्सलियों पर गोलियां चलाई। कुछ देर बाद, जब पार्टी संख्या 1 की ओर से गोलीबारी बंद हो गई, तो नक्सलियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसी दिशा में पार्टी संख्या 2 और 3 को क्रमशः श्री तरुण नायक और श्री अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में तैनात किया गया था। कमांडर के आदेश पर माओवादियों को फिर से चुनौती दी गई और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने आत्मसमर्पण करने के बजाय पार्टी संख्या 2 और 3 पर पुलिसकर्मियों को मारने अथवा उन्हें घायल करने के उद्देश्य से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। माओवादियों की भारी गोलीबारी का सामना करते हुए, श्री तरुण नायक और श्री अभिषेक तिवारी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए, क्रमशः पार्टी

संख्या 2 और 3 का बहादुरी से नेतृत्व किया तथा माओवादियों को दो तरफ से घेर लिया। दोनों अधिकारियों और अन्य पुलिसकर्मियों ने नियंत्रित और प्रभावी फायरिंग करते हुए नक्सली हमले का बहादुरी से जवाब दिया। चूँकि, माओवादियों को पुलिस ने दोनों तरफ से घेर लिया था, इसलिए उन्होंने पुलिस पर भारी फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन वे पुलिस पार्टी की जवाबी कार्रवाई और रणनीति का मुकाबला नहीं कर सके और वे अंधेरे एवं घने जंगल का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गए। अगर पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा में नियंत्रित फायरिंग का सहारा न लिया होता, तो नक्सली कई लोगों को हताहत कर लेते और सुरक्षा बलों के हथियार लूट लेते।

फायरिंग बंद होने के बाद, क्षेत्र की तलाशी ली गई और एक एसएलआर राइफल और एक 0.315 राइफल, लाइव गोला बारूद, वायरलेस संचार उपकरण, नक्सल साहित्य, कुछ नक्सलियों द्वारा अन्य नक्सलियों को लिखे गए पत्र और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुओं के साथ एक पुरुष और एक महिला माओवादी के दो शव मिले। घटना के बाद, आईपीसी की धारा 307, 120बी, 147, 148,149; आयुध अधिनियम की धारा 25,27 और यूएपीए की धारा 11, 13 के तहत पुलिस थाना- लांजी में दिनांक 10/7/19 को एक एफआईआर संख्या 200/19 दर्ज की गई तथा मामले पर जांच शुरू हो गई। बाद में शवों की पहचान इस प्रकार की गई:—

1 मंगेश अका अशोक, एसीएम टांडा क्षेत्र समिति

2 नन्दे, एसीएम टांडा क्षेत्र समिति

इस ऑपरेशन में, मध्य प्रदेश पुलिस के श्री तरूण नायक, आईपीएस, कमांडेन्ट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10/07/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/229/2020-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 266-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	गोपाल मनीराम उसेंडी	सहायक पुलिस उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	महेंद्र गणु कुलेटी	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	संजय गणपति बाकमवार	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29.07.2019 को यह खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि गृह मंत्रालय द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) के नक्सलवादी सदस्य हरे-काले वस्त्रों में इरुपगुट्टा पुसेर के जंगल में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को अंजाम देने तथा प्रजातांत्रिक ढंग से निर्वाचित सरकार को गिराने की मंशा से शिविर लगाये हुए थे। इसके अलावा, नक्सलवादियों द्वारा 'नक्सल शहीद सप्ताह' के अवसर पर दिनांक 28.07.2019 से 03.08.2019 तक आवाहन किए गए 'बंद' के दौरान उनकी विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की मंशा थी। जिले में विधान सभा चुनाव भी आयोजित किए जाने थे और यह आशंका थी कि नक्सलवादी शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव नहीं होने देंगे। अतः गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) श्री शैलेश बलकावड़े के कहने पर गढ़चिरौली के अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन)श्री अजय कुमार बंसल द्वारा एक नक्सलरोधी अभियान की योजना बनाई गई।

तद्नुसार, दिनांक 29.07.2019 को 3.00 बजे सहायक उप-निरीक्षक 2191 गोपाल उसेंडी के नेतृत्व में 27 पुलिस कर्मियों वाले C-60 पुलिस दल को नक्सल-रोधी अभियान को अंजाम देने के लिए भेजा गया। पुलिस दल इरुपगुट्टा ग्राम के जंगलों में पहुंचा और 3 समूहों में विभाजित हो गया। मध्य समूह का नेतृत्व पार्टी कमांडर द्वारा किया गया जिसमें पीसी/5395 संजय बाकमवार एनपीसी/3006 महेंद्र कुलेटी, एनपीसी/306 विलास सिदम, एनपीसी/2730 मनोज धर्वा, पीसी/3808 जगनाथ पोटावी, पीसी/4424 ईश्वर वेलाड़ी, पीसी/3399 गोविंदा चापले, पीसी/5031 संतोष रापंजी तथा एनपीसी/5037 नरेश रापंजी शामिल थे। बाईं ओर से जाने वाले समूह का नेतृत्व एचसी/1769 प्रभुदास दुग्गा कर रहे थे जिसमें एचसी/1496 अशोक गटघुमर, एनपीसी/2723 नीलेश्वर पाडा, एनपीसी/3308 संतोष पोटावी, एनपीसी/3091 जीवन उसेंडी, पीसी/5696 दिनेश गावड़े, पीसी/5399 गंगाधर कराड, पीसी/5757 शिवाजी उसेंडी और पीसी/2509 संतोष नरोटे शामिल थे। दाईं ओर से जाने वाले समूह का नेतृत्व एनपीसी/2744 दिवाकर नरोटे कर रहे थे जिसमें एनपीसी/2620 बापू गोटा, एनपीसी/3043 मधुकर गोटा, पीसी/5217

मनेश्वर रापंजी, पीसी/5585 दिलीप गोटा, पीसी/416 उमेश पोटिवी, पीसी/3813 एकनाथ सिदाम, पीसी/2477 साईनाथ नरोटे और पीसी/5761 शंकर पुंगती शामिल थे। तब उन्होंने इरुपगुट्टा के जंगल से अपना तलाशी अभियान प्रारंभ किया और वे पुसेर के जंगल की ओर बढ़ चले।

पुलिस दल ने फिर जंगल में तलाशी करते हुए पुसेर के जंगल में स्थित एक पहाड़ी पर चढ़ना शुरू किया। पहाड़ी पर चढ़ते समय लगभग 11.30 बजे हथियारबंद नक्सलियों ने उन पर पहाड़ी की चोटी से हमला कर दिया। हरे-काले रंग के कपड़े पहने नक्सलवादी गोलियां चला रहे थे। पुलिस दल ने नक्सलवादियों से गोलीबारी बंद करने और आत्मसमर्पण करने की अपील की। लेकिन की गई अपील पर कोई ध्यान न देते हुए नक्सलवादियों ने गोलीबारी जारी रखी। सी-कमांडो ने आत्मरक्षा में बहादुरी से जवाबी कार्रवाई की। पुलिस और नक्सलियों के बीच करीब 25 से 30 मिनट तक मुठभेड़ चलती रही। इसके बाद, पुलिस दल के दृढ़ निश्चय और जवाबी कार्रवाई को देखते हुए, नक्सलवादी भाग खड़े हुए।

इस भीषण मुठभेड़ में सी-60 कमांडो ने एक कट्टर महिला नक्सली का सफाया कर दिया और उसकी 8 एमएम राइफल जब्त कर ली। इसके अलावा, पुलिस ने घटनास्थल से नक्सलवादियों के सामान के साथ-साथ बहुत सारे हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए।

इस ऑपरेशन में, महाराष्ट्र पुलिस के सर्व/श्री गोपाल मनीराम उसेंडी, सहायक पुलिस उप निरीक्षक, महेंद्र गणु कुलेटी, नायक पुलिस कांस्टेबल और संजय गणपति बाकमवार, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक प्रदान करने को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29/07/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/24/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 267-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र .सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	भरत चिंतामण नागरे	पुलिस उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	दिवाकर केसरी नरोटे	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	नीलेश्वर देवाजी पदा	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	संतोष विजय पोटावी	पुलिस कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25/03/2018 को यह खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि एओपी कोटामी के अधिकार-क्षेत्र के तहत आने वाले मेंधरी के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलवादियों ने डेरा डाला हुआ है। नक्सलवादियों की तोड़फोड़ करने एवं कानून-व्यवस्था को बुरी तरह अस्त-व्यस्त करने की योजना थी। उनका उद्देश्य विभिन्न जेलों में बंद नक्सलवादी काडरों की रिहाई के लिए दिनांक 23/03/2018 से 29/03/2018 तक के लिए किए गए 'बंद' के आह्वान का समर्थन करना था। इसलिए, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), डॉ हरि बालाजी के कहने पर उक्त वन क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान चलाने के लिए तुरंत एक योजना तैयार की गई।

तदनुसार, पीएसआई भरत नागरे ने एओपी कोटमी के अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर ऑपरेशन के लिए दो निजी वाहनों की व्यवस्था की। पीएसआई भरत नागरे के नेतृत्व में पुलिस टीम में पीएसआई मिथुन भोइर, पीएसआई गिरिधर पेंडोर, पीएसआई प्रशांत भागवत, पीएसआई तेजस मोहिते, पीएसआई लहू आर सतपुते, एओपी कोटमी के 21 पुलिसकर्मी शामिल थे और इसमें पीएसआई अभिजीत पाटिल सहित गोपाल उसेंडी की कमान वाले सी-60 दस्ते के 24 अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे। वे सभी एक साथ मिलकर दिनांक 25/03/2018 को 13:15 बजे वाहनों में नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकल पड़े। कोइंदुल के झे जंगल के पास पहुंचकर वे वाहनों से उतरे और आगे की रणनीति बनाई। फिर वे ऑपरेशन को ध्यान में रखते हुए दो छोटे समूहों में विभाजित हो गए। एक दल में एओपी कोटमी के पुलिसकर्मी और दूसरे दल में गोपाल उसेंडी का सी-60 दल एवं अधिकारी शामिल थे। पीएसआई भरत नागरे के नेतृत्व में एओपी कोटमी के पुलिस कर्मियों का समूह दाहिनी ओर से आगे बढ़ा तथा एक अन्य समूह बाईं ओर से काफी सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए आगे बढ़ा। फिर, कोइंदुल के जंगल में तलाशी लेते हुए, वे एक गहरे झरने को पार करके मेंधारी के जंगल में प्रवेश कर गए।

दिनांक 25/03/2018 को अचानक लगभग 1530 बजे, पीएसआई भरत नागरे के नेतृत्व में दूसरा समूह लगभग 40-45 सशस्त्र नक्सलवादियों के हमले का शिकार हो गया। हमलावर पुलिस दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे, क्योंकि वे सामरिक दृष्टि से बहुत बेहतर स्थान पर मौजूद थे जिससे उन्हें इलाके का बेहतर फायदा हुआ। फिर भी, पीसी/3108 संतोष पोटावी, एनपीसी/2744 दिवाकर नरोटे और एनपीसी/नीलेश्वर पाडा के साथ पीएसआई भरत नागरे ने उस इलाके में उपयुक्त स्थान ढूंढ लिया और सामरिक रूप से कमजोर स्थान पर होने के बावजूद मजबूत जवाबी कार्रवाई की। उनकी सामरिक रणनीति और पुख्ता गोलीबारी की वजह से विषम परिस्थितियों में भी नक्सलवादी पुलिस कार्मियों पर हावी नहीं हो पाए।

जब पीएसआई अभिजीत पाटिल को वॉकी-टॉकी सेट पर नक्सलवादियों द्वारा किए गए इस घातक हमले की जानकारी मिली तो वे कीमती समय बर्बाद किए बिना पीछे से उन पर हमला कर रहे नक्सलवादियों की ओर कुछ लोगों के साथ आगे बढे और भीषण गोलीबारी की। इन पुलिस कर्मियों के साहसिक कार्य और जोखिम भरे निपुणता के कारण एक बंदूकधारी महिला नक्सली को मार गिराया गया और नक्सलवादियों के बहुत से सामान को जब्त कर लिया गया।

इस ऑपरेशन में, महाराष्ट्र पुलिस के सर्व/श्री भरत चिंतामण नागरे, पुलिस उप निरीक्षक, दिवाकर केसरी नरोटे, नायक पुलिस कांस्टेबल, नीलेश्वर देवाजी पदा, नायक पुलिस कांस्टेबल और संतोष विजय पोटावी, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस प्रदान करने को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25/03/2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं-11020/45/2021 -पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 268-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, मणिपुर के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
श्री निङथीजम इबीतीम्बा सिंह	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

5 नवंबर, 2019 को सुबह लगभग 9.15 बजे, सिटी पुलिस स्टेशन में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि अज्ञात आतंकवादियों द्वारा आईईडी से लैस एक कार्टन बॉक्स खुयाथोंग रोड (राधा स्टोर के समीप), थंगल बाजार, इम्फाल पश्चिमी जिला, मणिपुर के फुटपाथ पर रखा हुआ पाया गया है। यह स्थल सिटी पुलिस स्टेशन से करीब 500 मीटर की दूरी पर है। सूचना के आधार पर, सहायक पुलिस उप-निरीक्षक (एएसआई), एन. इबीतीम्बा सिंह के नेतृत्व में सिटी पुलिस स्टेशन की एक टीम को लोगों के जान-माल की हिफाजत करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने के लिए तुरंत घटनास्थल पर जाने का निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), इम्फाल, पश्चिमी जिला श्री एल अमरजीत सिंह, एमपीएस, के नेतृत्व में इम्फाल पश्चिमी जिला के पुलिस कमांडो की एक टीम, भी कुछ ही समय में घटनास्थल पर पहुंच गयी। इस दौरान बम निरोधक दस्ता भी मंगवाया गया।

उल्लेखनीय है कि थंगल बाजार वाणिज्यिक गतिविधियों का केंद्र है और इम्फाल शहर का सबसे व्यस्त हिस्सा है। अधिकांश दुकानें यहां स्थित हैं और दिन के व्यस्ततम समय के दौरान भारी यातायात और स्कूली बच्चों सहित अनगिनत संख्या में नागरिक यहां मौजूद रहते हैं। सुबह करीब 9.18 बजे मौके पर पहुंचने पर एएसआई एन. इबीतीम्बा सिंह और उनकी पुलिस टीम ने उस इलाके में यातायात को तत्काल प्रवेश करने से रोक दिया जहां संदिग्ध आईईडी लगाया गया था और आस-पास के दुकानदारों से भी अपनी दुकानें बंद करने का अनुरोध किया। बम के खतरे के बावजूद, एएसआई एन. इबीतीम्बा ने क्षेत्र की घेराबंदी करने का भरसक प्रयास किया और बम निरोधक दस्ते के पहुंचने तक जनता को उस स्थान पर आने से रोका। ऐसा करते हुए, उन्होंने देखा कि कुछ पांच/छह नागरिक उस स्थान के पास चल रहे थे जहां आईईडी लगाया गया था। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना वे चिल्लाते हुए उन नागरिकों के पास पहुंचे और अपने दोनों हाथों को फैलाकर एक मानव ढाल के रूप में उन्हें क्षेत्र में प्रवेश करने से रोका, आईईडी उनसे कुछ ही मीटर की दूरी पर था। लेकिन दुर्भाग्य से, उसी क्षण, सुबह लगभग 9.20 बजे, आईईडी में विस्फोट हो गया। वहां चारों ओर धूल ही धूल थी और मौके पर खलबली मच गई। कुछ क्षण के लिए अफरा-तफरी का माहौल था। शुरुआती दहशत और दुविधा के बाद, आसपास मौजूद पुलिस-कर्मियों ने तुरंत मौके पर किसी घायल व्यक्ति के होने की तलाश की और एएसआई, एन. इबीतीम्बा सिंह को विस्फोट के कारण गंभीर रूप से घायल लेकिन चमत्कारिक रूप से जीवित पाया।

चार अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मी, अर्थात् (i) एल. अमरजीत सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), इम्फाल वेस्ट, (ii) टीएच. देवन सिंह, कमांडो के एसआई, इम्फाल पश्चिम, (iii) केएच. बोनी सिंह इम्फाल वेस्ट के कमांडो के एएसआई और (iv) इम्फाल वेस्ट के कमांडो से जुड़े 7-आईआरबी के राइफलमैन एच. बोबॉय सिंह को भी मामूली चोटें आईं। यह सिटी पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा

121/121-क/307/326/427/34, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 20/16 (1) (ख) तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3 के तहत दर्ज एफआईआर केस नंबर 96(11)2019 के मामले से संबंधित है।

इस भीषण आतंकी घटना के दौरान सिटी थाने के एएसआई एन. इबीतीम्बा सिंह ने सबसे पेशेवर और साहसी ढंग से कार्य किया। यदि उन्होंने एक पल के लिए भी अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना तेजी और साहस से काम नहीं लिया होता, और इस तरह दुकानदारों और यात्रियों को उस जगह, जहां आईईडी लगाया गया था, के पास प्रवेश करने से नहीं रोका होता, तो कई लोगों की जान चली गई होती और कई लोग घायल भी हो गए होते। जांच के दौरान, बाद में यह पुष्टि हुई कि आईईडी को मणिपुर में सक्रिय प्रतिबंधित पीएलए (पीपुल लिबरेशन आर्मी) आतंकवादी समूह द्वारा लगाया गया था। घायल एएसआई एन. इबीतीम्बा ने ठीक होने के बाद, जांच अधिकारी (उसी पुलिस स्टेशन से) की सहायता की और दोषियों को सजा दिलाने के अपने दृढ़ संकल्प के कारण, आईईडी लगाने में शामिल कुल मिलाकर सोलह पीएलए काडरों तथा सभी दोषी कार्यकर्ताओं को एक-एक करके पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस ऑपरेशन में, मणिपुर पुलिस के श्री निङथीजम इबीतीम्बा सिंह, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक प्रदान करने को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05/11/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/206/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 269-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, ओडिशा के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरान्त)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं: -

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	स्वर्गीय जयराम कबासी	ओ.ए.पी.एफ	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरान्त)
2	ऋषिकेश दन्यँडो खिलारी, आईपीएस	पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	रामु दुरुआ	ओ.ए.पी.एफ	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	बंधू हंताल	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
5	घेनु हंताल	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
6	प्रवीन थापा	हवलदार	वीरता के लिए पुलिस पदक
7	राजेश बिस्वकर्मा	हवलदार	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
8	जीवन शाही	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
9	ओसधिनाथ बेहेरा	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.08.2019 को अपराह्न लगभग 06.00 बजे आईपीएस, श्री खिलारी ऋषिकेश दन्यँडो, पुलिस अधीक्षक, मलकानगिरी को सैन्य पलटन -1 के राकेश सोडी (डीसीएम) के नेतृत्व में आंध्र ओडिशा सीमा विशेष क्षेत्रीय समिति (एओबीएसजेडसी) के सशस्त्र माओवादी काडरों की संदिग्ध आवाजाही और 15-20 सदस्यों के मुदुलीपाड़ा पीएस अधिकार क्षेत्र के तहत पाकनागुडा-सोनुगुडा गांव से सटे जंगल में एकत्रित होने के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली। प्राप्त जानकारी से पता चला कि वे मलकानगिरी जिले के सुरक्षा बलों को निशाना बनाने, नागरिकों की हत्या करके इलाके में आतंक फैलाने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। उप निरीक्षक, माधब बेहेरा तथा एसएचओ, मुदुलीपाड़ा पुलिस स्टेशन द्वारा शाम 07.00 बजे तक और जिला आसूचना और संचालन सेल (डीआईओसी), मलकानगिरी के माध्यम से विश्वस्त एवं विश्वसनीय स्थानीय स्रोतों को भेजकर सूचना का अतिरिक्त सत्यापन किया गया।

खुफिया जानकारी से संतुष्ट होने और झूठे इनपुट की संभावना से इन्कार करते हुए तथा माओवादियों द्वारा जाल न बिछाए जाने के प्रति आश्वस्त हो जाने के पश्चात पुलिस अधीक्षक, मलकानगिरी के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन में डीआईओसी, मलकानगिरी में तत्काल अभियान की योजना बनाई गई थी। इसके अलावा सामरिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर शाम के समय पुलिस दल को पहुंचाए जाने का जोखिम उठाए जाने का भी निर्णय लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर महानिदेशक पुलिस (ऑपरेशन) तथा उप महानिरीक्षक पुलिस, दक्षिणी-पश्चिमी रेंज

(एसडब्ल्यूआर), कोरापुट के साथ अंतिम योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उनके बहुमूल्य सुझावों को अंतिम योजना में शामिल किया गया और उनके उचित अनुमोदन के बाद, आईपीएस, श्री खिलारी ऋषिकेश दन्यँडो, पुलिस अधीक्षक, मलकानगिरी द्वारा विस्तृत ब्रीफिंग के उपरांत उनके नेतृत्व में डीवीएफ टीम तथा एसओजी टीम द्वारा सभी मानक प्रचालन प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए एक ऑपरेशन चलाया गया।

ऑपरेशन के दौरान अगले दिन दिनांक 28.08.2019 को सुबह करीब 5:30- 6:00 बजे सुरक्षाबलों ने पाकनागुड़ा-सोनगुड़ा जंगल के लक्षित क्षेत्र में और उसके आसपास तलाशी अभियान चलाया। उस समय, उन्होंने दाबुगुडा गांव के पास महिला काडर सहित 15-20 सशस्त्र काडरों के एक समूह की आवाजाही और कुछ शिविर देखें। उनके पास स्वचालित हथियार थे और कुछ ऑलिव ग्रीन माओवादी वर्दी पहने हुए थे। उन्होंने सीपीआई (माओवादी) का झंडा लगाया हुआ था और अपनी सुरक्षा के लिए संतरी तैनात किए हुए थे। जब सुरक्षा बल सीपीआई (माओवादी) काडरों की विध्वंसक गतिविधियों का जायजा लेने के लिए समूह के करीब पहुंचे, तो संतरी ने उन्हें देख लिया और तुरंत छिपकर अपने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी करनी शुरू कर दी।

पुलिस दल ने तुरंत कवर लिया और गैर-कानूनी माओवादियों को ओड़िया और हिंदी, दोनों भाषाओं में हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने के लिए तेज और स्पष्ट आवाज में कहा। पुलिस दल के कानून सम्मन निर्देश की ओर ध्यान दिए बिना, सशस्त्र माओवादियों ने अचानक बिना उकसावे के स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध लक्षित गोलीबारी शुरू कर दी और पलटवार कर हमला कर दिया जिससे पुलिस दल विभिन्न दिशाओं से भारी गोलाबारी का शिकार हो गया। उन्होंने ग्रेनेड भी फेंके जिससे कई कमांडो घायल हो गए। गोलीबारी से विचलित हुए बिना, पुलिस टीम के लीडर ने ऑपरेशनल टीम को छोटी टीमों में विभाजित कर दिया और विद्रोहियों को दोनों तरफ से घेर लिया।

तदनुसार, हवलदार प्रवीण थापांड के नेतृत्व में बाईं ओर की टीम और डीवीएफ कार्मिक जयराम कबासी के नेतृत्व में दाहिनी ओर की टीम ने क्रमशः बाईं ओर और दाईं ओर से माओवादियों की गोलीबारी का जवाब देते हुए प्रतिकारात्मक कार्रवाई की। श्री खिलारी ऋषिकेश दन्यँडो, पुलिस अधीक्षक, मलकानगिरी ने फ्रंटल चैलेंज में मुख्य आक्रमण दल का नेतृत्व किया। असंख्य चुनौतियों, गंभीर क्षेत्रीय सीमाओं एवं भारी व्यक्तिगत जोखिम के बावजूद पुलिस दल ने बहादुरी से जवाबी कार्रवाई की और आत्मरक्षा में नियंत्रित गोलीबारी की। लगभग 45 मिनट तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। इस गोलीबारी के दौरान, माओवादी विद्रोहियों ने पुलिस दल के मुख्य आक्रमण दल की तीनों टीमों (अर्थात दाहिनी ओर, बायीं ओर और मुख्य हमला दल) पर भारी गोलीबारी की, साथ ही साथ हथगोले भी दागे।

पूरे ऑपरेशन के परिणामस्वरूप न केवल माओवादियों के विध्वंसक और राष्ट्र-विरोधी, भयावह मंसूबों को विफल किया गया, बल्कि 10.02.2012 को बीएसएफ द्वारा तलाशी के दौरान, जिसमें 107वीं बटालियन के कमांडेंट, उप कमांडेंट एवं 2 अन्य कर्मियों सहित बीएसएफ के 4 जवान शामिल थे, शहीद हो गए और हथियार लूट लिए गए (चित्रकोंडा पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 147/148/121/121-क/122/124-क/324/326/307/395/149, शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27, एलए अधिनियम की 17, ईएस अधिनियम की धारा 3/4/5, विधि-विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 10/13/16/18, के तहत दर्ज मामला संख्या 7/2012 (vi) दिनांक 22.03.2012 को खैरपुट मार्केट में मुदलीपाड़ा थाने के उप निरीक्षक के.सी. एच रथ की दिनदहाड़े हत्या (मुदलीपाड़ा पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 147/148/121/121-क/124-ए/307/302/149, शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27/एलए अधिनियम की धारा 17सीआर तथा विधि-विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 16/18/20 के तहत दर्ज मामला संख्या 12/2012) और (vii) आंध्र प्रदेश के पूर्व विधायक श्री के.एस.राव और पूर्व विधायक श्री एस.सोमा की दिनांक 23.09.2018 को थुटांगी गांव, अर्कू घाटी, विशाखापत्तनम के पास हत्या)।

ऑपरेशन की पूरी प्रक्रिया के दौरान खुफिया जानकारी इकट्ठा करने से लेकर, योजना बनाने, छोड़ने, क्रियान्वयन, निगरानी, पर्यवेक्षण, एसओपी का पालन करने वाली टीम की वापसी और टीम वर्क के द्वारा किया गया निरंतर प्रयास काबिले तारीफ है। निम्नलिखित अधिकारियों और कर्मियों ने उच्च स्तर के विश्लेषणात्मक कौशल का प्रदर्शन किया है और साथ ही कुछ ही समय में टीमों को तैयार करने में दृढ़ संकल्प और धैर्य, विस्तृत ब्रीफिंग, सटीक ड्रॉपिंग, करीबी निगरानी के साथ-साथ पूरे ऑपरेशन के दौरान भाग लेने वाली टीमों को निरंतर मार्गदर्शन के साथ खुफिया जानकारी के विश्लेषण, संचालन की योजना बनाने में अत्यधिक जोखिम लेने की क्षमता का प्रदर्शन किया है। अंत में, उन्होंने देश की सेवा में ड्यूटी करते हुए अपनी जान जोखिम में डालकर, दुश्मन के सामने ऑपरेशन में अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। इनमें से किसी भी एक अधिकारी और कर्मी के योगदान को न तो कम करके आंका जा सकता है और न ही एक दूसरे के साथ इनकी तुलना की जा सकती है क्योंकि हर व्यक्ति ने मातृभूमि के लिए ऑपरेशन के दौरान अपने-अपने कार्य में अनुकरणीय धैर्य, उत्साह और दृढ़ संकल्प दिखाया है। उनकी ईमानदारी, कड़ी मेहनत, समर्पण और परिश्रम के कारण ही यह ऑपरेशन सफल रहा।

ऑपरेशन के बाद, एक एके-47 राइफल, 48 लाइव राउंड वाली एके-47 की दो मैगजीन, मैगजीन के साथ एक .303 राइफल और 43 लाइव राउंड, दो वॉकी टॉकी सेट जैसे अत्याधुनिक हथियारों के साथ छह किटबैग, आईईडी/बम बनाने की सामग्री, माओवादी साहित्य, दवाएं और अन्य विविध सामग्री सहित गोली लगने से घायल एक पुरुष का शव बरामद किया गया। हालांकि, ऑपरेशन के दौरान, पुलिस दल ओ.ए.पी.एफ के एक कमांडो श्री जयराम कबासी माओवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के दौरान शौर्यपूर्वक लड़ते हुए तथा अन्य पुलिस कर्मियों के जीवन की साहसिकता से रक्षा करते हुए गोली लगने से मौके पर ही शहीद हो गए। एक अन्य कमांडो रामुदुरुआ के भी सीने में गोली लगी। इस संबंध में मुदुलीपाड़ा पुलिस स्टेशन में दिनांक 28.08.2019 को भारतीय दंड संहिता की धारा 120(ख)/121/121 (क)/124(क)/307/302/149, शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27/सीआरएलए अधिनियम की धारा 17/विधि-विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 16 (1) (क) (ख)/18 (ए)/20 तथा ईएस अधिनियम की धारा 4/5 के तहत मामला संख्या 54/2019 दर्ज किया गया और

इसकी जांच चल रही है। बाद में मारे गए माओवादी की पहचान खूंखार राकेश सोडी, डीसीएम और एओबी मिलिट्री प्लाटून के कमांडर के रूप में हुई।

इस ऑपरेशन में, ओडिशा के पुलिस सर्व/श्री स्वर्गीय जयराम कबासी, ओ.ए.पी.एफ, ऋषिकेश दन्यँडो खिलारी, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, रामु दुरुआ, ओ.ए.पी.एफ, बंधू हंताल, सिपाही, घेनु हंताल, सिपाही, प्रवीन थापा, हवलदार, राजेश बिस्वकर्मा, हवलदार, जीवन शाही, सिपाही तथा ओसधिनाथ बेहेरा, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक प्रदान करने को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28/08/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/38/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 270-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
श्री प्रशांत कुमार, आईपीएस	अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18-02-2020 को दोपहर 16:25 बजे श्री प्रशांत कुमार, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ अंचल, उत्तर प्रदेश एवं श्री अजय कुमार साहनी आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ, उ.प्र. को थाना कंकरखेड़ा के तहत घनी आबादी वाली रिहायशी बस्ती आर्क सिटी के एक फ्लैट में अपराधियों द्वारा फायरिंग की घटना की सूचना जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष से वायरलेस पर प्राप्त हुई। वे फौरन मौके पर पहुंचे।

विश्वसनीय मुखबिर से अपराधियों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त होने पर श्री जितेंद्र कुमार, सर्कल ऑफिसर दौराला और श्री बृजेंद्र पाल राणा थाना प्रभारी, कंकरखेड़ा पुलिस स्टेशन पहले से ही वहां मौजूद थे।

अपराधी फ्लैट के फर्स्ट फ्लोर की खिड़की से रुक-रुककर गोलीबारी कर रहा था, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रशांत कुमार ने ऑपरेशन की कमान संभाली। उन्होंने तुरंत स्थिति का मूल्यांकन किया और रणनीतिक तरीके से पुलिस बल को तैनात किया। अपराधी को एडीजी प्रशांत कुमार और उनकी टीम ने गोलीबारी रोकने और सरेंडर करने की चेतावनी दी लेकिन अपराधी ने गोलीबारी जारी रखी।

श्री प्रशांत कुमार और उनकी टीम अपराधी द्वारा की जा रही जानलेवा गोलीबारी की परवाह किए बिना अपराधी को पकड़ने के लिए सीढ़ियों पर ऊपर चढ़ी। इस दौरान वे अपराधी की अंधाधुंध गोलीबारी का शिकार हो गए। बहरहाल, श्री प्रशांत कुमार, एडीजी मेरठ जोन और श्री अजय कुमार साहनी, एसएसपी मेरठ घायल नहीं हुए क्योंकि वे बुलेट प्रूफ जैकेट पहने हुए थे, लेकिन श्री जितेंद्र कुमार सर्कल अधिकारी, दौराला घायल हो गए।

इसके बावजूद एडीजी, श्री प्रशांत कुमार अपनी टीम के साथ चतुराई से अपराधी की ओर आगे बढ़े और उन्होंने आत्मरक्षा में गोलीबारी करते हुए अपराधी को घायल कर दिया। घायल अपराधी की पहचान बाद में एक खूंखार लुटेरे, कुख्यात अंतरराज्यीय गैंगस्टर शिव शक्ति नायडू, पुत्र श्री कालिदास निवासी एच-1, डीडीए फ्लैट, गली नंबर 25, पुलिस स्टेशन, अंबेडकर नगर, जिला दक्षिण पूर्वी दिल्ली के रूप में हुई, जिस पर 1,00,000 रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। घावों की वजह से बाद में उसने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद पुलिस की तलाशी के दौरान एक फैक्टरी निमित परिष्कृत स्वचालित 9 मिमी कार्बाइन, एक 12 बोर डीबीबीएल बंदूक और उसके गोला-बारूद और एक लूटी हुई सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार सफलतापूर्वक बरामद की गई।

दिनांक 23.12.2005 को कुख्यात मृत अपराधी ने दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल राम सिंह मीणा की अदालत परिसर के अंदर अंधाधुंध गोलीबारी करके हत्या कर दी थी और वह सिनेस्टार श्रीमती शिल्पा शेट्टी के पति की कंपनी से दिल्ली में दिनदहाड़े नकद लूट के लिए भी जिम्मेदार था। उसे कई सालों तक मकोका के तहत हिरासत में भी रखा गया था।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के श्री प्रशांत कुमार, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक प्रदान करने को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18/02/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/99/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 271-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
श्री आनंद ओरान	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.08.2019 को, संख्या 130853619 कांस्टेबल आनंद ओरान और संख्या 120604069 कांस्टेबल सुरेश चंद को बीओपी गोबरधा, एक्स-153वीं बटालियन बीएसएफ में क्रमशः एसीपी बिंदु संख्या 04 और 5 बी पर दूसरी शिफ्ट की एसीपी ड्यूटी (00:01 से 06:00) पर तैनात किया गया। लगभग 01:45 बजे, उन्होंने देखा कि बांग्लादेश की ओर से 10-12 मवेशी भरतकी ओर बढ़ रहे हैं। तस्कर धारदार दाह और लाठी लिए हुए आक्रामक मुद्रा में थे। कांस्टेबल आनंद ओरान ने उन्हें रुकने को कहा किंतु उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया, बल्कि उन्होंने एसीपी पार्टी पर लाठी से हमला किया और कांस्टेबल आनंद ओरान पर पथराव किया। कांस्टेबल आनंद ओरान ने तत्काल नजदीकी जांच चौकी और क्यूआरटी (रेडियो सेट के माध्यम से) को बल भेजने के लिए सूचित किया। तभी कांस्टेबल आनंद ओरान और एक बीडी तस्कर के बीच हाथापाई हो गई। इस बीच, कांस्टेबल सुरेश चंद, जो साथ वे ही एसीपी प्वाइंट पर ड्यूटी कर रहे थे, मदद के लिए कांस्टेबल आनंद ओरान की मदद के लिए दौड़े। हाथापाई के दौरान, बीडी तस्कर ने कांस्टेबल आनंद ओरान के पीएजी को उसके बट से पकड़ लिया और बीडी तस्कर द्वारा पीएजी को छीनने की प्रक्रिया में, बीडी तस्कर द्वारा पीएजी का ट्रिगर दब गया और पीएजी (लॉट केएफ-12) बट का एक राउंड नंबर 04 12162-ए चल गया जो कांस्टेबल आनंद ओरान को लगा। परिणामस्वरूप, कांस्टेबल आनंद ओरान को पेट के नीचे बाईं ओर की कमर में चोट लग गई। गंभीर चोट लगने के बाद भी, कांस्टेबल आनंद ओरान ने पीएजी पर अपनी पकड़ ढीली नहीं की और बीडी तस्कर को पकड़ लिया। इसी दौरान पास की ही एसीपी से कांस्टेबल सुरेश चंद तथा सीमा जांच चौकी गोबरदाह से क्यूआरटी दल पी.ओ.ओ. पहुंच गया और बीडी तस्करों पर काबू पा लिया। इसके बाद, कांस्टेबल आनंद ओरान को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया और कोलकाता के मेडिका सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उनका ऑपरेशन किया गया।

पूरे क्षेत्र की गहन तलाशी के दौरान पी0ओ0ओ0 से लगभग 83,690/- रु. मूल्य के 10 मवेशी, 02 लाठियां एवं 01 दाह जब्त किया गया और लगभग- 25 वर्ष (मुस्लिम/पुरुष) की उम्र के 01 बीडी तस्कर मिंटू सरदार, पुत्र नूर इस्लाम, गांव-जहानाबाद, डाकघर+पुलिस थाना+जिला-सतखिरा, बांग्लादेश को पकड़ा गया।

इस ऑपरेशन में, सीमा सुरक्षा बल के श्री आनंद ओरान, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक प्रदान करने को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20/08/2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/80/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 272-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते —

पुरस्कार प्राप्त करने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
श्री सुन्दर सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29.01.2021 को, बीओपी किस्टोपुर की दूसरे शिफ्ट की एसीपी पार्टी, जिसमें सं. 886888055 सहायक उप निरीक्षक/सामान्य ड्यूटी राकेश कुमार 09 ओआर सहित शामिल थे, को 00:01 बजे से 06:00 बजे तक सीमा चौकी सं.198/4-एस से सीमा चौकी सं.200/1-एस के बीच के सामान्य क्षेत्र में घात और गश्त (एसीपी) के माध्यम से इस क्षेत्र पर अधिकार स्थापित करने के लिए कहा गया।

लगभग 03:20 बजे, सहायक उप निरीक्षक/सामान्य ड्यूटी राकेश कुमार ने आईबीबी रोड पर गश्त करते समय आईबीबी रोड पर आईबीबी बाड़ गेट सं. 49 के समीप 2-3 लोगों की संदेहास्पद गतिविधि देखी, जो आईबीबी बाड़ के ऊपर से बांग्लादेश की तरफ कुछ फेंक रहे थे। वह तुरंत "पकड़ो-पकड़ो" चिल्लाए और उन्हें रुकने के लिए कहा किंतु भारतीय तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए।

अपने एसीपी कमांडर की आवाज सुनकर, सं. 012213263 कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी सुन्दर सिंह जो आईबीबी बाड़ के आगे गश्त कर रहे थे, गेट सं. 49 की ओर दौडे और आईबीबी बाड़ के आगे उन्होंने दो बांग्लादेशी तस्करों की उपस्थिति देखी। कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी को अपनी ओर आते हुए देखकर, दोनों बांग्लादेशी उपद्रवी बांग्लादेश की और भागने लगे। कांस्टेबल सुन्दर सिंह ने उन्हें रुकने के लिए कहा और लगभग 40 मीटर तक पीछा किया। उनका पीछा करते हुए, कांस्टेबल सुन्दर सिंह ने देखा कि 3-4 बांग्लादेशी उपद्रवी पास की झाड़ियों में भी छिपे हुए थे। एक अकेले बीएसएफ जवान को अपनी ओर आते हुए देखकर, 5-6 बांग्लादेशी तस्करों ने उन्हें घेर लिया। बांग्लादेशी तस्करों के पास तेज हथियार थे। स्वयं को तस्करों से घिरा पाकर, कांस्टेबल सुन्दर सिंह एक क्षण के लिए रुके, अपना राइफल लोड की और स्थिति का आकलन किया। इस बीच, एक बांग्लादेशी तस्कर ने अपनी टॉर्च की रोशनी उनकी आंख पर मारी जिससे उनकी आंखे कुछ समय के लिए चौंधिया गईं। कुछ समय के लिए उन्हें लगभग अंधा करके, एक तस्कर ने कूदकर उनके सिर पर जोर से वार किया, जबकि एक अन्य ने उन्हें पकड़ लिया और उनका हथियार छीनने की कोशिश की। बांग्लादेशी तस्करों से घिरे होने के बावजूद, कांस्टेबल सुन्दर सिंह ने अपने को छुड़ाया और भय में प्रतिक्रिया न देते हुए केवल तस्करों को अपने शरीर से और अपने हथियार से दूर रखने के आशय से आत्मरक्षा में एक राउंड गोली चलाई। उनका यह उपाय काम कर गया और अन्य तस्कर, यद्यपि वहां से नहीं भागे तथापि वे उनके नजदीक आने की हिम्मत नहीं कर सके। और, जो बांग्लादेशी तस्कर उनका हथियार छीनने की कोशिश कर रहे थे उन्होंने भय से उनका हथियार छोड़ दिया। जिस तस्कर ने कांस्टेबल सुन्दर सिंह के सिर पर वार किया था, उसने फिर से उन पर वार करने की कोशिश की, किन्तु इस बार कांस्टेबल सुन्दर सिंह ने न केवल उसके हमले से अपना बचाव किया बल्कि घायल होने के बावजूद अपनी राइफल के बट से उस पर जवाबी हमला किया। तस्कर उनके हमले को सह नहीं सका और गिर गया। कांस्टेबल सुन्दर सिंह उस पर कूद पड़े और उसे कसकर पकड़ लिया। इसी बीच, समीप ही ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के कर्मी भी घटना स्थल की ओर दौड़े। अन्य बीएसएफ कर्मियों को अपनी ओर आते देख, बाकी बांग्लादेशी तस्कर भाग गए। घायल होने के बावजूद, कांस्टेबल सुन्दर सिंह ने जिस तस्कर को पकड़ा हुआ था, उसे नहीं भागने दिया।

जब समीप के बीएसएफ कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे, तब उन्होंने बांग्लादेशी उपद्रवी को गिरफ्तार कर लिया और कांस्टेबल सुन्दर सिंह को बचाकर प्राथमिक चिकित्सा के बाद संयुक्त अस्पताल एसएचक्यू बीएसएफ मालदा ले जाया गया।

कांस्टेबल सुन्दर सिंह के बुद्धिमत्तापूर्ण, तेज और वीरतापूर्ण कार्य से न केवल कम से कम बल का प्रयोग करके एक बांग्लादेशी उपद्रवी को पकड़ा गया बल्कि 175 बोतल फैंसिडिल, एक मोबाइल फोन, एक लोहे के दाह और एक मेटल टॉर्च भी बरामद हुई। बांग्लादेशी तस्कर के पकड़े जाने और मोबाइल फोन बरामद होने से भारत-बांग्लादेश सीमा के दोनों तरफ उसके साथियों का पता लगाकर जांच में आगे मदद मिलेगी।

संख्या 012213263 कांस्टेबल सुन्दर सिंह एकनिष्ठ रहे, अपनी क्षमताओं पर विश्वास किया और पूरी घटना के दौरान स्थिति का अच्छी तरह से आकलन किया। उनके व्यक्तिगत स्वास्थ्य और उन्होंने जो किया उसमें उनके मंजे हुए तरीके ने तस्करी के प्रयास को निष्फल करने में बड़ी भूमिका निभाई। अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए उन्होंने निजी सुरक्षा पर विचार नहीं किया, अघातक तरीका अपनाया और इस ऑपरेशन को पूरा करने में न्यूनतम बल का प्रयोग किया। सिर पर चोट लगने और तस्करों के साथ लड़ाई में अकेला होने के बावजूद, कांस्टेबल सुन्दर सिंह ने 5-6 तस्करों को अकेले ही चुनौती देने के लिए दृढ़ संकल्प, बिना शस्त्र के मुकाबले में पेशेवर कौशल और असाधारण बहादुरी का परिचय दिया।

इस ऑपरेशन में, बीएसएफ के श्री सुन्दर सिंह, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30/01/2021 से दिया जाएगा।

(फाइल सं. 11020/203/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 273-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पुरस्कार प्राप्त करने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	रोहित तिवारी	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	गणेश हलदर	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

थाना रनिया, जिला खूंटी, झारखंड के पहाड़ी/जंगली क्षेत्र में दिनेश गोप (पीएलएफआई सुप्रीमो) और गुज्जू गोप (जोनल कमांडर) के नेतृत्व में आधुनिक हथियारों से लैस 8-10 खतरनाक माओवादियों के उपस्थित होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। तत्काल, 209 कोबरा द्वारा एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई, जिसमें क्षेत्र के भूगोल, निकलने के रास्ते, छिपने के संभावित ठिकाने और ऑपरेशन में शामिल टीमों के बीच समन्वय के तत्वों का अच्छी तरह विश्लेषण किया गया। 06 टीमों को मिलाकर, 03 टीमों को तलाशी और ध्वस्त करने के इस चुनौतीपूर्ण मिशन को पूरा करने का काम सौंपा गया।

श्री रोहित तिवारी, सहायक कमांडेंट टीम-1 की टीम संख्या 17 का नेतृत्व कर रहे थे। विस्तृत ब्रीफिंग के बाद सैनिक दस्ता 13 फरवरी, 2019 को 23:50 बजे मुख्यालय 209 कोबरा से लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ा। दस्ते समयांतराल रखते हुए एक-एक कर आगे बढ़े। टीम नम्बर 17 अग्रिम टुकड़ी थी। श्री रोहित तिवारी, सहायक कमांडेंट अपनी टीम के साथ, कुशलता से सबसे आगे चल रहे थे और अंधेरी रात में, कठिन परिस्थितियों के बीच घने जंगली इलाके/पहाड़ी क्षेत्र में आगे बढ़ रहे थे। वे पूरी गोपनीयता और औचकता बनाए रखते हुए मूवमेंट में समन्वय भी सुनिश्चित कर रहे थे।

चिन्हित क्षेत्र के नजदीक पहुंचने पर, श्री रोहित तिवारी, सहायक कमांडेंट ने अपने स्काउट ग्रुप को सचेत किया, आगे के इलाके का मुआयना किया और पूरी सतर्कता से, सूखे पत्तों और छोटे पत्थरों का कम से कम आवाज करते हुए आगे बढ़ते रहे। पौ फटने के साथ ही मूवमेंट खतरनाक होता जा रहा था। आगे बढ़ने के दौरान पहाड़ी की चोटी की ढलान पर और क्षितिज पर पहली रोशनी पड़ते ही घने जंगल में और झाड़ियों के बीच आगे कुछ संदेहास्पद गतिविधि देखी गई।

समय बर्बाद नहीं करते हुए श्री रोहित तिवारी, सहायक कमांडेंट ने टीम-1 और 2 के कमांडरों को अपनी स्थिति की जानकारी दी। साथ ही, अपने सैनिकों को शांत हो जाने तथा सतर्कता से गतिविधि पर नजर रखने का संकेत किया। अचानक, कुछ नक्सली, पेड़ के तने की ओट में दिखे। श्री रोहित तिवारी, सहायक कमांडेंट ने बिना समय गंवाए अन्य टीमों को नक्सलियों की स्थिति की जानकारी दी और उनसे बचने के रास्तों को घेरने के लिए कहा। नक्सली एक मजबूत घेराबंदी में फंस गए। अपने आस-पास सैनिक टुकड़ी की गतिविधि का आभास होने पर, उन्होंने टुकड़ी पर जोरदार गोलीबारी शुरू कर दी। एएनई से पहली गोली चलते ही श्री रोहित तिवारी, सहायक कमांडेंट यह समझ गए कि यह गोलीबारी आधुनिक हथियारों से की जा रही थी। तत्काल, उन्होंने अपनी टीम के साथ पोजिशन ले ली और नक्सलियों को सरेंडर करने के लिए कहा, किंतु इन्होंने इसे अनसुना कर दिया और घातक स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे। अत: विकल्पों के अभाव में सैन्य टुकड़ी ने नियंत्रित तरीके से हमले का जवाब दिया।

श्री रोहित तिवारी, अपने दुश्मन को छोड़ना नहीं चाहते थे। भारी गोलीबारी के बीच, वह एचसी/जीडी गणेश हैदर के साथ मैदान में डटे रहे और नक्सलियों पर जोरदार जवाबी हमला किया। गोलियों की गूँज से शांत जंगल एक भयंकर युद्ध क्षेत्र में बदल गया और वहां मौत का साया मंडराने लगा।

इस बीच, अन्य टीमों को माओवादियों को पीछे से घेरने के लिए कहा गया। दोनों माओवादी सीधे गोलीबारी की जद में थे और वे दुश्मन के विरुद्ध बहादुरी से जवाबी कार्रवाई कर रहे थे। श्री रोहित तिवारी, एसी, अच्छी तरह से जानते थे कि उनके साथी सैनिक उनका सहयोग नहीं कर सकते क्योंकि उन्होंने भागने के सामरिक रास्तों पर कब्जा कर रखा है; जिसे यदि छोड़ दिया जाता तो पूरी टीम की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती। इसलिए, विकल्प और समय नहीं होने के कारण, उन्होंने माओवादियों से आमने-सामने की लड़ाई का फैसला किया। पल भर में ही, वे तमाम खतरों को धता बताते हुए, अपनी आड़ से बाहर निकल आए और नक्सलियों के ठिकानों पर गोलियों की बौछार कर दी। फायरिंग करते हुए उन्होंने अपने स्काउट्स को नक्सलियों पर पीछे से हमला करने का निर्देश दिया। अपने बहादुर कमांडर के नक्शेकदम पर चलते हुए, एचसी/जीडी गणेश हैदर भी साहसपूर्वक गोलियों के बीच आगे बढ़े और माओवादियों पर हमला कर दिया।

जैसा कि कहा गया है, "भाग्य बहादुरों का साथ देता है", उस दिन, दोनों बहादुरों ने मौके को अपने नाम करने का दृढ़ संकल्प कर लिया था। दोनों के साहसी जवाबी हमले से नक्सली अचंभित रह गए। उन्होंने नक्सलियों की ताकत और बढ़त को तोड़ने के लिए उन पर फायरिंग तेज कर दी। दोनों डरने वाले नहीं थे। उन्होंने सभी बाधाओं को धता बताते हुए जवाबी हमला जारी रखा और आगे बढ़ते रहे। दोनों की बहादुरी को देखकर नक्सलियों में भय व्याप्त हो गया, और उनकी ओर से गोलीबारी कम हो गई और वे पीछे हटने की तैयारी करने लगे। उनकी योजना को भांपते हुए तथा उन्हें और कमजोर करने के लिए, श्री रोहित तिवारी, एसी, एचसी/जीडी गणेश हैदर ने अन्य सैनिकों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए नियंत्रित तरीके से जोरदार जवाबी हमला किया। दोनों के जोरदार हमले से विदेश निर्मित एचके -33 राइफल से लैस एक सशस्त्र नक्सली की मौत हो गई।

वे यहीं नहीं रुके। उनके हमले को नाकाम करने के बाद, दोनों ने भागते हुए नक्सलियों का पीछा किया, लेकिन उन्हें पकड़ नहीं पाए क्योंकि वे जंगल का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहे। शीघ्र ही पीछे की टुकड़ियां भी पीछे से कवर करते हुए मौके पर पहुंच गईं और घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया।

इस ऑपरेशन में, सीआरपीएफ के सर्व/श्री रोहित तिवारी, सहायक कमांडेंट और गणेश हलदर, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14/02/2019 से दिया जाएगा।

(फाइल सं. 11020/62/2020 -PMA)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 274-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पुरस्कार प्राप्त करने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	संजीत कुमार सिंह	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	स्वर्गीय रोहित कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
3	विनित अशोक मेश्राम	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	हनुमान राम	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
5	अजय सिंह	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
6	सुधिर कुमार	उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
7	बलबीर कुमार सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
8	मुकेश कुमार रंजन	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
9	अभिषेक कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
10	विजय उरॉव	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
11	कामठे सोमनाथ पोपटराव	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
12	भीम सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
13	कुम्भार नितिन सदाशिव	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

209 कोबरा को डूमरटोली/आमटोली गांव, थाना कमदारा, गुमला, झारखंड के पहाड़ी/जंगली इलाके में दिनेश गोप, जोनल कमांडर के नेतृत्व में पीएलएफआई सशस्त्र काडरों के एक समूह की उपस्थिति की सूचना मिली थी। तदनुसार, नक्सलियों को पकड़ने के लिए एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई। दो स्ट्राइक टीमों को इस ऑपरेशन को पूरा करने का काम सौंपा गया।

दिनांक 23 फरवरी, 2019 को, दोनों स्ट्राइक टीम उबड़-खाबड़ जमीन, बड़े पत्थरों, घनी झाड़ियों और विषम रास्तों को पार करते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ी और सुबह होने से पहले लक्ष्य के समीप पहुंच गईं। उस स्थान का विश्लेषण करते हुए, पार्टी कमांडर ने लक्षित क्षेत्र के चारों ओर बच निकलने के संभावित रास्तों पर सामरिक रोक लगा दी। नक्सली पत्थरों के पीछे छिप गए, सुरक्षा बलों की उपस्थिति भांपते हुए जवानों, कांस्टेबल/जीडी विजय उरॉव और हैड कांस्टेबल/जीडी बलवीर कुमार सिंह पर गोलियों की बौछार कर दी।

तत्काल, टीम कमांडर, श्री संजीत कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट ने सैन्य दल को सर्तक किया और क्षेत्र का मुआइना किया तथा पाया कि 06-08 सशस्त्र काडर सैनिकों पर गोलीबारी कर रहे हैं। उन्होंने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, किंतु नक्सलियों ने उनकी बात नहीं सुनी। नक्सली घातक स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे। श्री संजीत कुमार सिंह, एसी, ने पहले स्काउट्स की सहायता करने का निर्णय लिया और, तदनुसार, वे कांस्टेबल/जीडी अभिषेक कुमार और कांस्टेबल/जीडी कुम्भार नितिन सदाशिव के साथ जवाबी हमले में सहायता के लिए उनकी ओर बढ़े। गोलियों की बौछार के बीच, वे स्काउट के पास पहुंच गए और नक्सलियों से सीधी लड़ाई शुरू हो गई।

चूंकि नक्सली मजबूत सुरक्षा के पीछे थे, इसलिए जवाबी हमले का प्रभाव नहीं पड़ रहा था। इस बीच श्री संजीत कुमार सिंह, एसी ने नजदीक में ही एक सुरक्षित और बेहतर जगह देखी जहां से नक्सलियों पर अधिक प्रभावी तरीके से हमला किया जा सकता था। उन्होंने स्काउट को उस जगह की ओर संकेत किया और कांस्टेबल/जीडी अभिषेक कुमार और कांस्टेबल/जीडी कुम्भार नितिन सदाशिव की गोलीबारी के कवर में हैंड कांस्टेबल/जीडी बलबीर कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी विजय उरॉव के साथ उस ओर बढ़े। गोलियों की बौछार के बीच उन तीनों ने उस

मजबूत जगह पर कब्जा कर लिया और नक्सलियों पर साहसपूर्ण जवाबी हमला किया, जिसमें नक्सलियों की सुरक्षा टूट गई और उनमें से कई घायल हो गए। नक्सलियों ने पीछे हटना शुरू किया और उस स्थान से भागने की कोशिश की।

श्री संजीत कुमार सिंह, एसी, ने अपने छोटी सी टीम के साथ भागते हुए नक्सलियों का पीछा किया, और साथ ही नजदीक के सैन्य दल को उनके बचने के रास्ते बंद करने के लिए कहा। उप निरीक्षक/जीडी अजय सिंह, जो रास्ता रोके हुए थे, तुरंत अपनी टीम को लेकर भागते हुए नक्सलियों की दिशा में गए और उन्हें रोक लिया। इस बीच, श्री संजीत कुमार सिंह, एसी, भी अपनी एसएटी के साथ भागते हुए नक्सलियों के समीप पहुंच गए। एक ओर से कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार रंजन, कांस्टेबल/जीडी रोहित कुमार और कांस्टेबल/जीडी भीम सिंह के साथ एसआई/जीडी अजय सिंह और दूसरी ओर से, श्री संजीत कुमार सिंह, एसी, ने अपनी टीम के साथ नक्सलियों को घेर लिया। बचने के अपने प्रयास में, नक्सलियों ने सैन्य दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। हमारे सैन्य दल ने बहादुरी से इसका जवाब दिया और दो सशस्त्र नक्सलियों को मार गिराया। किंतु, बाकी नक्सली ऊंची-नीची जमीन और जंगल का फायदा उठाकर उस स्थान से भागने में सफल रहे।

अब तक, श्री विनित अशोक मेश्राम, एसी, ने दूसरी स्ट्राइक टीम का नेतृत्व करते हुए दुश्मन की स्थिति को भांप लिया। उन्होंने अपने साथी कमांडर श्री हनुमान, एसी से इस स्थिति पर चर्चा की और बचने के संभावित रास्तों पर तैनात हो गए। इस बीच श्री हनुमान राम, एसी ने कुछ नक्सलियों को देखा जो उस क्षेत्र से निकलने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने उन्हें रुकने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, किंतु नक्सलियों ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। नक्सलियों ने सैनिकों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। श्री हनुमान राम, एसी, नक्सलियों पर हमला करने के लिए सैनिकों के साथ गोलीबारी करते हुए और चपलता के साथ अपनी स्थिति बदलते रहे। उन्होंने नक्सलियों पर हमला किया और उनमें से कुछ को घायल कर दिया। एक बार फिर नक्सली पीछे हटने लगे, किंतु इस बार वह दूसरी दिशा में हटने लगे।

जब नक्सली छिपकर उस क्षेत्र से निकलने की कोशिश कर रहे थे, तभी एसआई/जीडी सुधिर कुमार और कांस्टेबल/जीडी कामठे सोमनाथ पोपटराव ने उन्हें देख लिया, एसआई/जीडी ने तुरंत इसकी सूचना श्री विनित अशोक मेश्राम, एससी, को दी और कांस्टेबल/जीडी कामठे सोमनाथ पोपटराव के साथ नक्सलियों की ओर बढ़े। उन्हें आते देखकर, नक्सलियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री विनित अशोक मेश्राम, एससी, कांस्टेबल/जीडी सुधिर कुमार और कांस्टेबल/जीडी कामठे सोमनाथ पोपटराव के साथ रेंगते हुए नक्सलियों की ओर बढ़े और उन पर हमला किया। बहादुर सिपाहियों के साहसपूर्ण हमले से नक्सलियों में भगदड़ मच गई। अपनी सटीक गोलीबारी से इन तीनों ने एक सशस्त्र नक्सली को मार गिराया और कई अन्य को घायल कर दिया। यह मुठभेड़ लगभग एक घंटे चली, जिसके बाद अलग-अलग दिशाओं से लगातार गोलीबारी होती रही।

पूरी तरह गोलीबारी रुकने के बाद, सैनिकों ने उस क्षेत्र में गहन तलाशी की। तलाशी के दौरान सैनिकों को दो एके 47 राइफल, दो .315 राइफल, तीन पिस्तौल, बड़ी मात्रा में गोला बारूद, और अन्य आपत्तिजनक सामानों के साथ तीन नक्सलियों के शव बरामद हुए।

इस ऑपरेशन में, सीआरपीएफ के सर्व/श्री संजीत कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट, स्वर्गीय रोहित कुमार, सिपाही, विनित अशोक मेश्राम, सहायक कमांडेंट, हनुमान राम, सहायक कमांडेंट, अजय सिंह, उप निरीक्षक, सुधिर कुमार, उप निरीक्षक, बलबीर कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल, मुकेश कुमार रंजन, सिपाही, अभिषेक कुमार, सिपाही, विजय उरांव, सिपाही, कामठे सोमनाथ पोपटराव, सिपाही, भीम सिंह, सिपाही और कुम्भर नितिन सदाशिव, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24/02/2019 से दिया जाएगा।

(फाइल सं. 11020/69/2020-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 275-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पुरस्कार प्राप्त करने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	विशाल कन्डवाल	कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	अजय बारो	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	चन्दन कुमार	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17 जून, 2020 को, चार आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना के आधार पर, 14 सीआरपीएफ, एसओजी शोपियां/जेकेपी और 44 आरआर द्वारा थाना और जिला शोपियां, जम्मू और कश्मीर के पिंजूरा गांव के मीर मोहल्ला में 23:30 बजे एक सीएएसओ लांच किया गया। श्री विशाल कन्डवाल, कमांडेंट 14 सीआरपीएफ, संयुक्त सैन्य दल के साथ लक्ष्य क्षेत्र पर पहुंचा और संदिग्ध लक्ष्य क्षेत्र के चारों ओर घेराबंदी कर दी।

आतंकवादियों के वहां होने की पुष्टि हो गई और तदनुसार, उनके बच निकलने को रोकने के लिए घेराबंदी सख्त कर दी गई। पुलिस ने आतंकवादियों से समर्पण करने की अपील की, किंतु उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। श्री विशाल कन्डवाल, कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी चंदन कुमार, एसओजी और आरआर को मिलाकर एक तलाशी दल लक्षित घरों की ओर बढ़ा। जब तलाशी दल लक्षित घरों की ओर बढ़ रहा था, तब 03 आतंकवादी घरों से बच निकलने की कोशिश कर रहे थे, किंतु तलाशी दल ने उन्हें देख लिया और उन्हें चुनौती दी। आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें आरआर के 03 कर्मी घायल हो गए। संयुक्त सैन्य दल ने उन्हें तुरंत वहां से निकाल लिया।

श्री विशाल कन्डवाल, कमांडेंट और उनकी टीम लगातार आतंकवादियों से मुकाबला करती रही जिसके कारण वे आंतरिक घेराबंदी को नहीं तोड़ सके। इस गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। स्थान और अंधेरे का फायदा उठाकर अन्य आतंकवादी पुन: घर के अंदर भागने में सफल रहे। यह मुठभेड़ कुछ देर चली।

आतंकवादी एक दो मंजिले कंक्रीट के मकान में छिपे थे जिसमें 12 फिट की टिन शीट की चारदीवारी थी। भारी गोलाबारी के बीच, आतंकवादियों ने पुन: बच निकलने का प्रयास किया, किंतु संयुक्त सैन्य दल की मजबूत और सामरिक घेराबंदी के कारण वे सफल नहीं हो पाए। आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच भारी गोलाबारी 08:30 बजे तक चलती रही जिसमें सैनिकों ने दो और आतंकवादियों को मार गिराया। तथापि, एक आतंकवादी फिर भी अलग-अलग स्थानों से गोलीबारी कर रहा था। इसी समय, श्री विशाल कन्डवाल, कमांडेंट और उनकी टीम लक्षित घर के और समीप बढ़े तथा आतंकवादियों पर लक्ष्य करके गोलीबारी की। भारी गोलाबारी के कारण, लक्षित घर में आग लग गई और आतंकवादी बचने के लिए घर से बाहर कूदा। श्री विशाल कन्डवाल, कमांडेंट और उनके साथी कांस्टेबल/जीडी अजय बारो, कांस्टेबल/जीडी चंदन कुमार के साथ आतंकवादियों से भीड़ गए और आमने-सामने की गोलीबारी में उसे मार गिराया।

मुठभेड़ के बाद तलाशी के दौरान, चार आतंकवादियों के शव बरामद हुए। उनकी पहचान हिजबुल मुजाहिदीन के रईस अहमद खान ऊर्फ इमाद खान, श्रेणी ए+, हिजबुल मुजाहिदीन के उमर अहमद धोबी, श्रेणी बी, हिजबुल मुजाहिदीन के सकलैन अमीन, श्रेणी सी और हिजबुल मुजाहिदीन के वकील अहमद नायक श्रेणी के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से 1 एसएलआर, 2 एस के 56 राइफल, 1 पिस्तौल, मैगजीन, गोलियां, हथगोले और अन्य विविध समान बरामद हुए।

इस ऑपरेशन में, सीआरपीएफ के सर्व/श्री विशाल कन्डवाल, कमांडेंट, अजय बारो, सिपाही और चंदन कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08/06/2020 से दिया जाएगा।

(फाइल सं. 11020/90/2021 -पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 276-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पुरस्कार प्राप्त करने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	अखण्ड प्रताप सिंह	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2	स्वर्ण गयारी	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24 अप्रैल, 2020 को, एसएसपी अवंतीपुरा से लगभग 23:00 बजे यह जानकारी प्राप्त हुई कि भारी हथियारों से लैस 2-3 आतंकवादी ग्राम गोरीपोरा, थाना अवंतीपुरा, जिला पुलवामा, जम्मू और कश्मीर में हैं। तदनुसार, 130 सीआरपीएफ, 50 आरआर और एसओजी/जेकेपी द्वारा एक सीएएसओ चलाया गया। श्री अखण्ड प्रताप सिंह, सहायक कमांडेंट को सीटीटी 130 सीआरपीएफ के साथ ऑपरेशन

के लिए आगे बढ़ने का निदेश दिया गया। सैन्य दल ने गोरीपोरा गांव के लगभग 5-6 संदिग्ध घरों की घेराबंदी की। तब, लगभग 03:45 बजे ओजीडब्ल्यू से गोरीपोरा गांव के दक्षिण पूर्व किनारे पर स्थित एक जंगली क्षेत्र में एक छिपने का ठिकाना होने की सूचना मिली।

आंतरिक घेराबंदी में सैनिकों के लिए यह वास्तव में एक कठिन और चुनौतीपूर्ण मुठभेड़ थी क्योंकि वे ठिकाने के लगभग तीन तरफ धान के खेत होने के कारण खुले में थे। सीटीटी 130 सीआरपीएफ को दो टीमों में बांटा गया। श्री अखण्ड प्रताप सिंह, एससी के नेतृत्व में टीम 1 लक्षित क्षेत्र के बाईं ओर से आगे बढ़ी, जबकि हेड कांस्टेबल/जीडी नंद किशोर के नेतृत्व में टीम 2 ने टीम 1 को सामरिक कवर दिया। लगभग 04:25 बजे तलाशी शुरू हुई और जब श्री अखण्ड प्रताप सिंह, एसी अपनी टीम के साथ संदिग्ध ठिकाने की ओर बढ़ने लगे तब आतंकवादियों ने उन पर ग्रेनेड से हमला किया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दल ने तत्काल अपना मोर्चा संभाल लिया और प्रभावी तरीके से जवाबी हमला किया।

दोनों ओर से गोलीबारी के बीच, आतंकवादी अपने छिपने के ठिकाने से बाहर आए और पहले से खोद कर रखे गए गड्ढों में छिपकर अपने को पोजीशन कर लिया तथा गोलीबारी जारी रखी। टीम 1 आतंकवादियों के गोलीबारी के सामने थी। गंभीर खतरे की चिंता न करते हुए, वह टीम 2 की कवर फायरिंग की सहायता से सतर्कता से आतंकवादियों की ओर बढ़े। श्री अखण्ड प्रताप सिंह, एसी ने उत्कृष्ट युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों की स्थिति के पास पहुंच गए और एक आतंकवादी को देखा जो टीम 1 पर अंधाधुंध फायरिंग कर रहा था। तत्काल कार्रवाई करते हुए वे हेड कांस्टेबल/जीडी स्वर्ण गयारी के साथ उस आतंकवादी की ओर बढ़े। दोनों ने अपनी प्रभावी गोलीबारी से उस आतंकवादी को नजदीक से मार गिराया। बाकी आतंकवादियों के साथ यह मुठभेड़ कुछ देर और चली, जिसमें सुरक्षा बलों ने उन सभी को मार गिराया और मुठभेड़ समाप्त हो गयी।

तलाशी के दौरान, तीन आतंकवादियों के शव बरामद हुए जिनकी पहचान शहीद मंजूर पिंचू ऊर्फ रिजवान भाई, श्रेणी "सी", शफात अहमद मीर, श्रेणी "सी" और मंसूर अहमद सौफी, ओजीडब्ल्यू के रूप में की गई। सभी आतंकवादी हिजबुल मुजाहिदीन संगठन के थे। घटना स्थल से 1 एके-47 राइफल, 1 9एमएम पिस्तौल, 2 यूबीजीएल लॉन्चर, मैगजीन, गोलियां, हैंड ग्रेनेड और अन्य विविध सामान तथा 30,000 रुपये नकद बरामद हुए।

इस ऑपरेशन में, सीआरपीएफ के सर्व/श्री अखण्ड प्रताप सिंह, सहायक कमांडेंट और स्वर्ण गयारी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24/04/2020 से दिया जाएगा।

(फाइल सं. 11020/95/2021 -पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 277-प्रेज/2021—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पुरस्कार प्राप्त करने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	सतनाम सिंह	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक के लिए प्रथम बार
2	जयंता हजोंग	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	सरोज कुमार प्रधान	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	राकेश पाटिल	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी फैयाज अहमद थोकर और एक अन्य आतंकवादी के छिपे होने की सूचना के आधार पर दिनांक 30 जुलाई, 2019 को लगभग 16:15 बजे, जेकेपी, 3 आरआर और 90 सीआरपीएफ द्वारा गांव काटू, थाना बिजबेहरा, जिला अनंतनाग में एक संयुक्त सीएएसओ लॉन्च किया गया था। क्यूएटी 90 सीआरपीएफ ने एसओजी अनंतनाग और 3 आरआर के साथ मिलकर 16:55 बजे गांव के दो संदिग्ध घरों की घेराबंदी की।

काटू गांव के बाहरी इलाके में घने बागों के बीच स्थित दो मंजिला इमारत के आसपास चार फायरिंग दलों को तैनात किया गया। कांस्टेबल/जीडी सतनाम सिंह और कांस्टेबल/जीडी राकेश पाटिल को घर की पश्चिमी छोर पर, श्री हेमंत कुमार, 90 सीआरपीएफ के 2 आईसी

ऑपरेशन को अपनी पार्टी के साथ पूर्वी छोर पर और कांस्टेबल/जीडी, जयंता हाजोंग और कांस्टेबल/जीडी सरोज कुमार प्रधान घर के दक्षिणी भाग की ओर तैनात थे। घर के उत्तरी हिस्से एसओजी और 3 आरआर ने कवर किया।

घर की घेराबंदी करने के बाद, घर के मालिक और उसके परिवार के सदस्यों तथा आस-पास के घरों में रहने वालों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। आतंकियों को समर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। लगभग 17:20 बजे, एक संयुक्त रूम इंटरवेंशन दल लक्षित घर के प्रवेश द्वार पर पहुंचा। आतंकवादियों ने पहले तल से इस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया और जवाबी कार्रवाई की।

घेरा तोड़ने और बागों में भागने के लिए, आतंकवादी अचानक घर के पश्चिमी दरवाजे से दिखाई दिए और सैनिकों पर हमला कर दिया। वहां तैनात कांस्टेबल/जीडी सतनाम सिंह और कांस्टेबल/जीडी राकेश पाटिल सतर्क थे और तुरंत हरकत में आ गए। आतंकवादियों की गोलीबारी से विचलित हुए बिना और जान गवाने के गंभीर खतरे के बावजूद, दोनों अपने मोर्चे से उठे और आतंकवादियों की ओर गोलियां चलाईं, जिनमें से एक की मौत हो गई। इस बीच, दूसरा आतंकवादी घर के दक्षिणी हिस्से की ओर भागा, जहां उसका सामना कांस्टेबल/जीडी जयंता हाजोंग और कांस्टेबल/जीडी सरोज कुमार प्रधान के दल से हुआ। भीषण मुठभेड़ हुई, जिसमें कांस्टेबल/जीडी जयंत हाजोंग और कांस्टेबल/जीडी सरोज कुमार प्रधान ने अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए आतंकवादी पर हमला कर दिया। अपनी सटीक फायरिंग से, उन्होंने आतंकवादी को मौके से भागने से पहले ही मार गिराया।

मुठभेड़ के बाद की तलाशी के दौरान, शान शौकत भट, निवासी असवारा, थाना बिजबेहरा, जिला अनंतनाग, जैश-ए-मोहम्मद का श्रेणी बी और फैयाज अहमद थोकर, निवासी पंजू, त्राल, जैश-ए-मोहम्मद का श्रेणी सी नामक 2 आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। मारे गए आतंकियों के पास से 1 एके 47 राइफल, 1 पिस्टल, मैगजीन और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

इस ऑपरेशन में, सीआरपीएफ के सर्व/श्री सतनाम सिंह, सिपाही, जयंता हजोंग, सिपाही, सरोज कुमार प्रधान, सिपाही और राकेश पाटिल, सिपाही, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30/07/2019 से दिया जाएगा।

(फाइल सं. 11020/175/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 278-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

सर्व/श्री

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1	स्वर्गीय दीप चंद वर्मा	हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक(मरणोपरांत)
2	जोहन बेक	सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
3	डी अययप्पन	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक
4	चावरे निलेश रमेश	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 01/07/2020 को, श्री जोहन बेक, सहायक कमांडेंड के नेतृत्व में जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के जवानों के साथ जी/179 सीआरपीएफ की 02 टुकड़ियां मॉडल टाउन, नोपोरा क्रांसिंग, सोपोर, बारामुला (जम्मू एवं कश्मीर) में नाका/सी.ई. आपरेशन ड्यूटी के लिए तैनात की गई। लगभग 0730 बजे, जब ये टुकड़ियां अपने ड्यूटी स्थल पर तैनात हो रहे थे और मोबाइल बी.पी. मोर्चा बना रहे थे अज्ञात आंतकवादियों, जो एक मस्जिद के भीतर पहले से ही स्थिति लिए हुए थे, क्रांसिंग को देख रहे थे, उनपर अंधाधुंद गोलीबारी चालू कर दी। सं. 031503039 एचसी/जोडी दीप चंद वर्मा ने मस्जित के अंदर से गोलीबारी कर रहे आंतकवादियों को भांप लिया और तुरंत ही एक चीनार के पेड़ के पास जगह बनाकर जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। वे आंतकवादियों की सीधी गोलीबारी की जद में थे। इस गोलीबारी के दौरान, एचसी/जीडी दीप चंद वर्मा को आतंकवादी की गोली लगी, परंतु उन्होंने घायल होने के बावजूद आंतकवादियों पर गोलीबारी जारी रखी। बाद में वे अपने घावों की वजह से वीरगति को प्राप्त हुए। यह एमसी/जीडी दीप चंद वर्मा की आतंकवादियों पर जवाबी कार्रवाई और मुठभेड़ ही थी जिससे श्री जोहन बेक, ए/सी, सं. 981160918 सीटी/जीडी डी. अययप्पन और सं. 055214758 सीटी/जीडी चावरे निलेश रमेश को अपनी स्थिति लेने और जवाबी कार्रवाई शुरू करने का मौका मिला।

मस्जिद से भारी गोलीबारी के कारण, श्री जोहन बेक, सहायक कमांडेंट ने क्रॉसिंग के नजदीक खड़ी हुई जिप्सी के पीछे जगह बनाते हुए तुरंत ही जवाबी गोलीबारी शुरू की। सं. 981160918, सीटी/जीडी डी. अययप्पन रणनीति के साथ बीपी ट्रक के निकट सड़क को पार करते हुए पहुँचे जोकि सड़क के दूसरी तरफ खड़ा हुआ था और बीपी ट्रक का आड़ लेते हुए अपनी जगह संभाली तथा भारी गोलीबारी करते हुए दूसरी तरफ से आतंकवादियों को उलझाया। इसके बाद, सीटी/जीडी डी. अययप्पन ने सोची समझी रणनीति के साथ अपनी जगह बदली और आंतकवादियों के ऊपर गोलीबारी करते रहे और टुकड़ी को हो सकने वाले भारी नुकसान से बचाया। सं. 055214758 सीटी/जीडी चावरे निलेश रमेश ने मस्जिद के पीछे की ओर की स्थिति संभाली जिस ओर से आंतकवादी टुकड़ियों के ऊपर गोली चला रहे थे और जो आंतकवादियों के संभवतः बच निकलने का रास्ता था।

गोलीबारी से बचकर निकलने का प्रयास कर रहे आंतवादियों पर गोलीबारी के दौरान, सीटी/जीडी चावरे निलेश रमेश को उनके दाए हाथ पर आंतकवादी की गोली लगी। सीटी/जीडी चावरे निलेश रमेश को घायल करने के बाद, आंतकवादी टीम की चादर वाले बाड़े को फांद कर बचकर निकल गए। सीटी/जीडी निलेश रमेश ने गोलीबारी जारी रखी। यह आपसी गोलीबारी लगभग 15 से 20 मिनट चली जिसमें आंतकवादी को भी गोली लगी और इसका पता घटना स्थल पर खून के निशान से चला। टुकड़ियों ने आंतकवादियों को प्रभावी डंग से उलझाए रखा, जिससे तकवादी पीछे हटने को मज़बूर हो गए। सं. 031503039 एचसी/जीडी दीप चंद वर्मा ने बल की सर्वोच्च परंपरा को निभाते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए वीरगति प्राप्त की।

इस अभियान के दौरान, 179 वाहिनी के सं. 031503039 शहीद एससी/जीडी दीप चंद वर्मा, श्री जोहन बेक, सहायक कमांडेट (आईआरएलए.11174), सं. 055214758 सीटी/जीडी चावरे निलेश रमेश और सं. 981160918 सीटी/जीडी डी.अययप्पन ने उच्चतम स्तर की वीरता, कर्तव्य के प्रति समर्पण प्रोफेशनलिज्म और अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया। उनके साहस, सतर्कता, निडरता और निःस्वार्थ कार्रवाई ने हमले से घिरी हुई टुकड़ियों के लोगों की जान की रक्षा की। इसके अतिरिक्त, 02 एके मैग्जीन, 20 एके राउंड (7.62x39 एमएम) तथा 52 खाली एके खोखे (7.62 x 39 एमएम) बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में, सीआरपीएफ के सर्व/श्री स्व. दीप चंद वर्मा, हेड कांस्टेबल, जोहन बेक, सहायक कमांडेंट, डी अययप्पन, सिपाही और चावरे निलेश रमेश, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किए जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01/07/2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/181/2021-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 279-प्रेज/2022—राष्ट्रपति, राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
स्व. श्री कनई माजी	सिपाही	वीरता के लिए पुलिस पदक(मरणोंपरांत)

उस सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18 फरवरी 20 को, पीएलजीए वाहिनी 1 और सीआरसी सदस्यों की सशस्त्र माओवादियों के बड़ी संख्या में इकट्ठा होने के संबंध में मिली जानकारी के आधार पर, सुकमा जिले के सालाटोंग गांव के जंगली क्षेत्र में, लगभग 15:50 बजे पलोदी शिविर, पीएस किस्टाराम से 208 कोबरा की 9 टीमों ने एक अभियान की शुरुआत की।

